RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 230
फरीदाबाद, बुधवार, 28 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana






डैथ ओवरों में गेंदबाजी बेहतर करना चाहेगी टीम इंडिया
पेज - 12


तृतीय माता चंद्रघंटा



मणिपुर चक्र में इनका ध्यान किया जाता है। कष्टों से मुक्ति और मोक्ष प्राप्ति के लिए इन्हें भेजा जाता है।

मंत्र- 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चंद्रघंटायै नमः।'


● विस्तृत खबर पेज-11


## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,107 | ▼ | 37.70 | |
| निफ्टी | 17,007 | ▼ | 8.90 | |
| सोना | 49,359 | ▲ | 209 | /10 gm |
| चांदी | 55,920 | ▲ | 568 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम $32.00^0C$
न्यूनतम $24.00^0C$

## क्विक न्यूज

### आशा पारेख को मिलेगा दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि दिग्गज अभिनेत्री आशा पारेख को 2020 के दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि दादा साहब फाल्के पुरस्कार को भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। भारतीय सिनेमा जगत आज जिस मुकाम पर है इसे वहां तक लाने में आशा पारेख का बहुत बड़ा योगदान रहा है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि इस साल दादा साहब फाल्के पुरस्कार बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री आशा पारेख को दिया जाएगा। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाली वह 52वीं हस्ती होंगी।

### कांग्रेस नेता ने एयर होस्टेस से दुष्कर्म किया, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के महरौली इलाके में रविवार को दुष्कर्म के आरोपी को पीड़ित ने घर में बंद कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने डायल 112 पर फोन करके उसे गिरफ्तार करा दिया। साउथ दिल्ली के डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया- महरौली पीसीआर में एक महिला ने डायल 112 पर फोन किया। महिला एयर होस्टेस है। जब मौके पर पुलिस पहुंची तो महिला ने बताया कि हरिजीत यादव नामक शख्स ने, जिसे वो पिछले डेढ़ महीने से जानती है, शराब के नशे में उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने कमरे में बंद हरिजीत को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

### सुप्रीम कोर्ट में पहली बार संविधान पीठ की कार्यवाही का सीधा प्रसारण

**नयी दिल्ली।** सुप्रीमकोर्ट ने मंगलवार को पहली बार अपनी संविधान पीठ की कार्यवाही का सीधा प्रसारण शुरू किया। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर, 2018 को, भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा ने संवैधानिक महत्व के मामलों की कार्यवाही के सीधे प्रसारण या वेबकास्ट को लेकर ऐतिहासिक निर्णय लिया था। एक अधिकारी ने कहा कि कार्यवाही को उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। सोमवार को चीफ जस्टिस यूयू ललित ने कहा था कि अदालत की कार्यवाही के सीधे-प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) के लिए 'यूट्यूब के इस्तेमाल के बजाय इसका अपना 'प्लेटफॉर्म' होगा। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता में हाल ही हुई बैठक में 27 सितंबर से सभी संविधान पीठ की कार्यवाही के सीधे प्रसारण का फैसला लिया था। यह निर्णय इस संबंध में 2018 में एक फैसला सुनाए जाने के लगभग चार वर्ष बाद लिया गया।

जापान में दोस्त का जिक्र कर भावुक हुए पीएम

# भारत आपको याद कर रहा है शिंजो आबे : मोदी

**एजेंसी।** टोक्यो



**जापान** के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का मंगलवार को स्टेट फ्यूनरल कार्यक्रम टोक्यो के निप्पॉन बुडोकन कम्युनिटी सेंटर में किया गया। यहां भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 700 से ज्यादा वर्ल्ड लीडर ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद नेशनल एंथम हुआ और आबे को 19 तोपों की सलामी दी गई। आबे की याद में दो मिनट का मौन भी रखा गया। शिंजो आबे की आठ जुलाई को गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पारिवारिक तौर पर शिंजो का अंतिम संस्कार 15 जुलाई को कर दिया गया था, लेकिन मंगलवार को जो स्टेट फ्यूनरल हुआ वो प्रतीकात्मक था। इस फ्यूनरल का लोग अब भी विरोध कर रहे हैं। निप्पॉन बुडोकन के बाहर लोगों का प्रदर्शन जारी है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो में अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा से मंगलवार को मुलाकात की। इस मौके पर मोदी ने किशिदा से कहा कि मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भारत-जापान के संबंध और प्रगाढ़ होंगे और नई ऊंचाई हासिल करेंगे। वहीं, किशिदा ने आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में आने को लेकर मोदी का आभार व्यक्त किया। आबे के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखने वाले मोदी ने कहा कि मैं पूर्व प्रधानमंत्री आबे के आकस्मिक निधन से बेहद दुखी हूं। उन्होंने भारत-जापान संबंधों को एक ऊंचे मुकाम पर पहुंचाया और कई क्षेत्रों में संबंधों का विस्तार भी किया। मोदी ने अपनी पिछली जापान यात्रा को याद करते हुए कहा कि उस दौरान उनकी आबे के साथ लंबी बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि भारत आपको याद कर रहा है शिंजो आबे।


### अंतरराष्ट्रीय समूहों व संस्थानों में एक साथ काम करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

**किशिदा** के साथ मुलाकात के दौरान मोदी ने द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ एक मुक्त, खुले व समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए आबे के योगदान को याद किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और जापान की विशेष रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने और क्षेत्र में तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समूहों व संस्थानों में एक साथ काम करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री किशिदा के साथ सार्थक बैठक की। कई द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की। पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के निधन पर संवेदना भी व्यक्त की।

मदुरै में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी जैसी वारदात

# छात्राओं की न्यूड वीडियो बना प्रेमी को भेजती थी छात्रा, दोनों गिरफ्तार

**एजेंसी।** चेन्नई



**तमिलनाडु** के मदुरै शहर एक युवती की ओर से हॉस्टल की लड़कियों की न्यूड फोटो और वीडियो बनाकर प्रेमी को शेयर करने का एक नया मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला बीते गुरुवार को दर्ज किया गया था, लेकिन अब सामने आया है। फिलहाल, दोनों मदुरै सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस ने बताया कि मदुरै में बीएड की छात्रा जननी ने अपने हॉस्टल की अन्य लड़कियों की कपड़े बदलते और नहाते हुए की तस्वीरें और वीडियो बनाईं। फिर उन्हें व्हाट्सएप पर रामनाथपुरम कामुदी के रहने वाले अपने प्रेमी को भेज दिया, जो पेशे से डॉक्टर है।

पुलिस ने बताया कि एक दिन आरोपी हॉस्टल की लड़कियों का वीडियो बना रही थी, तभी कुछ लड़कियों को उस पर शक हुआ। इस पर उन्होंने उसका फोन चेक किया। फोटो गैलरी में कई लड़कियों के वीडियो और तस्वीरें मिलीं। इसके बाद हॉस्टल वार्डन को बुलाया गया, जिन्होंने मदुरै अन्ना नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# पीएफआइ के 170 कार्यकर्ता गिरफ्तार, जामिया में धारा 144

## दिल्ली के शाहीन बाग से पीएफआइ के 30 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआइए) और ईडी ने मंगलवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के कई ठिकानों पर छापेमारी की। देश के आठ राज्यों से इस संगठन के 170 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली के शाहीन बाग में एनआइए ने रेड करके पीएफआइ से जुड़े 30 लोगों को हिरासत में लिया है। शाहीन बाग में इस एक्शन के बाद केंद्रीय पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। टीम ने मोबाइल फोन और अन्य डिवाइस समेत कई दस्तावेज भी अपने कब्जे में लिए हैं। वहीं, जामिया नगर में धारा 144 लागू कर दी गई है। यहां दो महीने तक चार या उससे ज्यादा लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति नहीं है। जामिया यूनिवर्सिटी ने सर्कुलर जारी करके छात्रों से भीड़ इकट्ठा न करने को कहा है।

ईडी ने खुलासा किया है कि पीएफआइ के हजारों सदस्य खाड़ी देशों में एक्टिव हैं, जो संगठन के लिए धन जुटाने का काम करते हैं। इन पैसों को अबू धाबी के एक रेस्तरां से मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए भारत भेजा जाता था। पीएफआइ ने मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए पिछले साल 120 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पीएफआइ का दावा था कि ये पैसे देशभर में दान से जुटाए गए हैं, जबकि ईडी की जांच में पता चला कि संगठन ने फर्जी दान रसीद बनाकर भारत में मनी लॉन्ड्रिंग से धन जुटाया और अधिकारियों को गुमराह किया। महाराष्ट्र से 15, कर्नाटक के कोलार से छह और असम से 25 पीएफआइ कार्यकर्ताओं को पकड़ा गया है। एनआइए और नौ राज्यों की एटीएस एक साथ एक्शन में है। यह पीएफआइ पर छापेमारी का दूसरा राउंड है। पहले राउंड में गिरफ्तार कार्यकर्ताओं से पूछताछ में खुलासा हुआ था कि इनका नेटवर्क पूरे देश में फैल चुका है। इनके मध्य प्रदेश सहित ज्यादातर राज्यों में सिमी से जुड़े होने के भी सबूत मिले हैं। इसके बाद देशभर की इंटेलिजेंस और सुरक्षा एजेंसियों ने पीएफआइ नेटवर्क खंगालने की कवायद शुरू की। 20 राज्यों और 100 से ज्यादा शहरों में इनका सर्विलांस शुरू हुआ। पता चला कि पीएफआइ को खाड़ी देशों और बड़े मुस्लिम कारोबारियों से चंदा मिल रहा है।

इसके अलावा महाराष्ट्र के औरंगाबाद, जालना, सोलापुर और परबनी में रेड की गई। मध्यप्रदेश एटीएस ने सोमवार रात भोपाल, उज्जैन, इंदौर समेत आठ जिलों में पीएफआइ सदस्यों के ठिकानों पर रेड की है। जांच एजेंसी ने 22 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एटीएस को इन संदिग्धों की जानकारी पूर्व में पकड़े गए चार आरोपियों की पूछताछ में मिली थी। एटीएस की कार्रवाई अभी जारी है।

### एनआइए की टीम ने 30 लोगों को हिरासत में लिया

**दिल्ली** के शाहीन बाग में एनआइए की टीम ने मंगलवार सुबह छापा मारकर 30 लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें से कुछ के बारे में एनआइए को पुख्ता सूचना मिली थी, जबकि कुछ को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया है। इस एक्शन के दौरान पूरे शाहीन बाग में केंद्रीय सुरक्षा बल सीआरपीएफ की तैनाती कर दी गई है। शाहीन बाग में ही सीएए-एनआरसी के खिलाफ कई महीने तक लगातार प्रदर्शन हुआ था।

### उत्तर प्रदेश में छापेमारी कर 16 लोगों को उठाया

**उत्तर** प्रदेश एटीएस ने मंगलवार सुबह गाजियाबाद, मेरठ और बुलंदशहर में छापेमारी कर 16 लोगों को उठाया है। गाजियाबाद से 12, मेरठ से 3 और बुलंदशहर से एक संदिग्ध को उठाया है। एटीएस को इनपुट मिले हैं कि ये सभी पीएफआइ से जुड़े हुए हैं। एटीएस ने यह कार्रवाई सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात की है। एटीएस ने बुलंदशहर में पीएफआइ से जुड़े वकील को भी उठाया है।

### असम में 25 कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया

**असम** के सात जिलों में कार्रवाई के दौरान पीएफआइ के 25 कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया है। असम पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि कामरूप ग्रामीण से पांच, गोलपाड़ा से 10, करीमगंज से एक, उदलगुड़ी से एक, दरंग से एक, धुबरी से तीन, बारपेटा से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों का एक्शन अभी जारी है। गुजरात एटीएस ने सोशल मीडिया पर देश विरोधी पोस्ट के मामले में सोशल मीडिया ग्रुप्स से जुड़े मामले में कार्रवाई की, जिसके बाद आठ लोगों को हिरासत में लिया गया। ये लोग कुछ सोशल मीडिया ग्रुप्स से जुड़े हुए थे और वहां आपत्तिजनक कंटेंट पोस्ट किया जा रहा था।

# हरियाणा में बाल विवाह शून्य घोषित, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

## 15 से 18 वर्ष की लड़की से वैवाहिक संबंध होंगे अवैध

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़




**हरियाणा** में बाल विवाह शून्य घोषित हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संबंधित कानून को मंजूरी दे दी है। अब किसी पुरुष और 15 से 18 वर्ष के बीच की लड़की के बीच वैवाहिक संबंध बनाना अवैध माना जाएगा। बाल विवाह निषेध (हरियाणा संशोधन) विधेयक, 2020 सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद लागू किया गया था। शीर्ष अदालत ने फैसला दिया था कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम, 2012, एक विशेष कानून होने के नाते भारतीय दंड संहिता 1860 और 15 से 18 वर्ष की आयु की नाबालिग पत्नी के साथ यौन संबंध पर लागू होता है।

सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य विधायिकाओं के लिए कहा था कि यह बुद्धिमानी होगी कि वे बाल विवाह को शून्य बनाने के लिए कर्नाटक द्वारा अपनाए गए मॉडल को अपनाएं और यह सुनिश्चित करें कि एक नाबालिग लड़की और उसके पति के बीच यौन संबंध पोक्सो अधिनियम के तहत एक दंडनीय अपराध है।

गृह मंत्रालय की ओर से जानकारी दी गई है कि नए कानून के तहत अब जाली दस्तावेजों पर बने पंजीकरण रद्द होंगे। विधेयक के अधिनियम के बाद रजिस्ट्रार कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछ सकता है कि पंजीकरण रद्द क्यों नहीं किया जाना चाहिए और उत्तर पर विचार करने के बाद पंजीकरण रद्द कर सकता है।

इसमें एक और प्रावधान है जो रजिस्ट्रार के आदेश से असहमत किसी भी व्यक्ति को इसे रद्द करने के 30 दिनों के भीतर महानिरीक्षक के पास अपील दायर करने की अनुमति देता है। वर्तमान में पंजीकरण अधिनियम, 1908 के प्रावधान पंजीकरण अधिकारी या किसी अन्य प्राधिकारी को धोखाधड़ी और प्रतिरूपण के आधार पर एक बार पंजीकृत दस्तावेज को रद्द करने का अधिकार नहीं देते हैं, जिससे उन लोगों को गंभीर कठिनाई होती है, जिन्होंने धोखा दिया गया है।







नजरबंदी की थीं अफवाहें, अब हुई स्थिति साफ

# एससीओ से लौटने के बाद पहली बार दिखे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग

**एजेंसी।** बीजिंग



**चीनी** राष्ट्रपति शी जिनपिंग मंगलवार को एससीओ समिट से लौटने के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आए हैं। चीन के सरकारी टेलीविजन के मुताबिक सितंबर के मध्य में उज्बेकिस्तान से लौटे शी जिनपिंग पहली बार नजर आए हैं। अगले महीने कम्युनिस्ट पार्टी की मीटिंग होने वाली है, जिसमें शी जिनपिंग को लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति चुना जाएगा। इसके अलावा वह पीएलए के अध्यक्ष भी बने रहेंगे।

कहा जा रहा है कि शी जिनपिंग को माओत्से तुंग के बाद सबसे महान नेता का दर्जा दिया जाएगा। इससे साफ है कि शी जिनपिंग चीन में बेहद कद्दावर नेता बन गए हैं और लंबे समय तक उनका शासन बना रह सकता है। बता दें कि शी जिनपिंग के उज्बेकिस्तान से लौटने के बाद ऐसी अफवाहें फैल गई थीं कि उन्हें पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने नजरबंद कर लिया है। यह अफवाहें बहुत तेजी से फैली थीं, लेकिन बाद में पता चला कि विदेश दौरे से आने के बाद वह होम क्वारेंटाइन हो गए थे। कुछ ट्वीट्स में यह भी दावा किया गया था कि बीजिंग और आसपास के शहरों में उड़ानें कम हो गई हैं। एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें पीएलए की गाड़ियां गुजरती दिख रही थीं। उस वीडियो को लेकर कहा गया था कि चीन की सेना बीजिंग की ओर बढ़ रही है। हालांकि ऐसे तमाम दावे गलत साबित हुए थे। बता दें, शी जिनपिंग ने उज्बेकिस्तान में आयोजित एससीओ की मीटिंग में हिस्सा लिया था। इसमें भारत के पीएम नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत कई राष्ट्राध्यक्ष मौजूद थे। लेकिन लौटने के तुरंत बाद ऐसी चर्चाएं शुरू हो गई थीं कि क्या उन्हें नजरबंद कर लिया गया है। इसकी वजह यह थी कि वापसी के बाद वह नजर नहीं आए थे। बाद में पता चला कि वह कोरोना से निपटने की जीरो कोविड पॉलिसी के तहत होम क्वॉरेंटाइन हो गए थे। अब शायद वह पीरियड पूरा हो गया है, इसलिए अब बाहर निकले हैं।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 33.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 23.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- डीसी कार्यालय में सीटों के आरक्षण का ड्रा : सुबह 11 बजे
- मंदिरों में नवरात्रों के तीसरे दिन की पूजा : सुबह 7 बजे
- एनएच-पांच, एक नम्बर समेत, सेक्टर-14 डीएवी स्कूल, दशहरा ग्राउंड और ग्रेफ समेत विभिन्न कमेटियों के मंचों पर रामलीलाओं का मंचन : रात्रि 8 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीड़ी शुरू : सुबह 8 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन : सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

**निवेश** का अर्थ है अपनी अतिरिक्त पूंजी या धन को ऐसी जगह लगाना जहां से अतिरिक्त धन प्राप्ति या आय की संभावना हो। महान निवेशक वॉरेन बफेट के अनुसार भविष्य में और अधिक धन प्राप्त करने के लिए पैसा लगाने की प्रक्रिया को निवेश कहते है। निवेश का लक्ष्य आपके पैसे को एक या एक से अधिक प्रकार के निवेश के साधनों में लगाना है जिससे कि समय के साथ साथ आपका पैसा बढ़ सके। बचत और निवेश में अंतर को भी समझें।

**यूटीलिटी न्यूज**

### रोजगार मेला कल

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पखवाड़ा के तहत 29 सितम्बर बुधवार को स्थानीय सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की अध्यक्षता केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर करेंगे। युवाओं को स्व रोजगार के लिए आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। डीसी विक्रम ने कहा कि रोजगार मेले में बेरोजगारों को स्व रोजगार देकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार युवाओं को कौशल के आधार रोजगार मुहैया करवाया जाएगा। मण्डल रोजगार अधिकारी सुनीता यादव ने कहा कि रोजगार मेले में जिला फरीदाबाद की कंपनियों को भागीदार बनाया जाएगा। जहां युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। इसके लिए सरकार ने एनसीआर में सीक्रेट पॉलिसी बनाई गई। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र में सक्षम युवाओं को स्व रोजगार देने में सरकार हर संभव मदद की जा रही है।

**क्विक न्यूज**

### हमेशा हो एचटेट प्रमाणपत्र की मान्यता

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार ने अपने उस फैसले को वापस ले लिया है जिसमें पहले उसने कहा था कि एचटेट पास प्रमाण पत्र की मान्यता उम्र भर रहेगी। हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने सरकार के इस फैसले का विरोध किया है। एक ही परीक्षा बार-बार पास करना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। 2020 में इसे उम्र भर के लिए कर दिया। अब सरकार अपने इस निर्णय से पीछे हट रही है। सरकार के इस निर्णय से एक लाख से ज्यादा एचटेट पास अभ्यर्थियों को नुकसान होगा और वह रेगुलर भर्ती के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे। इसके लिए उन्हें पुन: एचटेट परीक्षा पास करनी होगी। सरकार ने यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि एचटेट पास प्रमाण पत्र की वैधता अब कितने साल की है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व विधि सलाहकार एडवोकेट बीएस विरदी ने कहा है कि कई शिक्षाविद ऐसे हैं जिन्होंने दो बार एचटेट की परीक्षा उत्तीर्ण करके एचटेट पास प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। उन्हें अभी तक रेगुलर नौकरी नहीं मिली।

# एचएसवीपी सेक्टरों से जल्द हटाएगा अतिक्रमण और अवैध निर्माण

## रिहायशी और व्यवसायिक इलाकों के अवैध निर्माणों को जारी किए नोटिस

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम की रिहायशी कॉलोनियों की तरह एचएसवीपी के ज्यादातर सेक्टरों की सूरत भी लगातार बिगड़ती जा रही है। एनआइटी इलाके की सूरत बिगाड़ने के बाद भूमाफिया की नजर एचएसवीपी के सेक्टरों पर भी पड़ चुकी है। ऐसे में भूमाफिया द्वारा विभिन्न सेक्टरों में भी जगह-जगह नियम ताक पर रखकर बिल्डर फ्लोरों का निर्माण कराया जा रहा है।

काफी संख्या में बिल्डर फ्लोर बन भी चुके हैं। जिसके कारण एचएसवीपी के विभिन्न सेक्टरों में कई तरह समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं। आबादी बढ़ने की वजह से कई सेक्टरों में सीवर ओवरफ्लो और पेयजल की किल्लत हो रही है। ऐसे में सेक्टर के लोग बिल्डर फ्लोर के निर्माण का विरोध भी कर रहे हैं। इसके अलावा एचएसवीपी के व्यवसायिक बाजार में बड़े पैमाने पर लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। कई स्थानों पर भूमाफिया द्वारा ग्रीनबेल्टों पर भी कब्जा कर व्यवसायिक गतिविधियां चलाई जा रही हैं। सेक्टर वासियों द्वारा लगातार शिकायतें करने के कारण अब एचएसवीपी ने मामले में ठोस कदम उठाने का फैसला किया है। ऐसे में एचएसवीपी द्वारा विभिन्न रिहायशी अथवा व्यवसायिक इलाकों में अवैध निर्माण और अतिक्रमण करने वाले लोगों को नोटिस जारी करने शुरू कर दिए हैं। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ एचएसवीपी द्वारा अभियान चलाया जाएगा।



सेक्टर 12 स्थित एचएसवीपी का कार्यालय।


समस्याओं का गढ़ बनता जा रहा है सेक्टर 21 सी।

### बिगड़ रही है सेक्टरों की सूरत

**नगर** निगम अधिकारियों की लापरवाही अथवा भ्रष्टाचार की वजह से एनआईटी इलाके का स्वरूप तो पहले ही बुरी तरह बिगड़ चुका है। अब शहर के सेक्टर भी इसी राह पर चल पड़े हैं। सेक्टरों की आबादी के मुताबिक निर्माण के दौरान एचएसवीपी द्वारा यहां संसाधन जुटाए गए थे। इन 25 से 30 वर्षों के भीतर पहले ही सेक्टरों की आबादी बढ़ चुकी है। अब यहां फ्लैटों का निर्माण होने से आबादी कई गुणा बढ़ रही है। जिसके कारण अब सेक्टरों में सीवर जाम की समस्या लगातार गंभीर रूप धारण करती जा रही है। वहीं सेक्टरों में पानी की समस्या से भी लोगों को आए दिन परेशान होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ बिल्डरों द्वारा कई जगह ग्राउंड फ्लोर में स्टिल्ट पार्किंग की जगह मकान बनाकर बेचे जा रहे हैं। ऐसे में इन फ्लैटों में रहने वाले लोग अपनी गाड़ियों को सड़क किनारे खड़ी करते हैं। जिससे सेक्टरों में पार्किंग की समस्या भी विकराल रूप धारण करती जा रही है। इसके बावजूद एचएसवीपी के अधिकारी इस ओर जरा ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहे हैं।

### सेक्टरों में चारों तरफ अतिक्रमण

**एचएसवीपी** की लापरवाही से विभिन्न सेक्टरों में जहां देखो वहीं अतिक्रमण नजर आते हैं। एचएसवीपी के विभिन्न सेक्टरों पर अभी काफी खाली जमीन पड़ी हुई है। जिन पर लोगों ने अलग-अलग तरीकों से कब्जे किये हुए हैं। सेक्टरों की ग्रीन बेल्टें भी अतिक्रमण का शिकार हो चुकी हैं। लोगों ने ग्रीनबेल्टों पर रैम्प बनवा कर पक्का कर लिया है। सेक्टरों की ग्रीनबेल्टों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर दुकानें लगाई जाती हैं। सेक्टरों में स्ट्रीट वैंडर जोन होने के बावजूद बाजारों में रेहड़ी और फड़ लगाने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। कई स्थानों पर ग्रीनबेल्टों पर पक्के फड़ बनाकर सब्जी और फलों के बाजार लगाए जा रहे हैं। एचएसवीपी द्वारा लाखों रुपये की लागत से बनाई गई साइकिल ट्रैक पर भी जगह-जगह लोगों ने अवैध कब्जे कर लिये हैं। बड़खल अनखीर रोड पर सेक्टर 48 से अनखीर चौक तक एचएसवीपी की ग्रीनबेल्ट पर लोगों ने बड़े पैमाने पर कब्जे किये हुए हैं। शहर को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम की तरह एचएसवीपी के अधिकारियों को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।


बिल्डर फ्लोर का सांकेतिक फोटो।

### लगातार बढ़ रही हैं समस्याएं

**पिछले** कुछ वर्षों से एचएसवीपी के सेक्टरों में एनआइटी की तरह धड़ल्ले के साथ बिल्डर फ्लोरों का निर्माण किया जा रहा है। परिवार बढ़ने की समस्या को देखते हुए प्रदेश सरकार ने स्टिल्ट पार्किंग के साथ चार मंजिल इमारत बनाने की मंजूरी दी थी। इसके साथ कई नियम और शर्तें भी लागू की थीं, लेकिन बिल्डरों द्वारा सभी कायदे कानून ताक पर रखकर फ्लोरों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में सेक्टरों में आबादी भी बढ़ती जा रही है। जिसके कारण शहर के विभिन्न सेक्टरों में सीवर जाम और ओवरफ्लो की समस्या लगातार गंभीर रूप धारण करती जा रही है।

शहर के अन्य हिस्सों की तरफ सेक्टरों में भी आए दिन पेयजल की किल्लत होने लगी है। वहीं बाजारों में दुकानदारों ने बरामदों पर तो कब्जा किया हुआ है। साथ ही कई दुकानदार आगे की जगह का किराया भी वसूल रहे हैं। जिसके कारण सेक्टरों में पार्किंग की समस्या भी गंभीर रूप धारण करती जा रही है। कई सेक्टरों के बाजारों के आसपास तो अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिस कारण एचएसवीपी ठोस कदम उठाने जा रहा है।

### बिगड़ रही सेक्टरों की हालत



**आरडब्ल्युए** सेक्टर 21सी के प्रधान जगदीश चौहान का कहना है कि सेक्टरों में बिल्डिंग बायलॉज के विपरीत पांच मंजिला इमारतों का निर्माण तो हो ही रहा है। साथ इनमें से कई इमारतों का व्यवसायिक इस्तेमाल भी हो रहा है। सेक्टर 21 सी की पांच मंजिला इमारत में पीजी चलाया जा रहा है। वहीं कई मकानों में अवैध रूप से गेस्ट हाउस चल रहे हैं। जिसके कारण लगातार समस्या बढ़ने से सेक्टर स्लम में तब्दील हो रहे हैं।

# श्री धार्मिक लीला कमेटी में हुआ सीता स्वयंवर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनएच-** पांच स्थित श्री धार्मिक लीला कमेटी के मंच पर रामलीला में सीता स्वयंवर हुआ। इसबारे में निदेशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि इसमें प्रभुराम ने स्वयंवर का प्रण पूरा कर धनूष को तोड़कर सीता से विवाह रचाया।

प्रथम दृश्य में राजा जनक के दरबार में विश्वामित्र, राम व लक्ष्मन के साथ कई राजा स्वयंवर में आये और राजा जनक की आज्ञा से रावजी ने स्वयंवर में सीता की प्रतिज्ञा सबको बताई। कई राजाओं ने जोर लगाया लेकिन धनुष न तोड़ सके उसके बाद रावण जनक के दरबार में आता है और शिव धनुष को तोड़े बिना सीता को ले जाना चाहता है जहां लक्ष्मन और रावण के तीखे संवाद होते है रावण का अभिनय कर रहे तजिन्द्र खरबंदा व लक्ष्मन का किरदार निभा रहे राजीव खरबंदा ने अपने गरजीले संवादों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। जब कोई राजा धनुष को नहीं तोड़ सका तो राजा जनक का रोल कर रहे रोहित खरबंदा ने दुखी होते हुए सभी क्षत्रियों को कायर कह डाला तो लक्ष्मन ने गुस्से में राजा जनक को बहुत कुछ कहने लगे तो विश्वामित्र की आज्ञा से राम ने धनुष को तोड़ा तो रामलीला का पंडाल सीयापति राम चन्द्र की जय के नारों से गूंज गया।

राम का किरदार निभा रहे जितेश गेरा व सीता का अभिनय कर रही रिद्धि खरबंदा ने अपने अभिनय की अटूट छाप छोड़ी। अगले दृश्य में प्रशुराम क्रोधित होकर जनक के दरबार में गरजते हैं वहां उनकी लक्ष्मन से तकरार हुई और फिर राम ने प्रशुराम के कहने पर उनके धनुष पर चिला चढ़ाया तो प्रशुराम श्रीराम के चरणों में गिरकर कहते हैं राम अवतार हो चुका है। प्रशुराम के किरदार में परवीन बत्तरा ने बहुत ही बहतरीन अभिनय करके दर्शकों की तालियां बटोरीं। अंत में ढोल नगाड़ों के साथ राम बारात निकाली गई जिसमें सभी दर्शक नाचते गाते राम बारात मे गए।


एनएच पांच स्थित श्री धार्मिक लील कमेटी के मंच पर रामलीला का मंचन करते कलाकार।

# भरत को मिलेगी राजगद्दी, राम जाए वन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एक** नम्बर मोर्केट में स्थित श्री विजय रामलीला कमेटी अपने स्वर्णिम मंच पर रामलीला देखने वाले लोगों में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। रामलीला शुरू होने के साथ यहां दर्शकों की भीड़ भी लगातार बढ़ती जा रही है। रामलीला के कलाकार शानदार अभिनय दिखाकर लगातार दर्शकों की तालियां बटोर रहे हैं।

प्रथम दृश्य में राम के लिए राज सिंघासन की घोषणा की और अंतिम दृश्य में उन्हें वन की राह दिखा दी, इसी का नाम नियति है। पहले दृश्य में दशरथ बने सुनील कपूर ने दरबार में मंत्रीगणों, गुरु वशिष्ठ और प्रजा के मत से भगवान राम के लिए राजतिलक की घोषणा की। जो बात मन्थरा (आशीष भाटिया) को एक आंख नहीं भाई और उसने रानी कैकयी (निमिश सलूजा) की बुद्धि फिराई। मन्थरा कैकयी संवाद ने दर्शकों की खूब तालिया बटोरी और इसके बाद मार्मिक दृश्य कोप भवन दर्शाया गया, जहां बेरहमी से एक मां अपने ही आज्ञाकारी बेटे के लिए चौदह साल का वनवास मांगा और कोख जाए पुत्र भरत के लिए अयोध्या का सकल राज्य। दशरथ के रोल में कमेटी के चेयरमैन सुनील कपूर ने दृश्य को जीवंत कर दर्शकों का दिल जीता। इसी मंच से निकलेंगे श्री राम वनों को। माता जानकी और लक्ष्मण के आग्रह पर वो भी साथ वन के राह लेंगे और राम वियोग में होगा दशरथ का स्वर्ग गमन।


एनएच वन स्थित विजय राम लीला कमेटी के मंच पर राम लीला का मंचन करते कलाकार।

# जिला एथलेटिक प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एथलेटिक** संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि सात से नौ अक्तूबर तक रोहतक में होने वाली राज्य प्रतियोगिता में खेलने के लिए चयन प्रक्रिया को एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के नियमानुसार एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर 12 खेल परिसर में किया गया।

जिला संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह बताया कि 18 साल में 400 मीटर दौड़ में करुणा, रितिका, 600 मीटर दौड़ में हनी मलिक, दिक्षा भारद्वाज, आस्था ने पदक जीते। दिव्या भारद्वाज, कीर्ति ने 800 मीटर दौड़, 300 मीटर दौड़ में मानसी नागर, प्राची शर्मा, तान्या भारद्वाज, 60 मीटर दौड़ में अंजलि, दिक्षा भारद्वाज और अरना शर्मा ने स्थान प्राप्त किए। तनु और यशिका ने 100 मीटर में, 400 मीटर दौड़ में रितिका गौर, 3000 मीटर दौड़ में बाणी, आरती ने 3000 मीटर रेस वाक में, 1500 मीटर दौड में रीमा और कृतिका, 100 मीटर दौड में करुणा, योगिता, साक्षी, 400 मीटर दौड़ में पदक जीते। ओमवीर सिंह ने बताया कि 400 मीटर दौड़ में यश अत्री, कुशल पाल और मोहित, 100 मीटर दौड़ में सुशांत, उमेश, यश, 60 मीटर ध्रुव, सूरज और आर्यन ने पदक जीते। 600 मीटर दौड़ में अर्पित, हरिओम, तनिष महावार, 800 मीटर दौड़ में दीपांशु सैनी, भविष्य और भूपेंदर, 300 मीटर दौड़ में सुशांत, अजय खान, प्रिंस ने पदक जीते। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को जिला संघ के अध्यक्ष एडवोकेट भगत सिंह, एथलेटिक कोच पवन कुमार, साजिद हुसैन, भूपेंदर सिंह बूरा, कुलदीप ठाकुर, घनश्याम, मनीष गिरी, सन्नी, यासीन, संजय शर्मा, साधूराम दहनिया, जगत भडाना और हरित धनखड़ ने बधाई दी।


सेक्टर 12 खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी पदक के साथ।

# आईआईटी दिल्ली में हुई प्रतियोगिता में मॉडर्न बीपी प्रथम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**संजय** कॉलोनी सेक्टर-23 के निकट स्थित मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने एक बार फिर परचम लहराया है। आईआईटी दिल्ली की तरफ से आयोजित बुट कैम्प प्रोग्राम में मॉर्डन बीपी स्कूल के विद्यार्थियों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया है। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न सेंट्रल स्टेट सीबीएसई और स्टेट बॉर्ड के स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

प्रतियोगिता में देशभर के कुल 453 स्कूल शामिल थे। जिसमें मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आईआईटी दिल्ली में अपनी एक कोडिंग बना कर ट्रॉफी और सर्टीफिकेट जीतकर वाहवाही लूटी। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार और प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार ने बच्चों को बधाई दी और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल के प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार ने बताया कि बुट कैम्प प्रोग्राम में बच्चे एप बनाते हैं। इसमें एक कोर्डिंग कॉम्पटीशन होता है। जिसमें हमारे स्कूल के बच्चों ने एक कोर्डिंग एप बनाया था। यह एप बच्चों ने सिर्फ एक घंटे के समय में तैयार करके दिखाया। जिस पर स्कूल के बच्चों ने प्रथम एवं दुसरा स्थान प्राप्त किया है।

उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान पाने वालों में यामिनी पायल, यश वर्मा, सचिन कुमार और दीशिका सिंह शामिल रहे। दूसरा स्थान पाने वालों में निखत, अमित गिरी, हिमांशु सिंह और रजत कुमार शामिल रहे। जितेन्द्र परमार ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने बॉयोमैटिक अटैंडेंस सिस्टम बनाया था। जिसमें फिंगरप्रिंट स्कैन होते ही वहां से एक एसएमएस संस्थान के मालिक के पास और एक एसएमएस कर्मचारी के पास पहुंच जाएगा। जिससे दोनों को ही सही समय की जानकारी हो जाएगी और ये सारा रिकॉर्ड ऑनलाइन रहेगा। जिसे कोई भी देख सकता है। इस कोडिंग एप को बनाने में अटल लेब के इंचार्ज नवीन जोशी का अहम योगदान रहा।


दिल्ली में जीतकर लौटे बच्चों के संग मॉर्डन बीपी स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार और प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




न होते आँख में मोती तो फिर कुछ भी नहीं होता
नज़र कुछ ख़्वाब ना बोती तो कुछ भी नहीं होता
मैं अक्सर सोचता रहता हूँ मेरी ज़िंदगानी में
तेरी आवाज़ ना होती तो कुछ भी नहीं होता

# नई शिक्षा नीति देश के विकास में कारगर: राज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि हरियाणा सरकार विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विद्यार्थियों को हुनरमंद हुनर के अनुसार शिक्षा देने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। बच्चे बड़े होकर अपने हुनर के क्षेत्र में काम करेंगे और उसका बेहतर क्रियान्वयन करेंगे। यह सरकार की नई शिक्षा नीति का ही बेहतर परिणाम होगा। जिससे इस शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन से राष्ट्र के विकसित निर्माण करने में विद्यार्थियों का अहम योगदान होगा। जिस बच्चे की अच्छी कौशल विकसित होगी तो वह उसका व्यक्तित्व भी बढ़ेगा और वह आत्मनिर्भर भी होगा।

महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मंगलवार को स्थानीय सूरजकुंड के विवान्ता बाई ताज होटल में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में प्राइड आफ इंडिया अवॉर्ड -2022 के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर हरियाणा एजुकेशन क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम हरियाणा एजुकेशन क्लब द्वारा आयोजित किया गया।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि गत सप्ताह ही मैंने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का दौरा कर व कई आधुनिक लैबों का जायजा लिया और इनोवेशन कौशल मॉडल स्कूल का शुभारंभ किया। यह स्कूल पूरे देश में अपनी तरह का स्कूल है। मेरा आपसे अनुरोध है कि आज कौशल शिक्षा की मांग को देखते हुए शिक्षण संस्थाएं स्किल कक्षाओं की व्यवस्था करें। इसके साथ-साथ सभी स्कूलों में एक-एक पीरियड (कक्षा) ऐसी होनी चाहिए जिसमें संवैधानिक व भारतीय मूल्यों, देशभक्ति, समानता, न्याय और बंधुत्व के बारे में छात्रों को शिक्षा दी जाए ताकि हमारे स्कूल आदर्श नागरिक बना सकें। बच्चों में शुरू से ही मूल्यों, अनुशासन, व्यवहारिक शिष्टाचार और देश के प्रति प्रेम का झुकाव होना चाहिए।

हरियाणा एजुकेशन क्लब के प्रधान डाक्टर रमेश डागर ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का क्लब की तरफ से तहेदिल से भूरी-भूरी प्रशंसा करके स्वागत किया। हरियाणा एजुकेशन क्लब सीनियर प्रतिनिधि सीबी रावल ने महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जी का हरियाणा एजुकेशन क्लब की तरफ से समापन समारोह में धन्यवाद किया।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सन्दीप जोशी, डीसीपी नितीश अग्रवाल, एसडीएम पंकज सेतिया, हरियाणा एजुकेशन क्लब के प्रधान डाक्टर रमेश डागर, कोर्डिनेटर अनिल रावल, गौरव पराशर, दीपक यादव, उद्यम सिंह अधाना, अजीत डागर, डाक्टर सीवी सिंह, राखी शर्मा, वजीर डागर सहित अन्य शिक्षा विद् मौजूद रहे।


हरियाणा एजुकेशन क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के साथ यादगार फोटो खिचवाते शिक्षाविद।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**देश** की आजादी के लिए शहीदे आजम भगत सिंह ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। अंग्रेजी हुकूमत की गुलामी खत्म करने के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले महान शहीद की याद में जज्बा फाउंडेशन व एनजीओ प्रकोष्ठ के द्वारा शाहिद भगत सिंह को सच्ची श्रदांजलि अर्पित करने के लिए सेक्टर-12 स्थित रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के द्वारा सर्व प्रथम शहीदों की याद में पौधारोपण किया। तपश्चात सभी रक्तदातों को रक्तदान के लिए बधाई दी। बिजेन्द्र सिंह सौरोत (सचिव जिला रेडक्रॉस सोसाइटी) ने भी सभी रक्तदातों को रक्तदान के फायदों की जानकारी साझा की और प्रत्येक तीन माह में रक्तदान करने की अपील की गई। जज्बा फाउंडेशन चेयरमैन हिमांशु भट्ट ने बताया कि संगठन द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता रहता है। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में हमारे शहीदों के भारत की कल्पना से है वो जैसा देश चाहते थे उस क्षेत्र में देश का प्रत्येक युवा कार्य कर सके और इसके साथ हमारे शहीदों को उनके जन्मदिवस अवसर पर रक्तदान सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से शिवम पांडेय, जसवंत पंवार, दीपक आजाद, गौरव ठाकुर, अजय डागर, सुनील सैनी, पवन चौधरी हिमांशु भट्ट, राहुल वर्मा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


सेक्टर 12 स्थित रेडक्रॉस भवन में शहीदे-ए- आजम भगत सिंह की जंयती पर आयोजित शिविर में रक्तदान करने वाले युवक को प्रमाण पत्र देते जज्बा फाउंडेशन के सदस्य।

# शहर के मंदिरों में दूसरे दिन हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

## नवरात्रों के तीसरे दिन आज होगी चंद्रघंटा मां की पूजा अर्चना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**सिद्ध पीठ महाकाली मंदिर में नवरात्र के अवसर पूजा करते भक्तगण। श्री महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में आरती करते भक्तगण।**

**शहर** के मंदिरों में मंगलवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। जिसके तहत मंदिरों में पूरी तैयारी दिखी। पुजारियों ने बताया कि दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली देवी की संज्ञा दी जाती है। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। मां के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं।

**वैष्णो देवी मंदिर :** सिद्धपीठ श्री वैष्णोदेवी मंदिर में प्रातःकालीन आरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मां ब्रह्मचारिणी की भव्य पूजा की। इस अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि नवरात्रों के विशेष अवसर पर मंदिर के कपाट चौबीस घंटे खुले रहते हैं। उन्होंने बताया कि माता ने ब्रह्मचारिणी के रूप में फल-फूल के आहार से 1000 साल व्यतीत किए, और धरती पर सोते समय पत्तेदार सब्जियों के आहार में अगले 100 साल और बिताए। जब मां ने भगवान शिव की उपासना की तब उन्होंने 3000 वर्षों तक केवल बिल्व के पत्तों का आहार किया। अपनी तपस्या को और कठिन करते हुए, मां ने बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिया और बिना किसी भोजन और जल के अपनी तपस्या जारी रखी, माता के इस रूप को अपर्णा के नाम से जाना गया।

**काली मंदिर :** तिकोना पार्क में स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर में दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के प्रधान राकेश ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से मिलने वाले फल को बताया। जिसमें उन्होंने मां के हर रूप की पूजा विधि और कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मां ब्रह्मचारिणी की कथा जीवन के कठिन क्षणों में भक्तों को संबल देती है।

**बांके बिहारी मंदिर :** एनएच-पांच स्थित बांके बिहारी मंदिर में ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। इस बारे में ललित गोसाईं ने बताया कि दूसरे दिन पूजा करने में बच्चों की संख्या भी थी, क्योंकि इस पूजा में ब्रह्मचर्य का पालन करने वाले विद्यार्थी भी भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्व सिद्धि प्राप्त होती है।

### आज करें मां चंद्रघंटा की पूजा, दूर होंगे पांचों विकार : मुनिराज

**फरीदाबाद।** राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक महंत मुनिराज ने बताया कि चंद्रघंटा मां की पूजा करने से भक्तों के पांचों विकार दूर होते हैं। तीसरे दिन मां के अर्द्धचंद्र को धारण किया हुआ है। मस्तक पर चंद्रमा और हाथ में घंटा लिए हुए मां चंद्रघंटा के स्वरूप की पूजा की जाती है। शुंभ व निशुंभ नाम के दो राक्षसों ने समस्त देवताओं पर आक्रमण कर दिया। अचानक हुए आक्रमण से देवता घबरा गए। उस समय देवताओं ने मां दुर्गा की स्तुती की। उसी दौरान चंड और मुंड ने मां भगवती को युद्ध के लिए ललकारा। दोनों राक्षसों ने अपने दूतों को मां भगवती को केश पकड़ कर लाने के लिए भेजा। तब मां भगवती ने उन्हें कहा कि अरे मूर्खो तब तक गर्जना कर लो, जब तक कि मैं मधु का पान कर रही हूं। ऐसा कहकर उन्होंने चंड मुंड का वध कर दिया। तब सब देवताओं ने विजय उत्सव मनाया। तब मां का चामुंडा व चंद्रघंटा नाम पड़ा। उन्होंने बताया कि चंद्रघंटा मां की पूजा करने से पांचों विकारों पर विजय प्राप्त करने का साहस मिलता है। जो मनुष्य के विजय शत्रु हैं। जिसमें काम, क्रोध, मोह, लोभ व अहंकार इन सबके ऊपर विजय प्राप्त होती है एवं स्वयं यश की प्राप्ति होती है।

# अपराधियों पर प्रहार : नशा तस्करों की 24 सम्पत्तियों को पुलिस ने किया ध्वस्त

## नशा तस्कर बिजेंद्र उर्फ लाला के परिवार के तीन मकान, 18 दुकानें और तीन गोदाम गिराए

## नशा तस्कर परिवार पर दर्ज हैं 32 मुकदमे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अवैध निर्माण ढहाती नगर निगम की जेसीबी।**

**अपराधियों** पर शिकंजा कसने के लिए जिला प्रशासन एवं फरीदाबाद पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। सरकार के आदेश अनुसार मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नशा तस्कर बिजेंद्र उर्फ लाला द्वारा अवैध तरीके से कमाई करके सेक्टर 22 ऐरिया मे सरकारी जमीन पर बनाई गई 24 इमारतें को ध्वस्त किया है।

तोड़फोड़ के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट के अलावा डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा, डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान, एसीपी विष्णु प्रसाद, एसीपी सुखबीर सिंह, एसएचओ मुजेसर सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। जिनकी देखरेख में तोड़फोड़ की कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न की गई।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नशा तस्करी के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पिछले कुछ दिनों में फरीदाबाद पुलिस ने अवैध तरीके से कमाई गई काफी संपत्ति ध्वस्त की हैं। मंगलवार को फरीदाबाद पुलिस ने नशा तस्कर बिजेंद्र उर्फ लाला पुत्र जॉनी द्वारा नशा व शराब तस्करी करके केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा करके बनाए गए गई 25 इमारतों को ध्वस्त किया है जिसमें 18 दुकानें, तीन मकान, तीन गोदाम और एक ऑफिस शामिल है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की करीब ढाई एकड़ जमीन पर कई जगह अवैध कब्जे किए हुए थे जिसे कब्जा मुक्त करवाकर सीपीडब्ल्यूडी के हवाले किया गया।

प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे हटाने का नोटिस दिया गया था। इसके पश्चात जिला उपायुक्त विक्रम कुमार के दिशा निर्देश पर नायब तहसीलदार बड़खल सुरेश कुमार, नायब तहसीलदार धौज करण कुमार तथा एमसीएफ एक्सईएन पदम भूषण को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। तोड़फोड़ से एक दिन पहले डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के नेतृत्व में फ्लैग मार्च भी निकाला था। नशा तस्कर लाला व उसके परिजनों के अपराधों की लिस्ट बहुत लंबी है। शुरू में वह शराब तस्करी करने लगा और वर्ष 2011 से अवैध मकान बनाकर रह रहा है। इसके पश्चात आरोपी हत्या, नशा तस्करी, लड़ाई झगड़ा जैसी वारदातों में शामिल रहा। आरोपी लाला और उसके परिवार के खिलाफ फरीदाबाद में 32 मुकदमे दर्ज हैं जिसमें 21 मुकदमे लाला के खिलाफ, सात उसके भाई कन्हैया, तीन लाला की साली तथा एक लाला की मां के खिलाफ है। लाला कई बार जेल की हवा खा चुका था। आज फरीदाबाद पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा लाला द्वारा अवैध तरीके से बनाई गई इमारतों को ध्वस्त करके अपराधी लाला के काले साम्राज्य को खत्म किया गया है।

फरीदाबाद पुलिस की अपराधियों को कड़े शब्दों में चेतावनी है कि या तो वह गलत धंधे छोड़कर कोई अच्छा काम शुरू कर दें। पुलिस द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की सूची तैयार की जा रही है जिनके खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई इसी प्रकार जारी रहेगी।

# दोस्त की हत्या कर शव ठिकाने लगाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## मृतक रवि की पत्नी ने शिकायत देकर गुमशुदगी का कराया था मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**हत्या के आरोप में गिरफ्तार संदीप और सचिन।**

**मई** माह में मृतक रवि (32 वर्ष) की पत्नी ने अपने पति की गुमशुदगी की शिकायत दी थी। जिसपर मुकदमा दर्ज कर रवि की तलाश की जा रही थी। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा क्राइम ब्रांच डीएलएफ को मामले में कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए एसीपी क्राइम सुरेन्द्र श्योराण के मार्ग दर्शन में क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राजीव कुमार की टीम ने तफ्तीश में रवि हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्या में शामिल मुख्य आरोपी सहित दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप (34 वर्ष) और सचिन (25 वर्ष) अनंगपुर गांव के रहने वाले हैं। आरोपी संदीप और मृतक रवि दोनों ड्राइवर का काम करते थे। आरोपी सचिन अपनी दूध की डेरी पर काम करता है। आरोपी संदीप मृतक रवि के घर पिछले 10 साल से आता जाता था। मृतक को संदीप का घर आना जाना पसंद नहीं था। मृतक के घर आने जाने के लिए मना करने पर दोनों में झगड़ा हो गया था। मुख्य आरोपी संदीप ने मृतक को इसी रंजिश के चलते शराब पिलाकर अपनी गाड़ी में बैठा कर सुरजकुंड पाली रोड पर ले जाकर रुमाल से गला दबाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। क्राइम ब्रांच टीम एएसआई विजय, एएसआई कुलदीप, सिपाही अजीत की टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से मुख्य आरोपी संदीप को सेक्टर-31 एरिया से तथा आरोपी सचिन को खौरी गांव से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि करीब दो साल पहले घर आने-जाने की बात पर झगड़ा हो गया था। जिसकी रंजिश के कारण आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में हत्या की धारा को जोड़ दिया गया है। मामले में पूछताछ के लिए आरोपियों को अदालत में पेश पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में पूछताछ जारी है।

# रोजगार एवं विदेशी मुद्रा अर्जन को पर्यटन क्षेत्र महत्वपूर्ण

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के पर्यटन विभाग द्वारा मंगलवार को विश्व पर्यटन दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा एवं ट्रेवल एंड टूरिज्म एक्सपर्ट कोमल बर्मन ने छात्राओं के साथ अपने अनुभव साझा किए।



उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढावा देने के लिए विश्व स्तर पर 27 सितंबर 1980 से प्रति वर्ष इस दिवस को विश्व पर्यटन दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिसके लिए विद्यार्थियों में आवश्यक कौशल का होना जरूरी है। उन्होंने छात्राओं के साथ इंडस्ट्री के अपने अनुभव भी सांझा किए। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने सभी छात्राओं एवं स्टॉफ सदस्यों को विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं पर्यटन क्षेत्र में अपना करियर बना रही है, यह महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश में रोजगार एवं विदेशी मुद्रा अर्जन के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना अति आवश्यक है।

# जिला शिक्षा अधिकारी के निलंबन को लेकर प्रदर्शन

## महायज्ञ आयोजित कर की गई भ्रष्टाचारियों को सबुद्धि मिलने की कामना : जसवंत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के सामने हवन करते युवा आगाज संगठन के सदस्य।**



**सेक्टर 12 लघु सचिवालय के गेट पर प्रदर्शन करते युवा आगाज संगठन के सदस्य।**

**जिले** में पिछले काफी समय से लगातार शिक्षा विभाग, नगर निगम, तहसील व अन्य विभागों में हो रहे घोटालों एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा आगाज संगठन की ओर से मोर्चा खोला गया है।

इसी कड़ी में मंगलवार शहीद भगत सिंह जयंती के अवसर पर छात्र संगठन की ओर से भ्रष्टाचारियों को सबुद्धि मिलने की कामना को लेकर महायज्ञ का आयोजन किया। महायज्ञ का आयोजन सेक्टर 12 डीसी ऑफिस के समक्ष किया। महायज्ञ में छात्र संगठन छात्रों के अलावा युवाओं ने भी खासी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया। युवा आगाज संगठन के अध्यक्ष जसवंत पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले में विभिन्न विभागों में लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार के प्रति सरकार को जगाना है। उन्होंने कहा कि यह सरकार के ढीले रवैया का नतीजा है जोकि भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाए जाने के बावजूद भी जिला शिक्षा अधिकारी आज भी अपने पद पर बनी हुई है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार किसी भी क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को पूरा नहीं कर रही है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस महायज्ञ के दौरान युवाओं ने शहीद भगत सिंह को याद करते हुए उनके पद चिह्नों पर चलते हुए उनकी विचारधारा को जीवित रखने की शपथ ली।

युवा आगाज संगठन के महासचिव दीपक आजाद ने कहा कि युवाओं के शपथ ग्रहण करने का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ रहे भ्रष्टाचार को खत्म करना है। यदि समाज का युवा भ्रष्टाचारियों के प्रति सचेत रहेगा तो भविष्य में हम भ्रष्टाचार मुक्त समाज की नीव रख सकते हैं।

# बरसात और दो दिनों के अवकाश के बाद बढ़े मरीज

## दवाओं का इतना टोटा कि साढ़े तीन रुपये का इंजेक्शन तक नहीं

**कविता।** फरीदाबाद



**बीके अस्पताल के दवा काउंटर पर मौजूद मरीजों की भीड़।**



**वायरल हो रही पोस्ट की फोटो।**

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में रविवार और सोमवार के अवकाश के बाद मंगलवार को दो हजार मरीज इलाज करवाने पहुंचे। जिसमें सबसे अधिक बुखार, त्वचा रोगों और कान, नाक व गले के मरीज थे। वहीं अपातकालीन कक्ष में भी पिछले दो दिनों से बुखार, पेट से सम्बंधित बीमारियों के मरीज अधिक हैं। लेकिन अस्पताल में बुखार और रेनटेक के इंजेक्शनों का भारी टोटा है। यहां तीन रुपये 60 पैसे वाले इंजेक्शन भी लोगों को उपलब्ध नहीं है। वहीं मरीजों को यहां दवाइयां पूरी नहीं मिल पा रही है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी कर्मचारियों ने दे रखी हैं, लेकिन न जाने क्यों उपलब्ध नहीं हो रही। समाजसेवियों द्वारा मरीजों के लिए यहां जरूरत पड़ने पर इंजेक्शन उपलब्ध करवाये जाते है।

बुधवार से शुरू हुई चार दिनों की बरसात और रविवार के अलावा 23 और 26 सितम्बर के अवकाश के बाद मरीजों की संख्या बढ़ गई। बरसात के कारण मौसम ठंडा होने से बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई। बरसात के कारण त्वच रोगों के मरीज भी बढ़े हैं। मौसम के प्रभाव से लोगों को ईएनटी सम्बंधित परेशानियां हो रही है। बुखार व पेट दर्द के मरीज अपातकालीन कक्ष में और स्पेशलिस्ट को दिखाने वाले मरीज मंगलवार को ओपीड़ी में पहुंचे। मंगलवार को अस्पताल पहुंचे मरीजों की संख्या दो हजार से अधिक थी।

**नहीं मिली दवा :** मरीजों ने बताया कि पहले वे घंटों कार्ड की लाईनों में सुबह से खड़े रहे। इसके बाद चिकित्सकों से जांच की लाइनों में और फिर दवा काउंटर पर घंटों खड़े रहे। लेकिन ओपीडी के डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाईयों में से मात्र एक या दो ही दवाइयां उन्हें मिली। किसी किसी को तो पूरी दवाइयां मिल गई। लेकिन लम्बी लाईनों में लगकर बीमारी के कारण उनकी हालत खराब हो गई।

**वायरल पोस्ट :** बीके सिविल अस्पताल में रेनटेक और पीसीएम इंजेक्शन तक उपलब्ध नहीं हैं। इस बात का खुलासा एक वायरल हो रही पोस्ट से हुआ है। जिसमें सेवा वाहन फरीदाबाद के संचालक सतीश चोपड़ा द्वारा लिखा गया है कि जरूरतमंदों के लिए सिविल अस्पताल के अपाताकलीन कक्ष में 40 इंजेक्शन रेनटेक और चार पीसीएम इंजेक्शन उपलब्ध करवा दिए हैं। अस्पताल में जीवनरक्षक दवाईयों के आभाव की शिकायत पीएमओ डॉ. सविता यादव को दी है। उन्होंने बताया कि जल्द सभी इंजेक्शन एमरजेंसी में उपलब्ध करवा दिए जाऐंगे। वायरल पोस्ट में रेनटेक इंजेक्शनों का रेट तीन रुपये 60 पैसे लिखा है।

# अंकिता भंडारी के हत्यारों को फांसी देने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**उत्तराखंड** की बेटी अंकिता भंडारी के कातिलों को फांसी दो, पीड़ित परिवार को मुआवजा प्रदान करो। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को उत्तराखंड जागरूक मंच के बैनर तले उत्तराखंड की विभिन्न संस्थाओं के लोग सेक्टर 12 राजस्थान भवन के सामने एकत्रित हुए। यहां से नारे लगाते हुए लघु सचिवालय के सामने पहुंचे।

प्रदर्शनकारी अंकिता भंडारी के हत्यारों को फांसी दो, उसके परिजनों के साथ न्याय करो के नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन के फौरन बाद देश के माननीय प्रधानमंत्री के नाम सात सूत्री मांगों का ज्ञापन नगराधीश नसीब सिंह एचसीएस को सौंपा। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में 18 सितंबर को वनतारा रिजॉर्ट में 19 साल की बेटी अंकिता भंडारी जो उस रिजोर्ट में बतौर रिसेप्शनिस्ट के पद पर कार्यरत थी। को देह व्यापार में धकेलने के लिए उसके मालिक ने मजबूर किया। जब बहादुर बेटी ने इस काम को करने से इंकार कर तो दिया तब उस रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य और उसके दो साथियों ने अंकिता भंडारी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उसको मारा पीटा गया। अन्त में उसकी निर्मम हत्या करके उसके शव को बैराज में फेंक दिया गया। 4 दिन तक पट्टी पटवारी ने कोई सुनवाई नहीं की। क्योंकि पटवारी के साथ कातिल की सांठगांठ थी। जब पट्टी पटवारी की तरफ से टालमटोल की नीति अपनाई जा रही थी। तब लोगों ने इस केस को पुलिस को सौंपने के लिए प्रशासन पर दबाव बनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### केक काटकर मनाया शहीद भगत सिंह का जन्मदिन



**फरीदाबाद।** शहीद भगत सिंह के जन्म दिन के उपलक्ष्य में पंजाबी समाज की तरफ से विधायका सीमा त्रिखा को उनके कार्यालय पर जाकर धन्यवाद का पत्र सौंपा। आपको बता दें कि शहीद चौक एनआईटी-5 नंबर पर शहीद भगत सिंह की विशाल मूर्ति की स्थापना एवं चौक का सौन्दर्यीकरण करने की लगातार उठाई जा रही मांग को पूरा करने पर पंजाबी समाज की तरफ से विधायक सीमा त्रिखा का धन्यवाद व्यक्त किया। सीमा त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का धन्यवाद व्यक्त किया। विधायक एवं पंजाबी समाज द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण और केक काटकर शहीद भगत सिंह का जन्म दिन मनाया गया। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक भगत सिंह की आज जयंती मनाई जा रही है। देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले महान क्रांतिकारी महज 23 वर्ष की उम्र में ही शहीद हो गए, पंजाबी समाज सभा के चेयरमैन अशोक बनयाल, प्रधान पवन चौधरी, कार्यकारी, उप प्रधान परमजीत सिंह पम्मा, महासचिव राजेन्द्र बजाज, कोषाध्यक्ष टीएन कपूर, सचिव नरेंद्र शर्मा, सह सचिव मोनिका पुंज, दीपक छाबड़ा, वित सचिव हरजिंदर सिंह बेदी, मीडिया प्रभारी हेमंत माटा, युवा संगठन सलाहकार विशाल बनयाल, सत्येंद्र पांडे, सुशील सेतिया, मुरारीलाल गर्ग, रामपाल भारद्वाज, जनकराज शर्मा, तरसेम मेहता, जागीर मेहता, करमबीर बैंसला, कपिल शर्मा, सतनाम सिंह मंगल, अनिल बांगा, जगदीश मैनी, श्याम पाल, हनन, कुलभूषण शर्मा, रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर आशीष बजरंगी, जय बनयाल, अभिजीत राय, पूजा कौर, कमल प्रीत कौर, हरभजन सिंह बेदी आदि उपस्थित रहे।

### चाकू घोंपकर लूटपाट करने वाले चार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने एक महीने पहले राहगीर को चाकू घोंपकर उसके साथ छीनाझपटी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपियों में रजनीश, अभिजीत उर्फ गुड्डू, पप्पू उर्फ करण तथा सागर उर्फ प्रिंस का नाम शामिल है। सभी आरोपी फरीदाबाद के पल्ला एरिया के रहने वाले हैं। आरोपियों की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष है। एक महीने पहले 28/29 अगस्त की रात आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर पल्ला एरिया में रात के समय राह चलते एक व्यक्ति को चाकू दिखाकर उसके साथ लूटपाट करने की कोशिश की थी। विरोध किया तो आरोपियों ने उसके पेट में चाकू घोंप कर उसका मोबाइल फोन तथा पर्स छीनकर फरार हो गए।क्राइम ब्रांच 48 की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल चार आरोपियों को सूत्रों के आधार पर अगवानपुर चौक से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए शिविर लगाया

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी व व्यावसायिक प्रकोष्ठ के द्वारा की दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच-माप शिविर का आयोजन राजस्थान भवन, सेक्टर-10 में किया गया। भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर बुजुर्गों और की दिव्यांगजनों का हाल चाल लिया और उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मार्गदर्शन पर चलते हुए भाजपा की सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रान्त प्रमुख गंगा शंकर मिश्र ने कहा कि भाजपा की सरकार में निरंतर सेवा के कार्य किये जा रहे है जिसके जीता जगता उदाहरण कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान हम सभी को देखने मो मिला था। पीएम मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जन मानस को लाभ पहुंचाने के लिए सेवा पखवाडा के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के सह संयोजक अशोक कुकरेजा, राजीव सिंगला, जिला महामंत्री भाजपा आरएन सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, जिला सचिव पुनीता झा, रोहित रुंगटा, सिद्धार्थ शर्मा, नीलम चौधरी, राजू सोलंकी, ईश्वर गोयल, चन्द्रभान प्रधान, दर्शितम गोयल, संदीप शर्मा, विष्णु शर्मा, लाजर रंजीत सेन, अनिल पाथरे व अन्य कार्यकर्ता गण और राजस्थान एसोसिएशन, जय सेवा फाउंडेशन, नई उड़ान, इंसानियत, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, जिला नागरिक अस्पताल, विपिन मिश्रा, विमल खंडेलवाल व चिकित्सक अधिकारी उपस्थित रहे।

### बुलेट से पटाखे छोड़ ध्वनि प्रदूषण करने पर कसेगा शिकंजा

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नीतीश कुमार अग्रवाल द्वारा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने का अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत कल से ट्रैफिक पुलिस साइलेंसर मॉडिफाई करवाके पटाखे छोड़ने वाले बुलेट को इंपाउंड करेगी तथा ऐसा करने वाले मैकेनिक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशानिर्देश तथा एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह अभियान चलाया जाएगा। कई बुलेट मोटरसाइकिल चालक अपने मनोरंजन के लिए बुलेट का साइलेंसर मॉडिफाई करवाकर उससे पटाखे छोड़ते हैं जिसकी वजह से आमजन को तो परेशानी होती ही है इसके साथ पर्यावरण में ध्वनि प्रदूषण को भी बढ़ावा मिलता है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा कल से यह अभियान चलाया जाएगा और मोटर वाहन अधिनियम के तहत पटाखे छोड़ने वाले बुलेट इंपाउंड किए जाएंगे। इसके अलावा साइलेंसर को मॉडिफाई करने वाले मैकेनिक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अनुरोध है कि वह कंपनी का लगाया हुआ साइलेंसर ही उपयोग करें अन्यथा उनके वाहन को इंपाउंड करके उन्हें आर्थिक दंड से दंडित किया जाएगा।

### पानी की बर्बादी रोकने को बच्चों को किया जागरूक



**फरीदाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लदाना चक्कू में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने स्कूली विद्यार्थियों को जल संरक्षण को लेकर व्यख्यान दिया। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि विश्व की 18 प्रतिशत आबादी हमारे देश में रहती है। वही हमारे पास मात्र चार प्रतिशत पानी उपलब्ध है और बारिश के पानी का मात्र आठ प्रतिशत पानी ही हम संचय कर रहे हैं। भारत में 1911 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि विश्व के 20 शहर जहां पानी की किल्लत है। उस सूची में भारत के पांच शहर शामिल है। नंबर दो पर दिल्ली, छठे स्थान पर कोलकाता, 18वें स्थान पर चेन्नई, 19वें स्थान पर बेंगलुरु और 20वें स्थान पर हैदराबाद है। वहीं अगर हम कैथल जिले की बात करें तो कैथल जिले के सात खंडों में से दो खंड राजौंद और गुहला को केंद्रीय भू-जल विभाग द्वारा डार्क जोन घोषित कर दिए गए हैं। दीपक कुमार ने बच्चों को एफटीके फील्ड टेस्टिंग कीट के बारे में भी जानकारी दी उन्होंने बताया कि फील्ड टेस्टिंग कीट में पानी डालकर रखने के बाद 30 से 35 डिग्री तापमान पर 12 से 24 घंटे में पानी की गुणवत्ता का प्रमाण मिल जाएगा। किट में डालने के बाद पानी काला हो गया तो वह पीने योग्य नहीं है। ऐसे गांव में पानी की शुद्धता को लेकर विभाग की ओर से समाधान के प्रयास किए जाएंगे। दीपक कुमार ने बताया कि किट में पानी डालकर उसे अच्छी तरह हिलाएं और 12 से 24 घंटे के लिए रख दें। पानी का रंग हल्का भूरा रहा तो पानी पीने योग्य है। अगर पानी का रंग काला हो जाता है तो वह पानी पीने योग्य नहीं है।

# स्वयंवर में धनुष तोड़ सीताजी के हुए श्रीराम, गरजे परशुराम

## श्रीदुर्गा रामलीला जैकबपुरा के तीसरे दिन की लीला रही भव्य

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जैकबपुरा** स्थित श्री दुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से तीसरे दिन की राम लीला में भव्य सीता स्वयंवर के साथ भगवान शिव के टूटे धनुष को देखकर आग-बबुला हुए परशुराम की लीला में कलाकारों ने अपनी कला का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। लक्ष्मण-परशुराम संवाद देखने के लिए खूब भीड़ उमड़ी।

रामलीला की शुरुआत ताड़का वध के बाद गुरु विश्वामित्र के साथ काफी समय तक राम-लक्ष्मण ने ऋषियों के साथ वनों में ही समय बिताया। गुरु विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को गंगा मईया के दर्शन कराकर उन्हें इसके इतिहास से अवगत कराया। इसके बाद घूमते हुए वे जनकपुरी में राजा जनक के दरबार में जा पहुंचे। उनके आने की समाचार सुनकर राजा जनक प्रसन्न हुए और खुद जाकर उनका स्वागत किया। इसी समय राजा जनक ने सीता का स्वयंवर भी रखा हुआ था। इसकी जानकारी गुरू विश्वामित्र को भी दी गई। स्वयंवर में खुद के लिए अच्छा वर पाने की इच्छा लिए सीता अपनी सखियों के साथ बगिया में मां गिरिजा जी की पूजा करने जाती है। राजा जनक ने सीता जी के स्वयंवर की शर्त यह थी कि जो भी शिवजी के इस धनुष को उठा उस पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा, सीता उसी के गले में वर माला डालेगी। सिंह गर्जना के साथ



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला में स्वयंवर में धनुष तोड़ने के बाद एक-दूसरे को जयमाला पहनाते राम-सीता बने कलाकार।

रावण राजा जनक के दरबार में प्रवेश करते हैं। जब वे धनुष उठाने में असमर्थ साथ ही सीता को धमकी भरे शब्दों में यह कह जाते हैं कि सीते, एक दिन तुझे लंका जरूर दिखाऊंगा। सभी राजा-राजकुमारों द्वारा धनुष उठाने में असफलता पर राजा जनक कहते हैं-हे दीप-दीप के राजा जन हम किसे कहें बलशाली हैं, हमको तो यह विश्वास हुआ पृथ्वी वीरों से खाली है। राजा जनक की यह बात सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हुए और उठकर बोले राजा जनक यह बात कहना उन्हें शोभा नहीं देती। अगर उनके भइया राम उन्हें आज्ञा दें तो वह अभी इस धनुष को उठाकर कई टुकड़े कर दें। इसके बाद राम उठे और लक्ष्मण को शांत करते हुए कहा-लड़ना अच्छा नहीं है भाई, टुक लक्ष्मण करो समाई। राजा जनक से वार्ता के बाद संगीत की स्वर लहरियों के बीच राम आगे बढ़े और शिवजी के धनुष को प्रणाम किया और उठाकर जब प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो धनुष के दो टुकड़े हो गए। इसके बाद मंच पर ही सीता जी व राम जी ने एक-दूसरे को माला पहनाई।

रामलीला में लक्ष्मण-परशुराम संवाद बेहतरीन रहा। जब राम-सीता ने एक-दूसरे का माला पहना दी तो राजा जनक के दरबार में भगवान परशुराम पहुंचते हैं। टूटा हुआ धनुष देखकर वे क्रोधित हुए और बोले-ओ जनक जरा जल्दी बता ये धनुष किसने तोड़ा है, इस भरे स्वयंवर में किसने सीता से नाता जोड़ा है। जवाब में राम जी ने कहा-जो कृपा पात्र हैं गुरुओं का वह कब किससे डर सकता है, जिस पर कृपा हो ब्राह्मणों की यह काम वही कर सकता है। इसके बाद भी परशुराम शांत नहीं हुए और वे गुस्से से आग-बबुला होते रहे। फिर लक्ष्मण-परशुराम के बीच दमदार तरीके से संवाद हुआ। फिर शांत होने के बाद भगवान परशुराम ने श्रीराम को प्रणाम किया।

# शीतला माता मंदिर में लगाई वैक्सीन, कानून की भी दी जानकारी

**गुरुग्राम।** यहां श्रीमाता शीतला मंदिर में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने द अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन के सहयोग से पूरी नवरात्रि के लिए माइक्रो सर्विस शिविर की शुरुआत की। यह शिविर 4 अक्टूबर तक चलेगा। शिविर में लोगों को वैक्सीन लगाने के साथ कानून की भी जानकारी दी जा रही है।



श्रीमाता शीतला मंदिर में स्टॉल पर जानकारी लेती महिलाएं।

### डीएलएसए की ओर से आयोजित किया गया माइक्रो सर्विस शिविर

स्टॉल पर मौजूद पैनल अधिवक्ता मुनमुन गोयल ने बताया कि यहां केवल जागरूकता स्टॉल नहीं है, बल्कि यहां रोजाना विभिन्न विभागों की स्टॉल लगायी जाएगी। लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। आधार कार्ड की सुविधा रोजाना दी जाएगी। जिन्हें भी अपना आधार कार्ड बनवाना हो वो शीतला मंदिर आएं और आधार कार्ड बनवाएं। इसी के साथ कोरोना रोधी टीकाकरण का स्टाल भी लगाया गया। स्टॉल पर आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के लॉ के विद्यार्थियों ने भी लोगों को जागरूक किया। इसके साथ ही लोगों को आगामी 12 नवम्बर को लगने वाले नेशनल लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता ने व्हाट्सअप पर गलत मैसेज भेजने पर पति पर कराया केस

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति के खिलाफ व्हाट्सअप पर गलत मैसेज भेजने के आरोप में मामला दर्ज किया है। विवाहिता ने बताया कि पति ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान करने के लिए ऐसा किया है। भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी निवासी विवाहिता एकता ने पुलिस को बताया कि उसकी 2005 में योगेश से शादी हुई थी। उसको एक चार वर्षीय बेटी है, लेकिन ससुरालवालों से अनबन होने के कारण वह पिता के घर मारुति कुंज कॉलोनी में रह रही है। उसके पति ने उसके पिता के मोबाइल नंबर के व्हाट्सअप पर गलत तरीके का मैसेज भेजा। वह मैसेज उसके पिता ने उसे भेजा। उसके बाद उसके पिता ने उसे कॉल की थी, लेकिन वह पिता द्वारा की गई कॉल को सुन नहीं सकी। उसके पिता ने पति योगेश को फोन करके ऐसा मैसेज भेजने की शिकायत की। उसके जवाब में योगेश ने अपनी गलती नहीं स्वीकार की। पुलिस ने विवाहिता द्वारा दी गई शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### पिकअप ने दो भाइयों को मारी टक्कर, एक की मौत

**सोहना।** पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों में से एक की मौत और दूसरा घायल हो गया। आरोपी चालक मौके से पिकअप लेकर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शहर की आईटीआई कॉलोनी निवासी पंकज ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह और उसका भाई प्रवेश दोनों बाइक से जखोपुर आटा लेने जा रहे थे। इंडरी मोड़ पर निजी अस्पताल के सामने तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। उसका भाई प्रवेश उछलते हुए सड़क पर गिरा गया। आरोपी चालक मौके से भाग गया। वह खुद संभलते हुए अपने भाई को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां से डॉक्टरों ने प्रवेश का गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान रविवार रात को प्रवेश की मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने पंकज की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

### अदालत ने सतीश हत्याकांड में आरोपी को जेल भेजा

**सोहना।** पुलिस ने किसान 42 वर्षीय सतीश हत्याकांड में एक दिन रिमांड पर आये आरोपी को अदालत में पेश किया। रिमांड पर आये हत्यारोपी से पुलिस पूछताछ में हथियार बरामद नहीं कर सकी। अदालत ने हत्यारोपी को जिला जेल भोंडसी भेज दिया है। सदर थाना पुलिस ने सोमवार को शहर की गहलोत विहार कॉलोनी निवासी किसान सतीश कुमार की हत्या के आरोप में गिरफ्तार आरोपी पवन उर्फछोटू को एक दिन का रिमांड लिया था। हत्या आरोपी पवन उर्फछोटू से की गई पूछताछ तथा पुलिस द्वारा घटना स्थल पर 12 घंटे तक की गई तलाश के बावजूद हथियार बरामद न होना सिर दर्द बन गया है। पुलिस ने मामले से संबंधित किसान के दूसरे नौकर सोनू को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन सोनू ने भी हथियार बरामदगी के मामले में हाथ ऊपर उठा दिए हैं। सदर थाना प्रभारी जयसिंह ने बताया कि अदालत ने सतीश हत्यारोपी को जेल भेज दिया है। लेकिन रिमांड के दौरान भी पवन हथियार को बरामद नहीं करा सका है। पुलिस अपने स्तर पर हथियार बरामद को लेकर जांच कर रही है। अदालत ने हत्यारोपी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### विश्व पर्यटन दिवस पर दिल्ली दर्शन कर गए गुरुग्राम के विद्यार्थी



विश्व पर्यटन दिवस पर दिल्ली दर्शन के लिए पहुंचे विद्यार्थी।

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 के छात्र-छात्राएं मंगलवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर दिल्ली दर्शन करने गए। कालेज के प्राचार्य डॉ. रणधीर सिंह ने दिल्ली दर्शन एक दिवसीय सैर को हरी झंडी दिखाई। विद्यार्थियों को ऐतिहासिक व विरासत पर्यटन के महत्व को रेखांकित किया। विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. रणधीर सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को ना सिर्फ उत्साहित व रोमांचित करते हैं, बल्कि इतिहास से परती हमारी जानकारी भी बढ़ाते हैं। इस एक दिवसीय सैर का आयोजन यात्रा व पर्यटन विभाग के छात्रों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया। इस दिल्ली दर्शन सैर में कुल 34 विद्यार्थियों ने 9 पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया।

### दो सगे भाइयों पर दो दर्जन युवकों ने किया जानलेवा हमला

**सोहना।** भोंडसी मारुति कुंज कॉलोनी के नंबरदार चौक पर गाड़ी में सवार दो भाइयों पर 20-22 युवकों ने लाठी-डंडों से हमला करते हुए घायल कर दिया। घायल युवक के भाई ने आरोपियों पर तीन-चार राउंड हवाई फायर करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले को पुरानी रंजिश बता रही है। रिठौज निवासी अधिवक्ता पंकज ने पुलिस को बताया कि वह और उसका छोटा भाई मोहित सोमवार को समय करीब सवा आठ बजे रात को भोंडसी मारुति कुंज कॉलोनी के नंबरदार चौक से निकल रहे थे। गाड़ी को मोहित ने सड़क किनारे रुकवाया और नंबरदार चौक पर सामान लेने के लिए चला गया। उसी समय तीन-चार गाड़ियां और तीन-चार ही बाइकों पर 20 से 22 युवक उनकी गाड़ी के पास आकर रुके। जिन्होंने गाड़ी में बैठा उसका भाई मोहित पर जान लेवा हमला कर दिया। शोर सुनकर वह वहां पहुंचा तो उस पर भी हमला कर दिया। तभी खेड़ला निवासी विपिन, रोकी और दलबीर ने हथियार निकालते हुए फायर किए। एक फायर उसकी कान के निकट से निकल गया।

# प्रकृति के प्रति प्रेम, मानव अस्तित्व के लिए जरूरी : बोधराज सीकरी



पौधारोपण करते पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी व अन्य लोग।

### सेवा पखवाड़ा के तहत पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने किया पौधारोपण

**गुरुग्राम।** सेवा पखवाड़ा के तहत 10 सामाजिक कार्यों को पूरा करने की दिशा में अपने अगले 4 संकल्पों के साथ पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने मंगलवार को जीएवी स्कूल, सेक्टर-7 एक्सटेंशन, गुरुग्राम में पौधारोपण कार्यक्रम, पौधा वितरण का आयोजन किया। कार्यक्रम से पूर्व लोगों के साथ योगाभ्यास किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधान बोधराज सीकरी ने जनसेवा करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कक्षा 9 से 12 तक कक्षा के जरूरतमंद बच्चों को संगठन की तरफ से निःशुल्क शिक्षा देने की सेवा की जानकारी दी। जिसका श्री गणेश गांधी जयंती पर होगा। उन्होंने कहा कि निःशुल्क शिक्षा सेवा का प्रबंधन कार्य महिला प्रकोष्ठ से ज्योत्सना बजाज और ज्योति वर्मा की देखरेख में किया जाएगा। साथ ही पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। श्री सीकरी अब तक संगठन द्वारा 25000 पौधे डीएवीएसजी स्कूल के साथ मिल कर लगाए जा चुके हैं। विद्यार्थियों से बकायदा शपथ लिखित में की जाती है कि वे पौधा लगाने के बाद इसका पालन भी करेंगे। प्रधान बोधराज सीकरी ने कहा कि पौधे परमात्मा का अंश है। भारतीय संस्कृति में पेड़ों को पूजा जाता है। हम भारतीय प्रकृति में असीम आस्था रखते हैं। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हमें अपने सामाजिक कर्तव्य और मानव जीवन के अस्तित्व के लिए सजगता से पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

इस दौरान प्रधान बोधराज सीकरी ने तेजी से गिरते भू-जल स्तर पर भी चिंता जताई। कहा कि जल की एक-एक बून्द कीमती है। इसका संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने जल संरक्षण के लिए जल संयंत्र वितरण की जिम्मेदारी सुभाष डुडेजा, सुभाष गांधी और रवि मिनोचा को सौंपी। इस अवसर पर ओम प्रकाश कथूरिया वरिष्ठ उपप्रधान, राम लाल ग्रोवर महामंत्री, धर्मेंद्र बजाज संयोजक, उमेश ग्रोवर सह-संयोजक, रमेश कामरा, ओमप्रकाश कालरा, राजपाल आहूजा, बलदेव गुगलानी, जीएन गोसाईं, द्वारका नाथ मक्कड़, रवि मनोचा, भीमसेन कामरा आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# चिली के राजदूत ने लांच किया चिली का वॉलनट

### भारत के साथ व्यापार संबंधों की मजबूती की दिशा में कदम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** के साथ व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाते हुए चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने यहां एक भव्य समारोह में चिली वॉलनट की लॉन्चिंग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी देश के व्यापारिक संबंध तभी मधुर, मजबूत होते हैं, जब उनके बीच आपसी विश्वास हो। उत्पादों की गुणवत्ता हो। इस समारोह में भारत के मशहूर शेफ संजीव कपूर, चिलीनट के एम्बेसडर एडमंडो वाल्डेरामा, प्रोचिले के ट्रेड कमीशनर मासेला जुनिगा एलेग्रिया मौजूद रहे।





गुरुग्राम के एक होटल में चिली वॉलनट की लॉन्चिंग करते चिली के राजदूत जुआन अंगुलो, मशहूर शेफ संजीव कपूर और अन्य।

उन्होंने गुरुग्राम की धरती से भारत में चिली वॉलनट के लिए कैंपेन शुरू किया। त्योहारी सीजन में इस शुरुआत से चिलीनट के संचालक खुश नजर आए। चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने कहा कि चिलीनट के ग्रोवर और एक्सपोर्ट एसोसिएशन प्रोचिले के सहयोग से विदेश मंत्रालय की संस्था द्वारा दुनिया में चिली के गुड्स और सर्विस की सप्लाई को बढ़ावा देती है। इस संस्था ने भारतीय कंज्यूमर के लिए चिली वॉलनट नए सीजन को शुरू किया जा सके। उसके प्रमोशन की शुरुआत की है।

भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने कहा कि चिली और भारत स्ट्रेटेजिक पार्टनर हैं। दोनों देश बाईलेट्रल ट्रेड को बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। चिली दक्षिणी हेमीसफियर में है, भारतीय वॉलनट प्रोडक्शन पीरियड को पूरी तरह से कंप्लिट करता है।

चिलीनट के प्रेसिडेंट एडमंडो वाल्डेरामा ने कहा कि चिली दक्षिणी हेमीस्फीयर में वॉलनट का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। यह विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा है। चिली वॉलनट 70 से अधिक देशों में एक्सपोर्ट कर रहा है और भारत हमारे सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। इस अवसर पर भारत के सबसे मशहूर शेफ संजीव कपूर ने चिली अखरोट की एक हेल्दी मीठाई रेसिपी का लाइव प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने चिलीनट को सराहा।

# सरकारी व निजी एजेंसियों को होल्डिंग लगाने के लिए लेनी होगी अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में सरकारी व गैर सरकारी एजेंसियों को अपने प्रचार-प्रसार के लिए होल्डिंग लगाने की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जिसके लिए नगर परिषद के पोर्टल पर एजेंसी को अपना पंजीकरण कराना होगा। निजी एजेंसी को अपनी जमीन पर होल्डिंग लगाने के लिए मात्र अनुमति लेनी होगी। शहर सीमा क्षेत्र में सरकारी व गैर सरकारी एजेंसियों को अपने प्रचार-प्रसार करने से पहले नगर परिषद के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा। पंजीकृत एजेंसी को ही नगर परिषद सीमा क्षेत्र में होल्डिंग की अनुमति होगी। बिना पंजीकरण होल्डिंगों को तुरन्त प्रभाव से हटाया जाएगा। अपनी निजी जमीन पर अपने ही कारोबार से लेकर व्यापार आदि का होल्डिंग लगाने पर फीस फ्री होगी। लेकिन जमीन मालिक को नगर परिषद के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करके इसकी अनुमति लेनी होगी। किसी भी एजेंसी द्वारा पोर्टल पंजीकरण कराने के बाद ली गई अनुमति की समय सीमा तीन वर्ष तक ही होगी। जिसके लिए नगर परिषद अपने ऐसी 17 स्थान निर्धारित किए हैं।

> एजेंसियों को अपना पंजीकरण कराने के लिए नगर परिषद कार्यालय में जल्द ही पोर्टल तैयार किया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक एजेंसी मालिक पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराने के बाद होल्डिंग लगा पाएंगे। जल्द ही होल्डिंग का साइज सरकार के नियमानुसार जारी कर दिए जाएंगे।
>
> -नगर परिषद के जेई दिगम्बर सिंह

> नगर परिषद का पोर्टल शुरु होने के साथ अवैध रूप से लगे होल्डिंगों को हटाने का अभियान शुरू कर दिया जाएगा। जिसकी लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।
>
> -नगर प्रिषद के एक्सइएन प्रवीण राघव

### सरकारी विभाग परिसर में भी लगेगी फीस

**यदि** निजी एजेंसी किसी भी सरकारी विभाग की जमीन पर अपना होल्डिंग लगाती है। उससे 60 फीसदी उस विभाग को और 40 फीसदी राशि नगर परिषद कार्यालय में ऑनलाइन जमा करानी होगी। यह राशि तीन माह में एक बार जमा करनी होगी। इसके अलावा 20 फीसदी स्थान होल्डिंग पर एजेंसी को सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार के लिए देना होगा। जिसकी एजेंसी की फीस माफ की जाएगी।

## आधा दर्जन लोगों ने घर में घुसकर महिला व उसकी बेटी-बेटे को पीटा

**सोहना।** खंड के गांव दमदमा में रंजिश में नाली का गंदा पानी घर के दरवाजे की तरफ करने से दो गुटों के बीच हुए झगड़े में मां व बेटा-बेटी पर धारदार प्लासी, लोहे की सब्बल आदि से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दमदमा निवासी रेखा ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाली महेन्द्री उससे रंजिश रखती है। 23 सितम्बर को महेन्द्र ने नाली का पानी उसके घर की ओर मोड़ दिया। जिसकी शिकायत महेन्द्री को तो वह गालियां देने लगी। उसके द्वारा गंदे पानी की शिकायत करने पर महेन्द्र व उसके बेटे अनूप, शमशेर, वेदपाल और अनूप की पत्नी कविता हाथों में लाठी, लोहे की सब्बल, सरिया आदि लेकर घुस आए। उसके तथा उसकी बेटी रीना और बेटे नवीन पर हमला कर दिया।

# घामडौज में अरावली से गिरते झरने का मस्ती कर युवाओं ने लिया आनंद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अरावली** पहाड़ी की तलहटी में बसे गांव घामडौज में हाल ही में हुई तीन-चार दिन बारिश के दौरान झरने में युवाओं ने खूब मस्ती की। ग्रामीणों को झरना के आने से गांव के गिरते जलस्तर में बढोतरी की उम्मीद है। अरावली पहाड़ी से वर्षों बाद झरना से बहकर आए पानी में घामडौज गांव के युवाओं ने खूब मस्ती की और झरने का आनंद लिया। यह झरना तीन-चार दिन हुई लगातार बारिश के कारण चला है। जैसे ही ग्रामीणों को झरना से पानी गिरने की आवाजें सुनाई दी। युवा झरना में नहाने के लिए अरावली पहाड़ी पहुंच गए। जहां पर करीब 35 फुट की ऊंचाई से गिर रहे दूधिया और एक दम साफ पानी में उछल-कूद कर खूब आनंद लिया। देखते-देखते बड़े और वृद्ध ग्रामीणों ने भी झरने के सबसे निचाई वाले स्थान पर मस्ती की। घामडौज की निवर्तमान सरपंच निर्मला चौपड़ा ने बताया कि तीन-चार तक चली बारिश से झरने में पिछले वर्षों की अपेक्षा अधिक पानी आया है। यह पानी अरावली के साथ-साथ लगती समतल जमीन पर पहुंच गया। इतना भारी पानी धरातल पर आने से गांव के गिरते जलस्तर के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही पेयजल आपूर्ति का पानी ग्रामीणों को तीन दिन में मिलता है, लेकिन जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों के घरों में लगे सबमर्सिबल पंप में पानी आने की पूरी-पूरी संभावना बन गई है।

**वन्य प्राणियों के लिए पानी की सुविधा :** गांव से लगती अरावली पहाड़ी में तेंदुआ, नीलगाय, रोज, लक्कड़ बग्घा, लोमड़ी, भेड़िया आदि वन्यप्राणियों को पेयजल की सुविधा हो गई है। विशेष रूप से अरावली पहाड़ी से आबादी क्षेत्र में पानी की तलाश में आने वाले तेंदुए का अपना आवासीय क्षेत्र में ही पानी उपलब्ध हो गया है। गांव के निवास दिनेश राघव ने बताया कि तेंदुए कई बार पानी की तलाश में आबादी क्षेत्र के निकट देखे गए हैं, लेकिन अरावली पहाड़ी के ऊपर व तलहटी में बनें तालाबों में पानी जमा होने से वन्य प्राणियों को काफी सुविधा होगी।



सोहना का गांव घामडौज में पहाड़ी से गिरते झरने का आनंद लेते ग्रामीण।

# गोमाता के संरक्षण के लिए आप ने सौंपा ज्ञापन

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के नेताओं ने गो संरक्षण पर मनोहर सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार का दोहरा चेहरा साफ नजर आ रहा है। हरियाणा में लंपी बीमारी से गौमाता रोज मर रही हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई भी नहीं है। जो वैक्सीनेशन सरकार को मुफ्त में देनी चाहिए उसके लिए पैसे लिए जा रहे हैं। हरियाणा में लंपी वायरस का कहर 10 हजार के करीब पशु संक्रमित हैं। इस विषय पर आप नेता प्रवीण शर्मा की अगुवाई में मंगलवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं ने उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।



गुरुग्राम में लंपी बीमारी को लेकर ज्ञापन सौंपते आप नेता।

आप के जिला अध्यक्ष मुकेश डागर ने कहा कि प्रदेश में लगातार पशुओं में बढ़ रहे लंपी वायरस के संक्रमण को देखते हुए हरियाणा सरकार ने एक जिले से दूसरे जिले में पशुओं की आवाजाही पर रोक लगा रखी है। प्रदेश के सभी जिलों में लंपी स्किन वायरस गोमाता में लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस समय भाजपा की सरकार है। जिस तरीके से उनकी सारी योजनाएं विफल रही हैं, उसी तरीके से लंपी बीमारी भी है जिसमें वैक्सीन ना होने के कारण पशुओं को निरंतर मरना पड़ रहा है। एक तरफतो यह लोग गाय को अपनी माता बुलाते हैं और उसके बाद इस तरह की दुर्दशा करते हैं। यह बहुत ही दयनीय है। आप नेता प्रवीण शर्मा ने बताया कि उनकी खुद की 700 गाय हैं। उनमें से दुर्भाग्यपूर्ण 5 गायों की मृत्यु लंपी बीमारी से हो चुकी है। सरकार से और बार गुजारिश करने के बाद भी सही इलाज नहीं मिल पाया। एडवोकेट राजीव ने कहा कि गौरक्षा आयोग सफेद हाथी ना बने। महेश कटारिया, राजबाला शर्मा, एडवोकेट राजीव कौशिक, रामचंद्र यादव, विजयपाल वहां पर मौजूद थे।

# अमेजन बिजनेस ने की एमएसएमई ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 के लिए आकर्षक डील्स की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अमेजन** डॉट इन का सबसे बड़ा और महीने भर तक चलने वाला जश्न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल, जो 23 सितंबर से शुरू हो चुका है, लेकर आया है पूरे भारत में सभी व्यवसायों के लिए अनूठे उत्पादों पर पहले कभी न देखी गई डील्स और ऑफर्स। अमेजन बिजनेस के ग्राहक स्मार्टफोंस, लैपटॉप, एप्लाएंसेस, टीवी, ऑफिस फर्निशिंग आदि जैसी सभी कैटेगरी में टॉप ब्रांड्स की ओर से अमेजन पर शानदार डील्स पर न केवल जीएसटी लाभ उठाएंगे बल्कि अतिरिक्त बिजनेस डील्स और बल्क डिस्काउंट का भी फायदा उठा सकेंगे। अमेजन डॉट इन पर बैंक डिस्काउंट के अलावा, अमेजन बिजनेस ग्राहकों को उनकी हर खरीद पर एक स्पेशल पांच प्रतिशत बोनस कैशबैक जो अधिकतम 7500 रुपये तक होगा, भी मिलेगा।

इतना ही नहीं, बिजनेस ग्राहकों को ढेर सारे नए लॉन्च होने वाले उत्पादों को खरीदने का मौका मिलेगा और बिजनेस संबंधी चयन पर स्पेशल ऑफर भी हासिल कर सकेंगे। अमेजन बिजनेस उपहार और खुद के उपयोग दोनों के लिए खासतौर से तैयार किया गया स्टोर है जिसमें अमेजन बिजनेस अकाउंट

- अमेजन बिजनेस पर कमर्शियल उत्पादों की विशाल श्रृंखला पर बल्क डिस्काउंट, स्पेशल बिजनेस डील्स
- टॉप ब्रांड्स के स्मार्टफोंस, एप्लाएंसेस, टीवी, कंप्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, लैपटॉप, पीसी, होम और किचन आदि जैसी कैटेगरी में कमर्शियल प्रोडक्ट्स की विशाल रेंज
- केवल अमेजन बिजनेस ग्राहकों के लिए बोनस 7500 रुपये तक का बोनस 5 प्रतिशत कैशबैक
- लाखों उत्पादों पर थोक खरीद पर 40 फीसद तक की अतिरिक्त बचत
- उद्यमों और उनके ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन की उपहार जरूरतों को पूरा करने के लिए स्पेशल 'कॉरपोरेट गिफ्टिंग स्टोर'। उद्यम आसानी और सुविधा से कॉरपोरेट उपहार की थोक खरीदारी कर सकते हैं।

को लॉगइन कर खरीदारी की जा सकती है। 16 करोड़ से ज्यादा जीएसटी सक्षम उत्पादों के साथ, व्यवसाय जीएसटी बिल के साथ 28 प्रतिशत तक की अधिक बचत कर सकते हैं। ये बिल ग्राहकों को जीएसटी इनपुट क्रेडिट का दावा करने में सक्षम बनाते हैं। अमेजन बिजनेस ग्राहकों को थोक में खरीदारी करने की भी सुविधा देता है, इस तरह ग्राहक क्वांटिटी डिस्काउंट में 40 प्रतिशत तक की अधिक बचत कर पाएंगे। इसके अलावा, अमेजन बिजनेस ने इस साल की शुरुआत में अपने ग्राहकों के लिए खरीद प्रक्रिया को और ज्यादा आसान बनाने के लिए एंड्रॉयड और आईओएस ऑप्टीमाइज्ड मोबाइल ऐप को भी लॉन्च किया था।

ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान डील्स के साथ, अमेजन बिजनेस ने बिजनेस गिफ्टिंग जरूरत को पूरा करने के लिए 'कॉरपोरेट गिफ्टिंग स्टोर' की शुरुआत की है। इस स्टोर के जरिए, ग्राहक अपने कर्मचारियों, क्लाइंट और अन्य प्रतिभागियों के लिए आसानी से कॉरपोरेट गिफ्ट की थोक में खरीदारी कर सकते हैं। व्यवसायों के पास अपनी जरूरत के अनुसार कॉरपोरेट गिफ्ट्स को कस्टोमाइज और पर्सनलाइज करवाने का भी विकल्प होगा। अमेजन के बिल-टू-शिप-टू सुविधा के साथ, व्यवसाय पूरे भारत में उपहार भेज सकते हैं और बिना किसी परेशानी के टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकते हैं।

आप www.amazon.in/business पर जाकर अपने जीएसटी नंबर या बिजनेस पैन के जरिए फ्री में अमेजन बिजनेस के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है : जीएल शर्मा

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में भारत को अलग पहचान दिलाई : चौधरी जाकिर हुसैन

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**देश** के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा-पखवाड़ा के कार्यक्रम के तहत मंगलवार को भाजपा कार्यालय, नूंह में प्रबुद्धजन एवं बुद्धिजीवी-सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के सह संयोजक जीएल शर्मा रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन प्रशासक हरियाणा वक्फ बोर्ड ने की। कार्यक्रम में सैकड़ों बुद्धिजीवीयों व भाजपा जिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मोदी 20 पुस्तक का अवलोकन व विमोचन भी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर लड्डू बांटकर खुशी भी मनाई। मुख्य अतिथि जीएल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की दुनिया में अलग पहचान कराई है। उनके नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में तरक्की व उन्नति की है और लगातार देश विश्व-गुरु बनने की तरफ अग्रसर है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में आमजन खुशहाल है। नरेन्द्र मोदी दिन-रात देश की तरक्की व विकास के लिए चिंतित रहते हैं। उनके जन्मदिवस के अवसर पर पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तरह-तरह के सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के जिला संयोजक चौधरी जाकिर हुसैन ने बुद्धिजीवियों व भाजपा जिला कार्यकर्ताओं का धन्यवाद कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हिन्दुस्तान लगातार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, हर क्षेत्र में उन्नति व विकास की नई ऊंचाइयों को तेजी से छू रहा है। हमें गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व हमें मिल रहा है जिसकी बदौलत पूरी दुनिया में हमारे देश की अलग ही पहचान है। आज भारत के नाम से हर भारतीय को इज्जत मिलती है। दुनिया के हर देश का राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री हमारे प्रधानमंत्री की जीवनशैली से प्रभावित होकर उन जैसा बनना चाहता है।

कार्यक्रम को भाजपा नेता जसवंत गोयल, जिला महामंत्री शिव कुमार बंटी व पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप आर्य ने भी संबोधित किया। जिला विस्तारक बलविन्द्र जोगी, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रमेश मानूवास, जिला उपाध्यक्ष सुभाष भारद्वाज, दिनेश नागपाल, मंडलाध्यक्ष मुकेश, मुनैश फौजी, राहुल सौरोत, अरसद सरपंच बैंसी, असगर हुसैन, नसरू सरपंच, जमालू सरपंच, हारून नंबरदार, तफज्जुल, शमीम प्रधान घासेड़ा, हाजी बशीर, वकील सरपंच टेरकपुर, आबिद हुसैन रिठोड़ा, मूलचंद, तौफीक खान, हाजी नूरदीन, ताहिर हुसैन आदि के अलावा सैकड़ों बुद्धिजीवी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहीद भगत सिंह की जयंती पर पुष्प अर्पित कर किया रक्तदान



**पलवल।** मंगलवार को यूथ डेवलपमेंट सोसायटी पृथला ने शहीद ए आजम वीर भगत सिंह की जयंती व वीर शहीदों की याद में राजकीय मॉर्डन संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल पृथला में 14वां रक्तदान शिविर लगाया, जिसमें 94 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

सुबह पहले गदपुरी गुरुकुल के आचार्य, पृथला से मोहन लाल आर्य, खचेरू आर्य, आर्य योगेश डागर धतीर और सोसायटी के चेयरमैन धीरू भाई भगत सिंह यजमान बन यज्ञ करके सम्पूर्ण आहुति के बाद शहीद ए आजम वीर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव थापर की मूर्तियों पर माल्या अर्पण कर रक्तदान शिविर शुरू किया। मौके पर अतिथि कांग्रेस नेता राकेश तंवर, पूर्व विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया, बिजेंद्र नहरा, राजेश तेवतिया कांग्रेस नेता, दुधौला गांव से सरपंच पद के उम्मीदवार सुनील चौधरी अपनी टीम के साथ पहुंच कर रक्तदान किया। डॉ. प्रशांत गुप्ता ने सभी पृथला वासियों का धन्यवाद किया, जिन्होंने रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया। यूथ डेवलपमेंट सोसायटी पृथला चेयरमैन धीरू भाई भगत सिंह पृथला ने 63 बार रक्तदान किया। राजपाल मास्टर, धीरेंद्र, नीरज तंवर, नरवीर तंवर, विष्णु, पंकज धनकर, अनूप डागर, राहुल, ढोलू, व पृथला गांव की युवा शक्ति मौजूद रहे।

# ट्रक चालक हत्या की गुत्थी सुलझी, आरोपी गिरफ्तार

## साथी क्लीनर की पत्नी से नाजायज सम्बन्ध थे



उषा कुंडू एडिशनल एसपी नूंह।

**मेवात।** नूंह जिले के तावडू उपमंडल की सीमा में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस वे से लापता हुए ट्रक चालक का शव शनिवार सुबह केएमपी पढेनी फ्लाईओवर के साथ नाले से बरामद हुआ था, तावडू पुलिस ने ट्रक चालक की हत्या का खुलासा कर दिया है। तावडू पुलिस ने आरोपी सह चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

आरोपी का नाम अरशद पुत्र साहबदीन निवासी रणवीरबास बताया जा रहा है। आरोपी की पत्नी के साथ मृतक के नाजायज सम्बंध थे, जिसकी वजह से उसने हमेशा के लिए रास्ते से हटा दिया। खास बात यह है कि आरोपी और मृतक राजस्थान के एक ही गांव के रहने वाले हैं। आरोपी ट्रक चालक पहले मृतक ट्रक चालक आसीन के साथ क्लीनर का काम कर चुका था। लंबे समय से आसीन के अपने क्लीनर की पत्नी से नाजायज सम्बन्ध थे। इसी को लेकर उनकी कहासुनी हुई थी। पुरानी रंजिश के चलते केएमपी पढेनी पुलिया से धक्का देकर उसे मौत के घाट उतार दिया। फरीदाबाद में गाड़ी से माल खाली कर लौटा तो पुलिस ने उसे दबोच लिया। दो दिन के रिमांड के बाद बुधवार को पुलिस आरोपी को अदालत में पेश करेगी। गत 17 सितंबर की रात रणबीरबास थाना नौगांवा जिला अलवर निवासी ट्रक चालक आसीन सदर थाना सीमा में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर ट्रक खड़ा करने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। शनिवार सुबह पढेनी केएमपी फ्लाईओवर के नीचे एक नाले में मिले शव की पहचान आसीन के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे उसके सही ठिकाने हवालात भेजकर चंद घण्टों में हत्याकांड की गुत्थी सुझाकर आमजन में विश्वास जगाया है।

# कादरपुर स्कूल में 3डी इनोवेशन लैब का डीईओ ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के कादरपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लैब का उद्घाटन करती डीईओ कैप्टन इंदु बोकन।

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कादरपुर में मंगलवार को 3डी इनोवेशन लैब व इंटीग्रेटेड साइंस एवं मैथमेटिक्स लैब का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन पहुंची।

कार्यक्रम में ईवाई इंडिया के नेशनल एचआर हेड संदीप कोहली, इंडिया रीजन डिप्टी रिस्क मैनेजर सुनील बजाज, सुधीर भटनागर सीईओ, एसएआरडी आशीष श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। यह उन्नत नवाचार एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला सोसाइटी फॉर ऑल राउंड डेवेलपमेंट (एसएआरडी) द्वारा स्थापित की गई है। ईवाई फाउंडेशन द्वारा समर्थित है।

इस प्रयोगशाला की स्थापना 6वीं से 12वीं कक्षा के लिए उन अवधारणाओं पर डिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए की गई है, जो बच्चों को वैचारिक स्पष्टता रखने में सक्षम बनाएगी। इस लैब में टैबलेट भी हैं। जहां विभिन्न सरकारी पोर्टलों की सामग्री और सोसाइटी फॉर ऑल राउंड डेवेलपमेंट की सामग्री को मुफ्त में एक्सेस किया जा सकता है। एकीकृत विज्ञान और गणित प्रयोगशाला अपनी तरह की एक है, जो विभिन्न अवधारणाओं के लिए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगी। प्राचार्य ज्योति बाला ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# डीएचबीवीएन करेगा उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण

**मेवात।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके।

निगम के कार्यकारी अभियंता कुलदीप अत्री ने बताया कि दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के नूंह डिविजन में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के संदर्भ में 29 सितंबर को सुबह 11 बजे ओल्ड रैस्ट हाउस के नजदीक बिजली कार्यालय, नूंह में अधीक्षक अभियंता जोगेन्द्र हुड्डा बिजली विभाग पलवल की अध्यक्षता में डिविजन उपभोक्ता शिकायत निवारण न्यायाधीकरण का आयोजन किया जाएगा।

कुलदीप अत्री ने बताया कि बैठक में जिनमें मुख्यत: गलत बिलिंग, वोल्टेज सरचार्ज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनेक्शन काटने और जोडने, बिजली आपूर्ति में बाधाएं, सिक्योरिटी भुगतान, कार्यकुशलता, विश्वसनीयता में कमी आदि शामिल हैं से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं को शिकायत का विस्तृत विवरण सत्यापित फोर्म के साथ देना होगा ताकि उनकी समस्या का समाधान शीघ्र किया जा सके।

# प्राथमिक शिक्षा बच्चों की पढ़ाई की नींव होती है

## स्कूलों के प्रिंसिपलों से डीसी ने लिया शिक्षा सहायकों का फीडबैक

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**मेवात।** नूंह जिला में शिक्षा के स्तर में सुधार व ड्रॉप आउट रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। एनजीओ के माध्यम से जिला में लगाए गए शिक्षा सहायकों के लगने के बाद जिले में हुए सुधार को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में डीसी अजय कुमार ने सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपलों के साथ बैठक कर शिक्षा सहायकों से फीडबैक लिया।

डीसी अजय कुमार ने कहा कि नीति आयोग द्वारा लर्निंग इंडिगेटर में कक्षा तीसरी, पांचवीं व आठवीं में गणित, हिन्दी व अंग्रेजी की समीक्षा की जाती है। इसमें सुधार हुआ है तथा ड्रॉपआउट में कमी आई है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे प्राइमरी से मिडिल कक्षा तक तथा मिडिल से दसवीं तक स्कूलों में नहीं पहुंचते हैं व पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं उन बच्चों को फिर से शत प्रतिशत स्कूलों में लाना है। उन्होंने कहा कि बच्चे स्कूल में प्रतिदिन आए इसके लिए अध्यापकों को और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। डीसी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों की पढ़ाई की नींव होती है, नींव मजबूत होगी तो बच्चे अपने लक्ष्य को छू लेगा। नींव मजबूत करने के लिए प्राथमिक शिक्षकों अहम भूमिका होती है। इसके लिए अध्यापक विशेष ध्यान दें। डीसी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के लिए अच्छा माहौल मिले व पढ़ाई कराई जाए इसके लिए एफएलएन द्वारा मॉडल तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ स्कूलों में पेयजल, शौचालय व सफाई की जो समस्या है उसे हल करने के लिए रैनीवेल सिस्टम व जनस्वास्थ्य विभाग अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई है। जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा। डीसी अजय कुमार ने बताया कि जिले में अध्यापकों की कमी को पूरा करने के लिए एनजीओ के माध्यम से 225 प्राइमरी स्कूलों में 478 शिक्षा सहायकों को लगाया गया है। जिसमें फिरोजपुर खण्ड के 49 स्कूलों 84, नगीना खण्ड के 42 स्कूलों में 80, नूंह खण्ड के 56 स्कूलों में 121, पुन्हाना खण्ड के 42 स्कूलों में 122 तथा तावडू खण्ड के 36 स्कूलों में 71 शिक्षा सहायकों को लगाया गया है।

शिक्षा सहायकों की फीडबैक के बारे में डीसी को स्कूल के प्रिंसिपलों ने बताया कि शिक्षा सहायक अच्छा कार्य कर रहे हैं। निश्चित रूप से नूंह जिला के स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। प्रिंसिपलों ने मिडिल स्कूलों में भी शिक्षा सहायकों की नियुक्ति करने का आग्रह किया। कई स्कूलों के प्रिंसिपलों ने बताया कि शिक्षा सहायक अपने कार्य में निपुण है तथा कई बाते हमें उनसे भी सीखने को मिल रही है। अतिरिक्त उपायुक्त आनंद कुमार शर्मा, सीइओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत, एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, एसडीएम नूंह अश्विनी कुमार आदि मौजूद रहे।

# यूआईडीएआई उप निदेशक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**उप** महानिदेशक डीडीजी भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई भावना गर्ग की अध्यक्षता में जिला प्रशासन के साथ जिला फरीदाबाद में आधार प्रगति पर एक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में डीसी विक्रम, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, सीटीएम अमित मान, एसीपी सतपाल यादव, डीआईओ मुनेश बाबू अग्रवाल, स्वास्थ्य, शिक्षा, डब्ल्यूसीडी, बैंक सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उप महानिदेशक डीडीजी भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई भावना गर्ग ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में यूआईडीएआई द्वारा दस्तावेज़ अपलोड का एक नया प्रावधान पेश किया गया है। जिसके माध्यम से निवासी अपने नवीनतम दस्तावेज आधार डेटाबेस में अपलोड कर सकते हैं। यह उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जिनके आधार कार्ड 10 साल से अधिक समय पहले जारी किए गए थे।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस प्रावधान के बारे में निवासियों को जागरूक करने को कहा ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस सुविधा का लाभ ऑनलाइन के साथ-साथ आधार केंद्र पर जाकर भी उठाया जा सकता है। डीडीजी सुश्री भावना गर्ग ने विशेष रूप से 0-5 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए आधार नामांकन पूरा करने पर जोर दिया और इसके लिए आधार नामांकन जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया। डीडीजी ने जोड़ा कि 0-5 वर्ष की आयु वर्ग को कवर करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष आधार नामांकन अभियान भी चलाया जा सकता है। उन्होंने टीकाकरण शिविरों और जन्म इकाइयों में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंकों द्वारा नामांकन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। डीडीजी ने आगे कहा कि फरीदाबाद जिला को 5 और 15 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। अनिवार्य बॉयोमीट्रिक अपडेशन नि:शुल्क है। यदि आधार धारक द्वारा ऐसी आयु प्राप्त करने के दो वर्ष के भीतर बायोमेट्रिक्स को अपडेट नहीं किया जाता है, तो आधार निष्क्रिय हो सकता है। किसी भी जनसांख्यिकीय अद्यतन के लिए जैसे पता, नाम में अद्यतन/सुधार, जन्म तिथि, लिंग शुल्क 50 रुपये हैं और बायोमेट्रिक अपडेट के लिए यानी आधार शुल्क में फोटोग्राफ या आईरिस या उंगलियों के निशान को अपडेट करने के लिए 100 रुपये हैं। अधिक शुल्क के मामले में, निवासी 1947 टोल फ्री पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। डीडीजी भारत सरकार ने कहा कि निवासी अपने मोबाइल फोन पर एम आधार भी डाउनलोड कर सकते हैं जो उन्हें न केवल अपने मोबाइल फोन पर आधार रखने की अनुमति देता है। बल्कि निवासियों को कई ऑनलाइन आधार सेवाओं का लाभ उठाने में भी मदद करता है। mAadhaar ऐप भी निवासियों को आधार में अपने बायोमेट्रिक्स को लॉक करने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि आधार के लिए नामांकन/अपडेशन करते समय निवासी को अपने विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच करनी चाहिए क्योंकि आधार में नाम, जन्म तिथि और लिंग जैसे विवरणों को अपडेट करने की एक सीमा है।

# जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने दिए दिशा निर्देश



**मेवात।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेवात में अक्टूबर माह में होने वाले जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार यादव व कार्यक्रम की संयोजक कुसुम मलिक ने अध्यापकों को लेकर एक बैठक आयोजित की। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और सांस्कृतिक उत्सव को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिला संयोजक कुसुम मलिक ने बताया कि जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव 11 व 12 अक्टूबर को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह -2 में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रत्येक खंड से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली समूह नृत्य, एकल नृत्य, हरियाणवी रागनी और स्किट की टीमें भाग लेंगी। सभी अध्यापकों को उनकी जिम्मेदारियां दी गई ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक हो सके। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र जैन पूरे कार्यक्रम की तैयारी को अपनी देखरेख में कराएंगे। प्राचार्य प्रवीण सैनी और पवन यादव टीम के साथ रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी संभालेंगे, प्राचार्य मुकेश शास्त्री और प्राचार्य आरिफ स्वागत, प्राचार्य कविता, विजयलक्ष्मी हरियाणवी संस्कृति के स्टाल, रजनीश पूनिया, आनन्द कुमार जुड्डी, किशोर जावलिया, शाहजहां, नासर हुसैन, पूनम, अमित, शमीम जज का संयोजन करेंगे, विजय, सीमा ठाकुर, प्रीतम स्टेज डेकोरेशन कविता, सोमबीर, वसीम, नवीन आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन मनीष भारद्वाज, मोनिका, जितेंद्र और पिंकी की रहेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## विक्रम वेधा का प्रचार करने पहुंचे रितिक रोशन व सैफ अली खान

**गुरुग्राम।** एसजीटी विश्व विद्यालय में मंगलवार को फिल्म विक्रम वेधा की स्टार कास्ट रितिक रोशन और सैफअली खान फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंचे। यह एक हिंदी एक्शन थ्रिलर फिल्म है। विश्वविद्यालय के छात्रों में दोनों सुपर स्टार्स से मिलने के लिए काफी उत्साह और जोश देखने को मिला। रितिक और सैफ के साथ फिल्म के निर्देशक पुष्कर-गायत्री भी फिल्म प्रमोशन के लिए एसजीटी कैंपस पहुंचे। पूरी टीम ने वहां मौजूद अपने फैंस के साथ फिल्म के बारे में बातचीत की। रितिक और सैफ ने विक्रम वेधा के गानों पर फैंस के साथ डांस भी किया। विक्रम वेधा भारत के सिनेमाघरों में 30 सितंबर को रिलीज होगी।

## 25 हजार का इनामी बदमाश काबू

**पुन्हाना।** साइबर फ्रॉड के मामले में दिल्ली से 25 हजार का घोषित इनामी बदमाश मुन्फैद पुत्र फज्जर निवासी नई थाना बिछौर को एसटीएफ पलवल प्रभारी चन्द्रभान के नेतृत्व में गठित टीम ने पकड़ने में कामयाबी पाई है। एसटीएफ प्रभारी चन्द्रभान ने बताया कि वर्ष 2021 में साईबर फ्रॉड की घटना में शामिल मुन्फैद पुत्र फज्जर निवासी गांव नई थाना बिछौर के खिलाफ क्राइम ब्रांच दिल्ली में मामला दर्ज है। दिल्ली पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी। दिल्ली पुलिस ने आरोपी मुन्फैद को पकड़ने के लिए 25 हजार रुपये की इनामी घोषणा की हुई थी। प्रभारी चन्द्रभान ने बताया कि पुलिस ने आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को दिल्ली क्राइम ब्रांच को सौंप दिया है। आपको बता दें कि पुन्हाना थाना व बिछौर थाना सहित राजस्थान के जुरहरा थाना के अंतर्गत आने वाले कई बड़े गांवों में बड़े पैमाने पर साइबर फ्रॉड के मामले चल रहे हैं।

## मोबाइल झपटकर भाग रहा बदमाश दबोचा

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप युवक से मोबाइल झपट कर भाग रहे बाइक सवार बदमाशों में से स्थानीय लोगों ने एक को दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खोरी कलां निवासी अंकित ने बताया कि वह तावडू में एक कपड़े की दुकान पर नौकरी करता है। बीते सोमवार शाम को वह टेंपो से खोरी कला में घर जा रहा था। गांव में एक फ्यूल पंप के समीप टेंपो से उतर कर मोबाइल पर बात करते हुए घर की ओर जा रहा था, तभी एक बाइक पर सवार दो युवक आए जिनमें से एक ने उनका मोबाइल झपट लिया। उन्होंने शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया। इसी दौरान मोबाइल छीन कर भाग रहे बदमाशों की बाइक गिर गई तो स्थानीय लोगों की मदद से बाइक सहित एक बदमाश को दबोच लिया, जबकि दूसरा मोबाइल लेकर फरार हो गया। पूछताछ में दबोचे गए युवक ने अपनी पहचान साबिर उर्फ पक्का जबकि फरार युवक की पहचान इक्कास उर्फ बाडा निवासी गांव शिकारपुर के रूप में बताई।

## सट्टे के आरोप एक गिरफ्तार

**पुन्हाना।** जुआ-सट्टे के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टे में प्रयोग की गई सामग्री और नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिछौर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की तो साहिद निवासी बिछौर मौके पर सट्टे का धंधा करता पाया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नकदी के अलावा सट्टे में प्रयोग की जाने वाली डायरी, पेन आदि सामग्री बरामद की है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी को पुलिस ने बेल पर छोड़ दिया है।

## बाइक चोरी का मामला दर्ज

**पुन्हाना।** चांदड़ाका चौकी पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर बाइक चोरी का मामला दर्ज किया। शिकायत में बताया कि अज्ञात चोर उसकी बाइक को घर से चुराकर ले गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़ित की बाइक की तलाश शुरू कर दी है। जांच अधिकारी कृष्ण पाल ने बताया कि शाहीद पुत्र रमजान निवासी मल्हाका ने शिकायत दी है कि उसकी बाईक स्पलैण्डर को अज्ञात चोर घर के अन्दर से चुरा ले गए। जिसने काफी तलाश भी किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महिला लापता, केस दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव खोरी कला से एक महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पति की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खोरी कलां हनुमान नगर निवासी पीड़ित बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि 25 सितंबर को 12 बजे के करीब जब वह कम्पनी से घर लौटा तो पत्नी घर पर नहीं थी। उन्होंने अपने स्तर पर खोजबीन शुरू कर दी। आस-पड़ोस और सभी नजदीकी रिश्तेदारों में खोजबीन करने के बाद भी गायब पत्नी का कोई सुराग नहीं मिला। सदर थाना पुलिस ने बिजेंदर के बयान पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सिद्धार्थ दहिया ने संभाला सीटीएम का पदभार

**नूंह।** वर्ष 2020 बैच के एचसीएस अधिकारी सिद्धार्थ दहिया ने नूंह जिला में सीटीएम का पदभार संभाल लिया है। डीसी अजय कुमार ने नवनियुक्त सीटीएम को पदभार संभालने पर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी। वर्ष 2020 बैच के एचसीएस अधिकारी सिद्धार्थ दहिया इससे पहले रिवाड़ी में एसडीएम पद पर नियुक्त रहे थे। नूंह पहुचने पर सीटीएम कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## पुलिस ने शराब के 52 पव्वे सहित व्यक्ति दबोचा

**तावडू।** शहर थाना पुलिस ने बावला रोड बगीची के समीप से अवैध शराब के 52 पव्वों सहित एक व्यक्ति को काबू है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। शहर थाना पुलिस को सूचना मिली कि शहर के बावला रोड बगीची के नजदीक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे में रखकर अवैध शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर दबिश दी जहां पर एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे को लेकर भागने लगा। जिसे पुलिस जवानों ने काबू कर लिया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपनी पहचान प्रदीप पुत्र धनराज निवासी वार्ड नंबर-8 शिवनगर तावडू बताई। उसके पास मिले प्लास्टिक कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें 52 पव्वे देशी शराब के मिले। जिससे संबंधित पूछताछ में वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

## एसीएस ने की बरसात के प्रभाव की समीक्षा

**नूंह।** बीते दिनों हुई बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने की त्वरित कार्रवाई के लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त वीएस कुंडू ने जिला प्रशासन की सराहना की है। जिला में जिस तेजी से रिहायशी व कृषि क्षेत्रों में जल निकासी के पुख्ता प्रबंध किए गए। प्रभावित क्षेत्रों का अधिकारियों द्वारा दौरा किया और फील्ड पर जिला प्रशासन की टीम का एक्शन नजर आया। अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त वीएस कुंडू ने यह बात मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नूंह सहित राज्य के सभी जिलों में बरसात के प्रभावों की समीक्षा करते हुए कही। डीसी अजय कुमार ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव को जिला की स्थिति से अवगत कराया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश देते हुए कहा कि बरसात से रिहायशी क्षेत्रों में हुए जलभराव की तुरंत निकासी की जाए व कृषि क्षेत्र में आगामी 15 अक्टूबर तक निकासी का कार्य पूरा कर लिया जाए। जिससे किसानों को रबी सीजन की फसलों की बुवाई में किसी प्रकार की परेशानी न आए। डीसी ने वीडियो कांफ्रेंस से मिले निर्देशों की संबंधित अधिकारियों को जिला में पालना सुनिश्चित करने की बात कही। डीआरओ नरेश, कार्यकारी अभियंता सिंचाई आदि उपस्थित रहे।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

Jagdish R/o H. No. 120, Rahul Colony, Faridabad is changing his father`s name from Balam Singh to Balam Singh Rawat.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# अंकिता की हत्या
## गुस्से में जनता

**उत्तराखंड** में युवा अंकिता भंडारी की हत्या पर शुरुआत में सरकार की प्रतिक्रिया ढीलीढाली रही। एक होटल में महिला रिसेप्निस्ट अंकिता भंडारी की हत्या ने एक बार फिर भारतीय राजनीति का विद्रूप चेहरा दिखा दिया है। पौड़ी जिले के वनान्तर रिजार्ट में काम कर रही लड़की की हत्या का आरोप तीन लोगों पर है जिसमें होटल के मालिक का लड़का भी शामिल है जो उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी का नेता है। मीडिया खबरों के अनुसार, आरोपी उसे वेश्यावृत्ति में धकेलना चाहते थे जिसका वह विरोध कर रही थी। कहा जाता है कि उसने विनोद आर्य के बेटे व मुख्य आरोपी पुलकित आर्य द्वारा छेड़छाड़ के प्रयास का विरोध किया था। भाजपा ने विनोद आर्य को पार्टी से निकाल दिया है। शनिवार को अंकिता की लाश एक नहर से बरामद हुई। कोई आश्चर्य नहीं कि इस हत्या से जनता का गुस्सा न केवल हिमालयी राज्य, बल्कि सारे देश में भड़क उठा। एक लड़की का जीवन इसलिए छीन लिया गया कि एक राजनेता का बेटा उससे अपनी इच्छानुसार व्यवहार नहीं कर सका। उसने जबरन उसे चूमने तथा वेश्यावृत्ति कराने का प्रयास किया और बात न मानने पर छुटकारा पाने के लिए उसे नहर में धकेल दिया। अंकिता के परिवारी सदस्य न केवल गुस्सा हैं, बल्कि उनको उत्तराखंड अधिकारियों के निर्णयों व कार्रवाइयों पर संदेह है। अंकिता के रिश्तेदारों तथा अन्य लोगों ने श्रीनगर-केदारनाथ राजमार्ग पर प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा उस रिजार्ट को नष्ट करने पर सवाल उठाए जहां पीड़िता काम करती थी। उनका आरोप है कि यह सबूत नष्ट करने का प्रयास है। उन्होंने पहले अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने तक उसके अंतिम संस्कार से भी इनकार कर दिया था क्योंकि अंतरिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहा गया था कि अंकिता की मौत डूबने से हुई थी।



विपक्ष ने परिवार का समर्थन किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इसे 'सुनियोजित हत्या' बताते हुए कहा है कि विध्वंस की कार्रवाई सबूत मिटाने के उद्देश्य से की गई। विपक्ष ने पुलिस पर सुस्ती का आरोप भी लगाया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट राजस्व पटवारी द्वारा दर्ज कराई गई। उत्तराखंड पुलिस प्रमुख अशोक कुमार ने इसमें कुछ गलत नहीं बताया है क्योंकि राज्य में 'राजस्व अधिकारियों द्वारा एफआईआर दर्ज कराने की व्यवस्था है।' लेकिन असली समस्या यह है कि राजनेता अपने मूल कामों को भूल जाते हैं जिसमें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखना तथा कानून-व्यवस्था ठीक रखना शामिल है। इस लापरवाही के साथ ही विभिन्न आयोजन करने में उनकी दिलचस्पी बढ़ती जाती है। उदाहरणार्थ, अंकिता की हत्या के कुछ ही दिन पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपना जन्मदिन देहरादून में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने इसे 'संकल्प दिवस' का नाम दिया। उनकी पार्टी का एक प्रमुख नारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' है। धामी व अन्य भाजपा नेता लड़कियों की शिक्षा और बेहतरी, महिला सशक्तीकरण, जेंडर न्याय, आदि के बारे में अच्छी-अच्छी बातें करते हैं। इसके साथ ही संकल्प दिवस जैसे आयोजनों पर कुछ उपहार दिए जाते हैं। लेकिन एक लाख उपहार, अच्छी-अच्छी बातें व आयोजन वह काम नहीं कर सकते हैं जो गंभीर प्रशासन व अच्छी पुलिस व्यवस्था से हो सकता है। इस घटना को देखते हुए धामी राजनीतिक रूप से कमजोर हुए हैं। उनको समझना चाहिए कि अच्छी-अच्छी बातें करने तथा कांवरियों का सम्मान करने जैसी कार्रवाइयों से ज्यादा लाभदायक परिणाम नहीं प्राप्त होंगे। उनको सुशासन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

# ताइवान पर कब्जे की प्रतीक्षा में चीन

चीनी सेना अभी ताइवान पर हमले के लिए तैयार नहीं है। इसके लिए आवश्यक सैन्य आधुनिकीकरण में अभी कुछ और समय लगेगा।



**सोनल शुक्ला**
(लेखिका, विदेश नीति विशेषज्ञ हैं।)



युद्ध कला सुन जू के अनुसार, 'सभी प्रकार के युद्ध धोखे पर आधारित हैं। इसलिए जब हम हमला करने में सक्षम हो तब दिखाना चाहिए कि ऐसा नहीं कर सकते हैं, अपनी शक्तियों का प्रयोग करते समय हमें निष्क्रिय दिखना चाहिए, जब हम निकट हों तो हमें दुश्मन को विश्वास दिला देना चाहिए कि हम बहुत दूर हैं और जब हम बहुत दूर हों तो दुश्मन को विश्वास दिलाना चाहिए कि हम निकट हैं।' इतिहास इस बात की गवाही देता है कि चीनी तभी हमला करते हैं जब उसकी उम्मीद बहुत कम होती है। तीसरा विश्व युद्ध शुरू करने के लिए 2022 उपयुक्त नहीं है। चीन अभी युद्ध के लिए तैयार नहीं है। उसके पास वर्तमान समय में आक्रमण के लिए समुचित उपकरण नहीं हैं और उसके सैन्य बल संयुक्त जल-थल अभियान के लिए तैयार नहीं हैं जो इस मामले में जरूरी होगा। इस वर्ष शी जिनपिंग अभूतपूर्व रूप से पार्टी की बीसवीं कांग्रेस में तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयास करेंगे और इसलिए वे अति-उत्साह छोड़ कर स्थायित्व प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

पुन: चुनाव के ठीक बाद शी के अधिकार को चुनौती देने वाला कोई नहीं होगा। ऐसे में उम्मीद की जाती है कि वे ज्यादा आक्रामक विदेश नीति अपनाएंगे तथा चीन के निकट स्थिति विवादों में ज्यादा हस्तक्षेप करेंगे। ताइवान तथा भारत के साथ सीमा विवाद उनके केन्द्र में हैं। वे प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के खिलाफ ज्यादा आक्रामक दिखना चाहते हैं। अमेरिकन कांग्रेस सेमीकंडक्टर चिप्स पर एक विधेयक पास करने की तैयारी कर रही है और यह भी ताइवान पर बढ़ते टकराव का संकेत है। पेंटागन ने अनुमान लगाया है कि चीन अगले दो साल तक ताइवान पर हमला नहीं करेगा। सीआईए निदेशक ने चेतावनी दी है कि इस दशक में आगे बढ़ने पर ताइवान पर हमले का जोखिम भी बढ़ जाएगा।

ताइवान का एकीकरण शी के लिए व्यक्तिगत विरासत का मामला तथा उनके 'चीनी सपने' का आवश्यक अंग है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी महाशक्ति के रूप में 'चीनी राष्ट्र के महान पुनर्जीवन' के लिए काम कर रही है। इसलिए ताइवान पर कब्जा करना संभवत: उनके तीसरे कार्यकाल में संभव है। यदि ऐसा न हो सके तो यह उनके चौथे कार्यकाल में निश्चित माना जा रहा है। शी ने चीनी सेना के आधुनिकीकरण को 2035 के बजाय 2017 में ही करने का निर्णय किया जिसके अनुसार आधुनिकीकरण के प्रमुख लक्ष्य 2027 तक निश्चित रूप से प्राप्त कर लिए जाएंगे। इस प्रकार यदि पहले नहीं तो इस दशक के अंतिम अर्धांश में ताइवान पर हमले की संभावना है। लेकिन ताइपेई व बीजिंग या वाशिंगटन के साथ बढ़ती दुश्मनी के कारण दुर्घटनावश युद्ध की संभावना को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि इसकी संभावनायें कम हैं। शी पुतिन द्वारा की गई गलती नहीं दुहराना चाहते हैं। इस प्रकार वे चीन के पूरी तरह तैयार होने से पहले हमला नहीं करेंगे ताकि ताइपेई पर निश्चित रूप से थोड़े ही समय में कब्जा कर सकें।

अमेरिकी सेना के जनरल डगलस मैक्आर्थर ने ताइवान को 'न डूबने वाला विमानवाहक पोत तथा पनडुब्बी अड्डा' बताया है। इसका बीजिंग तथा वाशिंगटन के लिए असाधारण रणनीतिक व सुरक्षा संबंधी महत्व है। इससे महत्वपूर्ण रूप से फिलीपीन्स सागर, पूर्वी व दक्षिणी चीन सागर के बीच के समुद्र तथा पश्चिमी प्रशांत पर नियंत्रण रखा जा सकता है जो जापान से इंडोनेशिया तक फैला हुआ है। इसके साथ ही ताइवान दूसरी द्वीपीय श्रृंखला है जो अमेरिकी सैनिक अड्डे गुआम की सीमा में आता है। ताइपेई पर बीजिंग के नियंत्रण से चीनी सैनिक शक्ति में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा फिलीपीन सागर में उसकी निगरानी व कार्रवाई क्षमता में वृद्धि होगी। इससे अमेरिकी सेना की वहां कार्रवाई क्षमता घटेगी, अमेरिकी नौसैनिक व वायुसैनिक कार्रवाइयों की क्षमता प्रभावित होगी। इससे वह विवादित द्वीपों पर चीनी हमले की स्थिति में अपनी रक्षा संधि से जुड़े जापान, दक्षिण कोरिया व फिलीपीन्स की रक्षा करने में कमजोर हो जाएगा। ताइवान पर नियंत्रण न होने पर अमेरिका व चीन के बीच टकराव की स्थिति में वाशिंगटन चीन के सतही राडार सिस्टमों व लड़ाकू जहाजों को नष्ट कर देख जो फिलीपीन सागर में चुपचाप प्रवेश करने का खतरा पैदा करेंगे।

लेकिन ताइवान पर नियंत्रण से चीन को द्वीप के पूर्वी तट पर हाइड्रोफोन तैनात करने में सुविधा होगी। वर्तमान समय में बीजिंग के नियंत्रण वाले प्रथम प्रायद्वीप की तुलना में यहां समुद्र ज्यादा गहरा है। इन हाइड्रोफोनों को नष्ट करना कठिन होगा जो हजारों मील दूर से आने वाले अमेरिकी लड़ाकू जहाजों की स्थिति बता देंगे। इसलिए ताइवान पर चीन का कब्जा 'गेम चेंजर' साबित हो सकता है। अमेरिकी युद्धपोतों का पता लगने के बाद वे चीनी पनडुब्बियों का आसान निशाना बन सकते हैं जो फिलीपीन के समुद्र में आजादी से भ्रमण कर सकेंगी। इससे अमेरिका प्रशांत महासागर में अपने हितों की रक्षा करने में अक्षम हो जाएगा। ताइवान पर चीनी कब्जे के बाद उत्तर-पूर्वी एशियान की जहाजरानी सेवाओं पर चीनी नियंत्रण का खतरा मंडराने लगेगा।

सबसे बड़े सेमीकंडक्टर चिप सप्लायर तथा नैनो चिप्स पर लगभग एकाधिकार रखने वाला ताइपेई वाशिंगटन व बीजिंग के लिए अत्यधिक आर्थिक व तकनीकी महत्व का क्षेत्र है। इसलिए ताइपेई पर नियंत्रण से बीजिंग की अंतरिक्ष, सैनिक व आर्थिक प्रगति में भारी तेजी आएगी। इसके साथ ही वह पश्चिम के तकनीकी-औद्योगिक समुच्चय को भारी नुकसान पहुंचा सकेगा। बीजिंग द्वारा टकराव की स्थिति में अपनाई जाने वाली 'सलामी स्लाइसिंग' प्रमुख रणनीति है। इसका अर्थ विवादित क्षेत्र में अनियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराना तथा इसके बाद स्थाई कब्जे या स्थाई उपस्थिति की स्थिति पैदा करना है। मध्यवर्ती रेखा के अस्तित्व से इनकार तथा बार-बार इसे पार करने के माध्यम से चीन वाइवान के एडीआईजेड क्षेत्र का उल्लंघन करता है। वह ताइवान जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय समुद्र के बजाय चीनी नियंत्रण वाला क्षेत्र मानता है और इस द्वीप के निकट सैनिक अभ्यास करता है। ऐसा कर तथा नाकेबंदी के माध्यम से बीजिंग नई स्थितियों को सामान्य बनाना चाहता है।

मजेदार बात है कि इस बार बीजिंग ने वाशिंगटन पर ही 'एक चीन नीति' की सलामी स्लाइसिंग का आरोप लगाया है। अमेरिका ताइवान से अपने संबंधों पर एक इंच भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। उसने दोनों देशों के बीच व्यापार व निवेश बढ़ाने की व्यापारिक पहल की है तथा द्वीप पर अनेक उच्च पदस्थ अधिकारी व राजनेता जाते रहते हैं। हालांकि, 'रणनीतिक अस्पष्टता' की नीति में भी अनेक समस्यायें हैं। बाइडेन ने तीन बार घोषणा की है कि यदि हमला होता है तो अमेरिका सैनिक हस्तक्षेप करेगा। ताइवान रिलेशन्स एक्ट, 1979 अब अमेरिका का घरेलू कानून है। इसके अनुसार बीजिंग द्वारा बल प्रयोग की स्थिति में वह ताइवान की रक्षा करेगा। महत्वपूर्ण है कि ताइवान की रक्षा के लिए न जाना वाशिंगटन के अपने हितों के भी विरुद्ध है। बीजिंग द्वारा हमले के परिदृश्य में उसके कमजोर बिंदुओं को सटीक लाजिस्टिक्स के रूप में पहचाना गया है जो हमले के जल-थल रूप के लिए महत्वपूर्ण है। पीएलए के पास उभयचर वाहनों तथा जटिल लाजिस्टिक मिशनों व सैनिक परिवहन विमानों के लिए प्रशिक्षित सैनिकों की कमी है। शी ने निर्देश दिए हैं कि चीनी रक्षा उद्योग खासकर ऐसे हथियार तैयार करे जिनका प्रयोग ताइपेई के बचाव में आने वाले अमेरिकी या अन्य मित्र देशों की सेनाओं के खिलाफ किया जा सके। इन आयुधों में एकदम सटीक व मारक मिसाइलें व क्रूज़ मिसाइलें, समन्वित वायु रक्षा प्रणालियां व उपग्रह-मारक मिसाइलें तथा इनके समर्थन में नाभिकीय हथियारों का भारी भंडार शामिल हैं।

वाशिंगटन ताइवान को एंटी-शिप मिसाइलों व हवा से हवा में मार करने वाले आयुधों की सप्लाई कर इस असमान युद्ध के लिए तैयार कर रहा है। ताइवान ने अपने रक्षा रणनीति में परिवर्तन कर इसे 'पोरकूपीन रणनीति' में बदला है जिसमें माइनों, छोटी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों, नागरिक सुरक्षा तथा गुरिल्ला प्रतिरोध शामिल हैं। यह अनुमान लगाना कठिन है कि हमले की स्थिति में अमेरिका की सहभागिता किस स्तर की होगी, लेकिन इसके सैनिक हस्तक्षेप होने की संभावना है। हमले के लंबा चलने की संभावना है। इससे निपटने के लिए ताइवान को सैनिक, खाद्यान्न व अन्य आवश्यक सामग्रियों की सप्लाई सुनिश्चित करनी होगी ताकि वह चीन को लंबे समय तक रोक सके। लेकिन युद्ध में अंतत: आम ताइवानी जनता की सहभागिता सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। दुनिया में ताइवान वाशिंगटन तथा बीजिंग के लिए सबसे कठिन समस्या है। लंबे समय तक चलने वाला युद्ध चीनी अर्थव्यवस्था के लिए विभीषिका सिद्ध हो सकता है। इससे राजनीतिक अस्थिरता पैदा होगी जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी तथा शी के नेतृत्व के लिए समस्यायें पैदा कर सकती है।

# डिजिटल स्वास्थ्य सेवा हेतु बेहतर कनेक्टिविटी

**नितेंद्र सिसोदिया**
(लेखक, चिकित्सा क्षेत्र से संबद्ध हैं)

डिजिटल स्वास्थ्य वितरण सेवा लोकप्रियता प्राप्त कर रही है, लेकिन ग्रामीण भारत में इसका विस्तार कनेक्टिविटी पर निर्भर करेगा। अधिकांश उद्योगों और जीवन-दायरों की तरह, भारत में स्वास्थ्य सेवा भी कई स्तरों पर डिजिटलीकरण के दौर से गुजर रही है। भले ही सरकार ने अपने ऐतिहासिक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (एनडीएचएम) के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व किया है, जिसे कि अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) नाम दिया गया है, मगर स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत निजी क्षेत्र भी धीरे-धीरे डिजिटलीकरण को अपना रहा है। कम से कम मेट्रो शहरों और बड़े शहरों में कुछ छोटे शहरों के अलावा, कई निजी और साथ ही तृतीयक देखभाल प्रदान करने वाले सार्वजनिक अस्पताल हाल के दिनों में किसी न किसी प्रकार के डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना (या उन्नयन) और संसाधनों और कर्मियों को आवंटित करने में लगे हुए हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में रोगी डेटा का प्रबंधन करने के लिए अस्पताल सूचना प्रणाली, अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड्स (ईएमआर), आदि के संदर्भ में स्वास्थ्य सेवा आईटी अनुप्रयोगों का कार्यान्वयन भी शामिल होगा। इसी तरह, रोगी भी अधिक डिजिटल प्रौद्योगिकी-प्रेमी स्वास्थ्य देखभाल रिसीवर के रूप में विकसित हो रहे हैं, स्मार्टफोन और अन्य उपकरणों का उपयोग न केवल वे नैदानिक रिपोर्ट और डॉक्टरों के नुस्खे को संग्रहीत करने के लिए, बल्कि अपॉइंटमेंट लेने, परामर्श करने, घर-आधारित निदान और परीक्षण सुविधाओं का उपयोग करने और दवाओं का ऑर्डर करने के लिए भी कर रहे हैं। डिजिटल हेल्थ रिकार्ड रखने से रोगी को डाक्टरों से संपर्क करने तथा उनसे विचार-विमर्श में आसानी होती है। एनडीएचएम कार्यक्रम को 2020 में छह केंद्र शासित प्रदेशों में पायलट परियोजना के बतौर लॉन्च किया गया था, जब तीन प्रमुख रजिस्ट्रियां जैसे हेल्थ आईडी, हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर), हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री (एचएफआर) और डेटा एक्सचेंज के लिए डिजिटल ढांचा विकसित और कार्यान्वित किया गया था। इस सफलता के आधार पर, कार्यक्रम का सितंबर 2021 में देशव्यापी रोलआउट में विस्तार किया गया, जिसमें आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा), स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री, आभा ऐप, हेल्थकेयर पेशेवर रजिस्ट्री और एकीकृत स्वास्थ्य इंटरफेस (यूएचआई) जैसे प्रमुख घटकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

शुरू करने के एक साल के भीतर, स्वास्थ्य सेवाओं के इस डिजिटलीकरण कार्यक्रम ने काफी सफलता दर्ज की है। एबीडीएम वेबसाइट के अनुसार 12 सितंबर, 2022 तक, 24 करोड़ से अधिक आभा नंबर बनाए गए हैं, जिसमें 1,44,371 स्वास्थ्य सुविधाएं और 69,312 स्वास्थ्य पेशेवर पंजीकृत हैं, साथ ही सात लाख से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड ऐप डाउनलोड हैं। इस साल जुलाई तक, 32 निजी संस्थाओं सहित 52 डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं / अनुप्रयोगों को एबीडीएम के साथ एकीकृत किया गया है। इसके अलावा, जुलाई के अंत तक, एबीडीएम सैंडबॉक्स, जो कि डिजिटल ऐप या स्वास्थ्य उत्पाद को वास्तविक उपयोग के लिए प्रसारित किए जाने से पहले, एकीकरण के प्रयोग का डिजीटल स्थान है, में 919 हेल्थटेक इनोवेटर्स थे। जबकि 24 करोड़ से अधिक आभा नंबर पहले ही भारत की आबादी का एक-छठा हिस्सा हो सकते हैं, मगर सच्चाई यह है कि स्वास्थ्य सेवा वैल्यू चैन का एक बड़ा हिस्सा सरकार द्वारा संचालित एबीडीएम अभियान से बाहर है।

सरकार के अपने आंकड़ों के मुताबिक करीब 12 लाख स्वास्थ्य सुविधाओं में से महज 1.4 लाख सुविधाएं ही एबीडीएम मंच से जुड़ी हैं। इसी तरह, आज 50 लाख हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स में से केवल 69,000 का मंच से जुड़ना पुन: एक नगण्य संख्या है। इससे स्पष्ट है कि ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों को स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण से जोड़ना जरूरी है। स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण के लिए बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बिना इसका देशव्यापी विस्तार असंभव है। नेशनल हेल्थ प्रोफाइल 2019 के अनुसार, ग्रामीण भारत के केवल 65 प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कंप्यूटर थे। और तथ्य यह है कि 65 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण भारत में अभी भी इंटरनेट नहीं है। हालांकि, राष्ट्रव्यापी एबीडीएम की शुरुआत को केवल एक वर्ष ही हुआ है। उम्मीद है कि इंटरनेट और डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए एक देशव्यापी बुनियादी ढांचे की नींव अगले 25 वर्षों में एक बेहतर इंटरनेट-संपन्न भारत सुनिश्चित करेगी। यह संभावना है कि शुरू में दर्जा एक और दर्जा -दो श्रेणी वाले शहरों में स्वास्थ्य सुविधाएं डिजिटल राह अपनाएंगी। समूची वैल्यू चैन में सभी हितधारकों को राज्यों में नियामकों व एजेंसियों, सेवा प्रदाताओं, अस्पतालों, चिकित्सा पेशेवरों, नैदानिक प्रयोगशालाओं, स्वास्थ्य सेवा सॉफ्टवेयर विक्रेताओं, डिजिटल सहमति समाधान प्रदाताओं, ईएचआर/ ईएमआर/ पीएचआर समाधान प्रदाताओं, हार्डवेयर निर्माताओं और बीमा कंपनियों , सभी के हितों का ध्यान रखने के लिए आम सहमति तक पहुंचने की आवश्यकता है। यह देखते हुए कि 75 प्रतिशत से अधिक बाह्य मरीजों और 60 प्रतिशत भर्ती मरीजों को निजी सुविधाओं में इलाज मिलता है, ऐसे में निजी खिलाड़ियों को पर्याप्त रूप से प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

भारत में आज भी सरकारी अस्पतालों के बजाय निजी स्वास्थ्य सेवाओं का वर्चस्व है तथा उनका विस्तार हो रहा है। निजी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए तदनुसार, उपयुक्त पीपीपी मॉडल तैयार करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, रोगी रिकॉर्ड निर्माताओं और सॉफ्टवेयर प्रदाताओं को इंटरऑपरेबल सिस्टम जैसे कि फ्री और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर डिजाइन करने के लिए आश्वस्त होने की जरूरत है। इसी तरह, अस्पतालों को अपने सिस्टम को अपग्रेड करना होगा। महत्वपूर्ण रूप से, कानूनी ढांचे के साथ-साथ तकनीकी नवाचारों के माध्यम से डेटा की गोपनीयता और गोपनीयता सुनिश्चित की जानी चाहिए। पहले ही, भारत ने अद्भुत संख्या में हेल्थटेक स्टार्टअप्स का उदय देखा है। आईओटी की दुनिया में, कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग और रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) का आगमन न केवल बेहतर नैदानिक निर्णय लेने और उपचार के निजीकरण को उत्प्रेरित कर रहे है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान, सस्ती दवा की खोज, रोग निगरानी, यहां तक कि बीमारियों की भविष्यवाणी के मामले में भी, अधिकारियों की मदद कर रहे हैं। इसलिए, डिजिटलीकरण हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य वितरण तंत्र में काफी सुधार कर रहा है।

देश भर में डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया विशाल कोविड -19 टीकाकरण अभ्यास इस सुधार की मिसाल है, यहां तक कि हम एबीडीएम पर काम करना और उसमें सुधार करना जारी रखे हैं। उम्मीद है कि वर्तमान समय में स्वतंत्रता का अमृत काल मनाने वाले भारत में 2047 तक, स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क कहीं अधिक कुशलता प्रभावी ढंग से डिजिटल हो जाएगा। इससे हम सभी नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।

## आप की बात

### हैवानियत पर लगाम

**देश** में हैवानियत हद पार करने लग गई है। देश में, प्रदेशों में और स्थानीय प्रशासनों के पास संवैधानिक शक्ति से लबरेज विशाल अमला होने के बावजूद आखिर क्यों कानून व्यवस्था डगमगा रही है ? महिलायें, युवतियां और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं आये दिन हो रही हैं। अब तो बालक भी इस तरह की जघन्य घटना का शिकार हो गया। दिल्ली में 12 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म, मारपीट व बेहोश होने की घटना सामने आई है। महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने भी घटना पर नाराजगी जताते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करके रिपोर्ट मांगी है। सरकार कतिपय लोगों में बढ़ती हैवानियत पर शीघ्र संज्ञान ले और इसकी रोकथाम के लिए उचित व सख्त कदम उठाये। अगर कहीं प्रशासनिक चूक या लापरवाही हो रही है तो उसमें भी सुधार करने के प्रयास करे ताकि लोगों में हैवानियत खत्म हो और इंसानियत जागे। जनता में इंसानियत जगाने के लिए केवल कानून लागू करने वाली एजेंसियों व पुलिस प्रशासन के साथ ही धर्मगुरुओं, समाजसुधारकों तथा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से बुजुर्गों को अपनी भूमिका निभानी होगी।

–**शकुंतला महेश,** इंदौर

### नशे का अवैध व्यापार

**दिल्ली** पुलिस ने गिरफ्तार अफगानी मूल के दो तस्करों की निशानदेही पर मुम्बई के बन्दरगाह से 345 किग्रा हेरोइन बरामद किया। नशीले पदार्थो की यह खेप पिछले वर्ष कंटेनर में रखकर अफगानिस्तान, ईरान और दुबई के रास्ते नावा शेवा बन्दरगाह मुम्बई मंगाई गई थी। इसे मुलेठी की जड़ों के ऊपर लेप लगाकर भेजा गया था। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1750 करोड़ रुपये आंकी गई। इन्हीं अफगान तस्करों की निशान देही पर 312.5 किलोग्राम मेथामफेटामाइन और 10 किलोग्राम हेरोइन लखनऊ से बरामद की गई। भारत में ड्रग्स तस्कर वर्षो से सक्रिय हैं जो सीमापार से पंजाब, कश्मीर, उत्तरपूर्व क्षेत्रों, समुद्री रास्ते, ड्रोनों द्वारा मादक पदार्थों को सीमा के अंदर बैठे एजेंटों के पास पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। जिसका उपयोग आतंकवाद और अराजकता फैलाने के लिये उपयोग हो रहा है। लेकिन हमारे देश की सक्रिय सुरक्षा व्यवस्था का जाल दिनोंदिन मजबूत हो रहा है। सरकार को चाहिए कि विदेशी तत्वों के इशारे पर नाचने वाले देशद्रोही तत्वों का पता लगाकर उन्हें सख्त सजा देने की ओर ध्यान दे।

–**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव


### बेटियों का संपूर्ण विकास

**बेटियों** को अपने सर्वांगीण विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना आज के दौर में समाज और सरकार का प्रमुख दायित्व है। लैंगिक आधार पर बेटियों से कोई भेदभाव पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर नहीं होना चाहिए। उनकी रूचि के अनुसार उन्हें मार्गदर्शन एवं उस क्षेत्र में उन्नति करने के संसाधन उन्हें सरकार और समाज द्वारा मुहैया करवाए जाने चाहिए। बेटियों के सपनों को साकार करने में सहभागी बनकर सरकार और समाज को समानता का वातावरण निर्मित करने में अपना योगदान प्रदान करना चाहिए। बेटियों के सपने तभी पूरे हो सकते हैं जब हम उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कौशल विकास संबंधी उनकी मूलभूत जरूरतों को उन्हें अच्छे से प्रदान कर सकेंगे। सुदूर इलाकों में बेटियों को कुरीतियों एवं अंधविश्वासों से बचाने के संबंध में भी जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है। बाल विवाह पर भी रोक लगना चाहिए। भ्रूण हत्या हमारे समाज के लिए एक अभिशाप के समान है। महिला विकास के लिए भ्रूण हत्या पर पूरी तरह से रोक लगना भी आवश्यक है।

–**ललित महालकरी,** इंदौर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**पीएफआई** पर देशव्यापी छापों के बाद केवल केरल में दयनीय स्थिति क्यों दिखी? यह केरल के लिए काला दिन है।

– **प्रकाश जावड़ेकर**
भाजपा नेता



**पीएफआई** द्वारा केरल में बुलाई हड़ताल में पूर्व-नियोजित हिंसा दिखी। राज्य में संगठित व हिंसक हस्तक्षेप हुआ है।

– **पिनाराई विजयन**
केरल के मुख्यमंत्री



**यदि** हिंदुस्तान के हिंदू तथा मराठी हिंदू मामला अपने हाथ में ले लें तो ये बदमाश कहां मुंह छिपाएंगे?

– **राज ठाकरे**
मनसे प्रमुख

# आढ़तियों ने किसानों की मुश्किलों को देख अनशन किया समाप्त

## एसोसिएशन के बैनर तले तीन दिन से आमरण अनशन पर बैठे आढ़तिये

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र/शाहाबाद


शाहाबाद अनाजमंडी में वापिस आने के बाद बिट्टू कालड़ा का स्वागत करते हुए आढ़ती।

**हरियाणा** स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के बैनर तले पिछले तीन दिन से आमरण अनशन पर बैठे शाहाबाद अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान करनाल अनाज मंडी से अपने शहर लौट आए हैं। लौटने के बाद उन्होंने अपने कार्यालय में आज पत्रकारों और शाहाबाद के आढ़तियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि किसानों की मुश्किलों को देखते हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने अपना अनशन समाप्त किया है।

उन्होंने बताया कि पिछले आठ दिनों से चल रही आढ़तियों की हड़ताल के बाद हरियाणा सरकार ने ई-नेम पोर्टल की शर्त को वापस ले लिया है। अब पुराने तरीके से ही मंडियों में खरीद हो सकेंगी। उन्होंने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि अब एक अक्टूबर से प्रदेश की सभी मंडियों में सुचारू रूप से फसलों की खरीद हो सकेगी। बिट्टू कालड़ा ने बताया कि अनशन पर बैठने से पहले उन्होंने छह मांगे हरियाणा सरकार से की थीं, लेकिन उनकी तीन मांगों को सरकार ने पूरा किया है, जबकि बाकी तीन मांगें अभी पैंडिंग हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का एक भी मंत्री, विधायक या नेता अनशन पर उनका हाल जानने नहीं आया, बल्कि बीते दिनों हरियाणा सरकार ने किसानो और आढ़तियों को आपस में लड़वाना भी चाहा, जोकि सरकार की एक सोची समझी चाल थी। कालड़ा ने कहा कि किसान और आढ़ती का रिश्ता अनमोल है, इसलिए हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने धान कटाई के बाद किसानो को आ रही परेशानी को देखते हुए अपना अनशन खत्म किया है। बिट्टू कालड़ा ने बताया कि उनके साथ आमरण अनशन पर हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान अशोक गुप्ता, करनाल जिला प्रधान रजनीश चौधरी, राज्य उपप्रधान व सिरसा जिला प्रधान प्रेम बजाज सिरसा, जींद जिला प्रधान राजपाल लाठर, मतलोडा मंडी का प्रधान विजय छाबड़ा और यमुनानगर जिला प्रधान शिव कुमार थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने दिया आश्वासन

**बिट्टू** कालड़ा ने बताया कि सोमवार को करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आश्वासन पर आढ़तियों ने आमरण अनशन को खत्म किया है। वहीं, प्रदेशव्यापी आंदोलन भी वापस ले लिया है। उल्लेखनीय है कि नई अनाज मंडी में धरनास्थल पर आमरण अनशन पर बैठे एसोसिएशन के पदाधिकारियों को पूर्व मुख्यमंत्री ने खुद जूस पिलाया था। साथ ही उनकी मांगों को विधानसभा में उठाने का आश्वासन भी देते हुए कहा कि आढ़तियों की सभी मांगे जायज है और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर उनकी सभी मांगों को पूरा किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री भावन्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का लाभ उठाएं किसान

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**फसल का सही दाम न मिलने और प्राकृतिक आपदाओं के नुकसान पर भरपाई करेगी प्रदेश सरकार**

**सूचीबद्ध फसलों के उत्पादकों को दिया जाएगा लाभ**

**किसानों** की आय में वृद्धि करने व फसल विविधीकरण के तहत लगाई गई बागवानी फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भावन्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से जिला के बागवानी खेती करने वाले किसान फसल की खेती के दौरान व उसके उत्पादन के बाद होने वाले जोखिमों को कम कर सकते है। यह जानकारी सांसद रमेश कौशिक ने दी।

सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई भावांतर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना बागवानी किसानों के लिए एक अभूतपूर्व योजना है। यह योजना किसानों को सब्जियों व फलों के भाव से जोखिम मुक्त कर उन्हें फसल का उचित दाम दिलाने में कारगर साबित हो रही है। कौशिक ने कहा कि कई बार यह देखने मे आया है कि किसान जब अपनी बागवानी की फसल को मंडी में बेचने जाता है तो उसको फसल का सही दाम नही मिल पाता। जिससे किसान हतोत्साहित होकर फिर से पारंपरिक खेती करने का विचार करता है। ऐसे किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार फसल में लगने वाले घाटे (नुकसान) को कम करने के लिए भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत मुआवजा व मूल्य के रूप में प्रोत्साहन धनराशि प्रदान करेगी।

सांसद ने कहा कि इस योजना के तहत निम्नलिखित फसलों आलू, फूल गोभी, गाजर, मटर, टमाटर, प्याज, शिमला मिर्च, बैंगन भिंडी मिर्च, करेला, बंदगोभी, मूली, किन्नू, अमरूद, चीकू,आडू, आलू बुखारा, आम, नाशपाती, लीची, आंवला, बेर, लहसुन व हल्दी आदि को सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त सभी फसलों के संरक्षित मूल्य सरकार द्वारा पहले से निर्धारित किए गए हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### भद्रकाली मंदिर में भक्तों ने ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा


भद्रकाली मंदिर में पूजा करते डीसी शांतनु शर्मा व एसपी सुरेंद्र भौरिया।

**कुरुक्षेत्र।** मां भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में नवरात्रि महापर्व के दूसरे दिन भी भक्तजनों का तांता लगा रहा। पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने बताया कि मां भद्रकाली शक्तिपीठ में मां भद्रकाली को ब्रह्मचारिणी स्वरूप मानकर पूजा अर्चना की गई। ब्रह्मचारिणी में ब्रह्म का अर्थ होता है तपस्या और चारिणी का अर्थ आचरण से है। इन्होंने अपने जीवन में भगवान महादेव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इनका स्वरूप श्वेत वस्त्र में लिपटी हुई कन्या के रूप में है, जिनके एक हाथ में अष्टदल की माला और दूसरे में कमंडल है। मां की पूजा करने से ज्ञान की वृद्धि होती है। मां का स्मरण करने से एकाग्रता एवं स्थिरता आती है। मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने मां भद्रकाली को पंचामृत से स्नान कराया, इसके बाद रोली, अक्षत, चंदन आदि अर्पित किया। सुबह छह बजे मंगला आरती की गई। मां भद्रकाली जी को मां ब्रह्मचारिणी स्वरूप मानकर पीले फूल, गुड़हल और कमल का फूल चढ़ाया। देवी मां ब्रह्मचारिणी को भोग में चीनी, मिश्री और पंचामृत का भोग लगाया गया व दूध और दूध से बनी केसरिया मिठाई, केला आदि फल भी अर्पित की गई। संध्या आरती में डीसी शांतनु शर्मा व एसपी सुरेंद्र सिंह भोरिया सहपरिवार मां के दरबार में अपनी हाजिरी लगाते हुए मां का आशीर्वाद पाने आए। इस मौके पर शिमला देवी, निकुंज शर्मा, हेमराज शर्मा, शकुंतला देवी, धर्मपाल गोयल, संजीव मित्तल, कृष्ण माटा, देवेंद्र गर्ग हाबड़ी, आशीष दीक्षित, राहुल इत्यादि सेवक मौजूद रहे।

### बेटी के जन्मदिन पर झिंवरहेडी स्कूल में बांटे बूट


बलजिंद्र सैनी स्टाफ सदस्यों के साथ छात्रों को जूते बांटते हुए।

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय झिंवरहेडी में समाजसेवी बलजिंद्र सैनी के माध्यम से छात्रों के लिए एक पुण्यात्मक कार्यक्रम किया। जिसमें बलजिंद्र सैनी ने अपनी बेटी वर्णिका के जन्मदिन पर विद्यालय के लगभग 63 छात्रों को बूट वितरित किए। मुख्य अध्यापक मनजीत पूनिया ने बलजिंद्र सैनी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि दान देने से धन नहीं घटता, बल्कि बढ़ता है। इसलिए सभी अभिभावक व गांव के अन्य समाजसेवी अपने व अपने बच्चों के जन्मदिवस पर एक नेक काम अवश्य करें। जैसे बलजिंद्र सिंह ने स्कूल के जरुरतमंद छात्रों को बूट बांटकर पुण्यात्मक कार्य किया है। इस अवसर पर राजपाल, महिन्द्र पाल शास्त्री, मलकीत सिंह सैनी व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### रामलीला में श्रवण कुमार व श्रीराम जन्म का किया मंचन


रिबन काटकर रामलीला का शुभारंभ करते विधायक और अन्य।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** श्रीरामलीला कमेटी की तरफ से श्री बैकुंपुरी हनुमान मंदिर प्रांगण में रामलीला का शुभारंभ मुख्यातिथि हरियाणा शुगरफेड के चेयरमैन व विधायक रामकरण, पूर्व विधायक एंव सहकारिता मंत्री केएल शर्मा, नपा अध्यक्ष गुलशन क्वात्रा व ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाहाबाद की प्रभारी बीके नीति बहन ने दीप प्रज्वलित व रिबन काट कर किया। रामलीला शुभारंभ से पूर्व भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना गई। तत्पश्चात कलाकारों ने श्रवण कुमार व श्रीरामजन्म पर आधारित नाटक का मंचन किया। श्रीरामलीला कमेटी के प्रधान रविंद्र सिंगला ने आए हुए सभी गणमान्य लोगों का सिरोपा डाल कर स्वागत किया। मंच का संचालन कमेटी के सचिव अशोक सेठी ने किया। इस अवसर पर श्रीबाला जी रामलीला कमेटी की तरफ से मुख्यातिथि विधायक रामकरण, पूर्व विधायक केएल शर्मा, नपा प्रधान गुलशन क्वात्रा व बहन नीति को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के चेयरमैन हरीश चुघ, वाईस चेयरमैन गौरव राय अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह, उपाध्यक्ष सोम प्रकाश, कोषाध्यक्ष राजेंद्र रावत, राकेश अरोड़ा, संजीव चुघ, मोहित शर्मा, शुभम साहनी व राकेश वधवा सहित भारी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद थे। दूसरी ओर सत्य सनातन धर्म सभा द्वारा श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर की तरफ से बड़े पर्दे पर आयोजित की जा रही रामलीला का शुभारंभ विधायक रामकरण ने दीप जलाकर किया।

## कुनबा बढ़ाने में लगे कांग्रेस नेता

# हरियाणा में आगामी चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनना तय: प्रेम हिंगाखेड़ी


गांव मछरौली में ग्रामीणों के साथ मौजूद कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**पड़ोसी** राज्य राजस्थान सरकार का मॉडल पेश कर अपना कुनबा बढ़ाने में लगे कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी ने आज गांव मछरौली में करीब 30 ग्रामीणों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई।

राजीव गांधी ब्रिगेड प्रदेश सचिव और वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी मंगलवार को पत्रकारों के साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 के गणित को लेकर मंथन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस बार विधानसभा का चुनाव राजस्थान सरकार का मॉडल पेश करके लड़ा जाएगा। उन्होंने बताया राजस्थान राज्य के मुकाबले कई ऐसी सुविधाएं है, जिनसे हरियाणा के नागरिक वंचित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हुड्डा सरकार के समय बुढ़ापा पेंशन और विधवा पेंशन 2200 रूपए की गई थी, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार को आठ साल हो चुके हैं और अभी तक सिर्फ 2500 रुपये बुढ़ापा और विधवा पेंशन की गई है। करीब दो साल पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पेंशन को 2750 रुपये करने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक पेंशन में वृद्धि नहीं हुई है।

गांव मछरौली से राजेश वाल्मीकि, हरदियाल सरपंच, मोनू, बाबू, शिव कुमार, जसबीर, मोंटी, अजय, अंग्रेज डाक्टर, लाडी, प्रिन्स, साहिल, सूरज, बलवंत, सचिन, प्रदीप, दास राम, प्रदीप ने सदस्यता ग्रहण की।

## पोक्सो अधिनियम के तहत सुनाई, 20 साल कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश पायल बंसल की अदालत ने पोक्सो अधिनियम के तहत दोषी गोल्डी को 20 साल कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

जिला उप न्यायवादी भूपेन्द्र कुमार ने बताया कि 11 सितम्बर 2020 को थाना शाहबाद के अन्तर्गत रहने वाले एक व्यक्ति ने थाना शाहाबाद पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि वह तीन भाई हैं।

उसके छोटे भाई जिसकी उम्र 14 साल ने 11 सितम्बर 2020 को उसको बताया कि जिस समय वह घर के बाहर खेल रहा था, उसी समय उसको गोल्डी बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया और सरकारी स्कूल के बाथरुम में उसके साथ कुकर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में पोक्सो एक्ट व 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार को सौंपी गई। नाबालिग लड़के के ब्यान धारा 164 सीआरपीसी के तहत माननीय न्यायालय में दर्ज करवाए गए। 12 सितम्बर 2020 को मामले के आरोपी गोल्डी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सात को श्रीअखंड पाठ साहिब शुरू होगा

**ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं नाडा साहिब में होगा आयोजन**

**सिख संगत की ओर से हरियाणा कमेटी मुख्यमंत्री को करेगी सम्मानित**

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा।

**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा ने बताया कि श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी महाराज का शुक्राना करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सात अक्टूबर को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं नाडा साहिब में श्रीअखंड पाठ साहिब शुरू करवाया जाएगा, जिसके समापन पर नौ अक्टूबर को कमेटी द्वारा हरियाणा के सिख समाज की ओर से मुख्यमंत्री को सम्मानित किया जाएगा।

वे ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के चलते एक अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में होने वाला कमेटी का आम इजलास स्थगित कर दिया गया है। कमेटी के आम इजलास की नई तिथि नाडा साहिब में होने वाले कार्यक्रम के बाद घोषित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि देर रात्रि नाडा साहिब में हुई बैठक में सर्व सम्मति से फैसला लिया गया है कि कमेटी के सभी पदाधिकारी और सदस्य मिल जुल कर काम करते हुए आपसी भाईचारे को बनाए रखेंगे।

गुरुद्वारा कमेटी नए एक्ट के तहत ही काम करते हुए हरियाणा के सभी ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान की सेवा संभालेगी। एक प्रश्न के जवाब में जगदीश सिंह झींडा ने बताया कि हरियाणा के सभी ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान में रखी गुरु की गोल्लक नियमानुसार खोली जा रही है और संगत के चढ़ावे का पूरा हिसाब गुरुद्वारा साहिबान के मैनेजरों द्वारा रखा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष 2014 में जब हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी एक्ट का गठन हुआ था और सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्टेटस-को लगाया था, तभी से सभी मैनेजरों ने अलग से बैंक खाते बना कर गुरुद्वारा साहिब में आने वाले चढ़ावे का हिसाब-किताब रखना शुरू कर दिया था।

उन्होंने प्रदेश भर की सिख संगत से आह्वान किया कि वे अपने-अपने गुरुघरों में जाकर नाम जपे और गुरु चरणों में अरदास करे कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, हरियाणा की संगत को यहां के गुरुद्वारा साहिबान की सेवा खुशी-खुशी सौंप दे। इस अवसर पर प्रगट सिंह सोढी, पलविंद्र सिंह किशनगढ़, साहब सिंह खेड़ी गाजियां, जोगिंद्र सिंह झींडा, आजाद सिंह लोहारा, विक्रम सिंह लोहारा, मेजर सिंह, हरमेल सिंह आदि थे।

## रामलीला में सीता स्वयंवर का भव्य मंचन

**मंच पर अलग-अलग किरदार में आए कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया**

**कुरुक्षेत्र।** नेताजी सुभाष पार्क में सोमवार रात्रि जयश्री शारदा रामलीला ड्रामाटिक क्लब द्वारा सीता स्वयंवर एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद का भव्य मंचन किया गया। महासचिव नरेश चौधरी ने बताया कि रामलीला के सहयोगी मनीष शर्मा एवं कांता देवी ने बतौर मुख्यातिथि मां शारदा की आरती में हिस्सा लिया। प्रधान सतीश शर्मा व अन्य सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत करके स्मृति चिन्ह प्रदान किया। रामलीला के मंच पर मनोहारी दृश्यों एवं संवाद अदायगी के कायल दर्शकों ने कलाकारों के नाम से नगद ईनाम राशि रामलीला पदाधिकारियों को सौंपी।

# पर्यटन के क्षेत्र में करियर की असीमित संभावनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सराय** ख्वाजा फरीदाबाद के गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जूनियर रेडक्रॉस गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर कार्यक्रम में करियर ऑप्शन बारे में जागरूक किया।

सराय ख्वाजा विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने जिन प्रमुख उद्योगों को सबसे अधिक क्षति पहुंचाई है उनमें से पर्यटन उद्योग भी है। पर्यटन का व्यापार से अभिन्न संबंध है, परंतु आज यह स्वयं अपने आप में एक उद्योग हो चुका है और पिछले तीन वर्षों में इस पर कोविड महामारी के कारण लगे लॉकडॉउन और पाबंदियों का अत्यधिक दुष्प्रभाव पड़ा है।

इस वर्ष का पर्यटन दिवस का संदेश रिथिंकिंग टूरिज्म रखा गया है। हमारे देश की अर्थव्यवस्था इसे प्रतिबिंबित करेगी। इसका उद्देश्य शिक्षा और नौकरियों के माध्यम से और ग्रह पर पर्यटन के प्रभाव और अधिक स्थायी रूप से विकसित होने के अवसरों सहित विकास को पर्यटन पर पुनर्विचार के बारे में बहस को प्रेरित करना है। ग्लासगो घोषणा पर्यटन में जलवायु कार्रवाई में तेजी लाने और अगले दशक में उत्सर्जन को आधा करने और 2050 से पहले शुद्ध शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के लिए वैश्विक लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए मजबूत प्रतिबद्धताओं को सुरक्षित करने के लिए एक समझौता है।

पर्यटन पृथ्वी पर प्रत्येक दस व्यक्तियों में से एक को आजीविका देता है। पर्यटन ने 2022 के पहले पांच महीनों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा जिसमें 250 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय आगमन दर्ज किए गए। इसका तात्पर्य है कि इस क्षेत्र ने पूर्व-महामारी 2019 के स्तर का आधा (46प्रतिशत) ठीक कर लिया है।

# स्नेक्स इन दी गंगा ब्रेकिंग इंडिया 2.0 पुस्तक का लोकार्पण



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अति-प्रतीक्षित** पुस्तक, स्नेक्स इन दी गंगा ब्रेकिंग इंडिया 2.0 का सोमवार को दत्तात्रेय होसबले, स्वपन दासगुप्ता, सुधांशु त्रिवेदी, प्रकाश सिंह एवं आनंद नरसिंहन द्वारा नई दिल्ली के चिन्मय मिशन प्रेक्षागृह में इन्फिनिटी फाउंडेशन एवं ब्लूवन इंक प्रकाशन द्वारा लोकार्पण किया गया। इस पुस्तक के लेखक राजीव मल्होत्रा एवं लेखिका विजया विश्वनाथन हैं। इस पुस्तक में भारत की अरक्षितता से संबंधित किंचित असुविधाजनक सत्य के अनावरण हेतु एक निर्भीक प्रयास किया गया है।

इस पुस्तक के विषय में अपनी प्रशंसा को व्यक्त करते हुए होसबले ने कहा, मुझे आशा है कि यह पुस्तक बुद्धिजीवियों द्वारा उत्साह के साथ प्राप्त की जाएगी और जिस उद्देश्य से इसे प्रकाशित किया गया है, वह प्राप्त होगा। स्वपन दास गुप्ता ने कहा, मैं राजीव मल्होत्रा और विश्वनाथन को समय निकालने और इस अभूतपूर्व मूल्यवान शोध को करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

प्रकाश सिंह ने पुस्तक की प्रशंसा में कहा कि स्नेक्स इन दी गंगा उन कुछ पुस्तकों में से एक है जिन्हें मैं आंखें खोलने वाला मानता हूं। मैंने जो कुछ भी पढ़ा है उसने मुझे शिक्षित किया है, मुझे समझदार बनाया है और मुझे सचेत भी किया है। इस पुस्तक पर टिप्पणी देते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पुस्तक में जो कुछ भी लिखा गया है वह भारत के खिलाफ एक बहुत ही महत्वपूर्ण और खतरनाक षड्यंत्र की ओर संकेत कर रहा है और इससे शारीरिक, मानसिक और संवैधानिक रूप से निपटा जाना चाहिए। आनंद नरसिंहन ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से लेखक अरबपतियों को वैसे ही जगाना चाहते हैं जैसे जाम्बवंत ने हनुमानजी को जगाया था।

पुस्तक के लोकार्पण के बाद एक ज्ञानवर्धक प्रशोत्तरी-सत्र में लेखक राजीव मल्होत्रा और लेखिका विजया विश्वनाथन ने विचारों के पारितंत्र और भारत को पुन: उपनिवेश बनाने हेतु जो नए युवा नेता संस्थाओं से निकल रहे हैं, इन सबके विषय में चर्चा की।

## रिहायशी क्षेत्रों में हुए जलभराव की जल्द होगी निकासी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त वीएस कुंडू ने जिला के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात से रिहायशी क्षेत्रों में हुए जलभराव की तुरंत निकासी की जाए व कृषि क्षेत्र में आगामी 15 अक्टूबर तक निकासी का कार्य पूरा कर लिया जाए ताकि किसानों को रबी सीजन की फसलों की बुवाई में किसी प्रकार की परेशानी न आए।

बीते दिनों हुई बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने की त्वरित कार्यवाही के लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग झज्जर के जिला प्रशासन की सराहना की है। तेजी से रिहायशी व कृषि क्षेत्रों में जल निकासी के पुख्ता प्रबंध किए गए। बरसात से जिन किसानों की फसल क्षतिग्रस्त हुई है वे किसान 72 घंटों के अंदर-अंदर ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नुकसान की भरपाई के लिए आवेदन कर सकते हैं।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्त्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060123626204 **बाला जी बिल्डिंग मैटेरियल एंड हार्डवेयर (ऋणी),** रेखा देवी (सह-ऋणी), नितिश कुमार (सह-ऋणी), चरण सिंह (सह-ऋणी) | 14 फरवरी 2022 ₹ 1047677/- अक्षरे दस लाख सैंतालिस हजार छह सौ सतेतर मात्र दिनांक 11 फरवरी 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित खेवात नं. 424, खाता नं. 440, मुस्तिल नं. 68, किला नं. 27/2(77-15), मौजा - गुडीयानी, तहसील - कोसली, जिला - रेवाडी, हरियाणा **क्षेत्रफल 105 वर्ग गज**, पूर्व : रोड, पश्चिम : श्रीमती गीता देवी का प्लॉट, उत्तर : रोहिताश की सम्पत्ति, दक्षिण : रोड | 23 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060122581979 **कमल शर्मा (ऋणी),** निकिता शर्मा (सह-ऋणी), कुलदीप शर्मा (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 429076/- अक्षरे चार लाख उनतीस हजार छियेतर मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित दुकान नं. 08, आवासीय कॉलोनी, कृष्णा कुंज ब्लॉक ए -8, किला नं. 18, ग्राम सनपली, उपतहसील, धरूहेडा, तहसील व जिला - रेवाडी, हरियाणा **क्षेत्रफल 31 वर्ग गज**, पूर्व : रोड, पश्चिम : दुकान नं. 9, उत्तर : दुकान नं. 7, दक्षिण : रोड | 22 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060120278572 व L9001061121165016 **शेरसिंह स्टील एंड वेल्डिंग वर्क्स (ऋणी),** कमला (सह-ऋणी), लक्ष्मी नारायण (सह-ऋणी), लाल चन्द (सह-ऋणी), नितेश (सह-ऋणी) | 17 मई 2022 ₹ 690307/- अक्षरे छह लाख नब्बे हजार तीन सौ सात मात्र व ₹ 157345/- अक्षरे एक लाख सतावन हजार तीन सौ पैंतालिस मात्र दिनांक 16 मई 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित वार्ड नं. 12, अन्दर आबादी लाल डोरा बानस मौहल्ला महेंद्रगढ, हरियाणा **क्षेत्रफल 74 वर्ग गज**, पूर्व : बसन्ती देवी की सम्पत्ति, पश्चिम : संयुक्त सडक, उत्तर : एमसी रोड, दक्षिण : राधे का मकान | 23 सितम्बर 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060122449829 **परमिंदर डेयरी (ऋणी),** परवेंद्र (सह-ऋणी), मुकेश देवी (सह-ऋणी) | 13 जून 2022 ₹ 1005002/- अक्षरे दस लाख पाँच हजार दो मात्र दिनांक 10 जून 2022 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित मुस्तिल नं. 70, किला नं. 2/6/1(0-14), 3/2(0-8), 8/2(0-7), मौजा - झागडोली, महेंद्रगढ, हरियाणा **क्षेत्रफल 14.50 वर्ग मारला**, पूर्व : ताराचन्द का प्लॉट, पश्चिम : रामअवतार का प्लॉट, उत्तर : रामफाल आदी, दक्षिण : कच्ची सडक व मलखान का मकान | 23 सितम्बर 2022 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थान: हरियाणा** **दिनांक: 27-सितम्बर-2022** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# 'सैंया भए कोतवाल' नाटक ने की व्यवस्था पर चोट, हंसी के रंग में रंगे दर्शक

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**न्यू उत्थान** थियेटर ग्रुप के 13वीं वर्षगांठ के अवसर पर हरियाणा कला परिषद व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के संयुक्त सहयोग से आयोजित दो दिवसीय उत्थान उत्सव के समापन अवसर पर वसंत सबनीस के लिखे और संजय भसीन के निर्देशन में हास्य नाटक सैंया भए कोतवाल का मंचन किया गया। हास्य-व्यंग्य से भरपूर नाटक को देखने भारी संख्या में लोग कला कीर्ति भवन में पहुंचे। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं संस्कृति विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पुनिया अतिथि के रूप में पहुंचे। वहीं व्यापार मण्डल के अध्यक्ष



मंच पर नाटक की प्रस्तुति देते कलाकार।

धीरज गुलाटी तथा समाजसेवी शैलेंद्र पराशर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नाटक के दौरान मंच संचालन विकास शर्मा ने किया। नाटक से पूर्व अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज सेठी, हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन, डॉ. महा सिंह पुनिया आदि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। उत्थान उत्सव में जहां पहले दिन हास्य नाटक 'पंचलाइट' ने लोगों को गुदगुदाया, वहीं दूसरे दिन नाटक 'सैंया भए कोतवाल' में हास्य-व्यंग्य के माध्यम से व्यवस्था पर चोट करते हुए कलाकारों ने भ्रष्टाचार की पोल खोलने का कार्य किया। तमाशा शैली में मंचित नाटक में सूर्यपुरनगर की कहानी को दिखाया गया।

### किरदारों ने कलाकारी से सभी को गुद-गुदाया

**मूर्ख राजा** रणधीरा के कोतवाल के मरने के बाद सभी को नए कोतवाल की चिंता लग जाती है। जिसका फायदा प्रधान उठाता है और अपने बेवकूफ साले को कोतवाल बना देता है। राज्य का हवलदार और सिपाही नए कोतवाल को देखकर खुश नहीं होते और उसे फंसाने की तरकीब सोचने लगते हैं। कोतवाल से बात करने पर हवलदार को पता चलता है कि उसे गाना सुनने का शौंक है। ऐसे में हवलदार अपनी प्रेमिका मैनावती के साथ मिलकर कोतवाल को फसाने की चाल चलता है और कोतवाल के आगे मैनावती के प्यार का झांसा डाल देता है। नाटक में कोतवाल की भूमिका में रंगकर्मी व प्राध्यापक शिव कुमार किरमच ने अपनी कलाकारी से सभी को लोटपोट कर दिया। वहीं हवलदार की भूमिका में रजनीश भनौट, मैनावती पारुल कौशिक, राजा आश्रय शर्मा, सिपाही गौरव दीपक जांगड़ा, सख्या राजीव कुमार तथा प्रधान की भूमिका में चंचल शर्मा ने अपनी हिस्सेदारी दी।

## संक्षिप्त-समाचार

### प्रवीण वर्मा बने लायन्स क्लब सोनीपत के अध्यक्ष



नवनियुक्त प्रधान प्रवीण वर्मा का स्वागत करते लायन्स क्लब के पदाधिकारी।

**सोनीपत।** लायन्स क्लब सोनीपत का अधिष्ठापन समारोह मुरथल रोड पर स्थित लायन्स कम्पलैक्स में आयोजित हुआ। जनपदपाल लायन विरेन्द्र महता ने प्रवीण वर्मा व सभी पदाधिकारियों को विधिवत रूप से अधिष्ठापित किया। लायन जेपी. सिंह पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक ने दीप प्रज्जवालित करके सभा को आगाज किया। समारोह में पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लायन डॉ. नरेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व जनपदपाल लायन अनिल सेठ ने सभी का स्वागत करते हुए सोनीपत क्लब द्वारा किये जा रहे पिछले 50 वर्षो की सेवा कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर लायन अनिल सेठ को इंटरनेशनल प्रेसिडेंट मेडल से सम्मान्ति किया। लायन प्रवीण वर्मा, राजेन्द्र गोयल, डॉ. आरके गुप्ता, शिव शंकर शर्मा, डीके जैन, आकाश गुप्ता को इंटरनेशनल सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। लायन रमन गुप्ता पूर्व लायन अनिल सेठ ने प्रोत्साहन संदेश दिया। लायन अजय गोयल ने प्रवीण वर्मा व उनकी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर प्रधान प्रवीण वर्मा ने सोनीपत क्लब द्वारा विभिन्न सेवा कार्य करते हुए बेटियों को पांच साइकिलें, पांच महिलाओं को सिलाई मशीनें व साडियां भेंट की गई। वृद्ध आश्रम के लिये राशन और कुष्ट आश्रम के लिये दवाईयां पट्टियां आदि भेंट की गईं। एक गरीब जरूरतद बेटी की स्कूल की फीस के लिये 51 सौ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके साथ पांच एम्बुलेंस चालकों को सम्मानित किया गया। सोनीपत क्लब की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयन्ती समारोह के अन्तर्गत एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कुमारी छवि और कुमारी तृप्ति व कुमारी राजेशी ने नृत्य व गीत प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर जनपद से पधारे अनेक महेमानों, शहर की स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति मौजूद हुए। मंच संचालन लायन्स डॉ. अनीता गोयल व सुभाष वशिष्ठ ने किया। इस अवसर पर भारत भुषण दुआ, पूर्व जनपदपाल दीपक तलवार, दिनेश, दीपक, जोशी, सुधीर सिंगला, एमआर. शर्मा, प्रमोद सपड़ा, गुरुचरण घई ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं।

### आज निकलेगा पदों का ड्रॉ: डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम ने बताया कि हरियाणा सरकार के अध्यादेश हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन संशोधित नियमावली 2021 के नियम पांच में किए गए प्रावधान के अनुसार फरीदाबाद जिला परिषद के वार्डो में पिछड़ा वर्ग क के की सीटों का आरक्षण का ड्रा 28 सितंबर को सुबह 11 बजे डीसी कार्यालय के प्रथम तल का कक्ष 106 में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति आरक्षण के ड्रॉ आफ लाट की कार्रवाई देख सकते हैं। डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम ने आगे बताया कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन संशोधित नियमावली 2021 के नियम 5 में किए गए प्रावधान के अनुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालयों में भी 28 सितम्बर को ही पिछड़ा वर्ग क के लिए पंचायत समिति सदस्य, सरपंच पद, व पंचायत पंच पद के वार्डों के आरक्षण का ड्रॉ भी निकाला जाएगा। इच्छुक व्यक्ति वहां पर भी ड्रॉ ऑफ लाट के माध्यम से विकास एवं पंचायत कार्यालय में पहुंचकर कार्रवाई देख सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि तिगांव खंड के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के तिगांव के कार्यालय में, बल्लभगढ़ खंड के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बल्लभगढ़ कार्यालय में और फरीदाबाद ब्लॉक के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी फरीदाबाद के कार्यालय में उपस्थित होकर 28 सितंबर को ड्रॉ ऑफ प्लॉट की कार्रवाई देख सकते हैं।


# विजिलेंस ने एएसआई को रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

## टीम ने छह हजार की नगदी के साथ दबोचा, नौ हजार ले चुका था पहले

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**विजिलेंस** टीम ने पिहोवा सिटी थाना में तैनात एएसआई जयभगवान को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस संबंध में संजू निवासी चीका जिला कैथल ने शिकायत दर्ज करवाई थी। पीड़ित संजू ने बताया कि पिहोवा सिटी थाना में तैनात एएसआई जयभगवान उससे 15 हजार रुपये की डिमांड कर रहा है।

15 हजार रुपये में से वह एएसआई को दो बार में नौ हजार रुपये दे चुका है। अब वह छह हजार रुपये की डिमांड कर रहा है। विजिलेंस विभाग ने मामले को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार टीम ने संजू को छह



आरोपी एएसआई जयभगवान।

हजार रुपये देकर एएसआई के पास भेजा। एएसआई ने संजू को पिहोवा कोर्ट में बुलाया। पीड़ित संजू ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उसने किसी व्यक्ति से रुपये उधार में लिए थे और वह समय पर उसके पैसे नहीं दे पाया। इसके बाद उस व्यक्ति ने पिहोवा सिटी थाना में दर्खास्त दी थी। दर्खास्त की जांच एएसआई जयभगवान कर रहा था। मैंने उस व्यक्ति के उधार लिए पैसे भी वापस दे दिए, लेकिन उसके बाद भी एएसआई उससे राजीनामा के नाम पर 20 हजार रुपये की डिमांड की। अगर नहीं दिए, तो धारा 420 के तहत फंसाने की धमकी दी। इसके बाद 15 हजार रुपये में सौदा तय हो गया। उसने दो बार में एक बार पांच हजार व दूसरी बार चार हजार रुपये कुल नौ हजार रुपये एएसआई को पहले दे दिए थे। इसके बाद छह हजार रुपये मांगने लगा। वह परेशान हो गया। इसके बाद उसने सारी बात विजिलेंस को दी। विजिलेंस इंस्पेक्टर जोगिंद्र सिंह ने बताया कि एएसआई को छह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथो काबू किया गया है।

### टीम ने गिरफ्तारी के लिए पहले से बनाई योजना

**कोर्ट** के बाहर एक कार में बैठे एएसआई जयभगवान को जैसे ही संजू ने एएसआई को छह हजार रुपये दिए। उसी समय विजिलेंस ने रेड मार कर एएसआई जयभगवान को रंगे हाथों काबू कर लिया। संजू को दिए गए नोटों के सीरियल नंबर की मिलान की गई, तो वह वही नोट पाए गए। विजिलेंस की टीम एएसआई जयभगवान को अपने साथ लेकर कुरुक्षेत्र कार्यालय में ले आई। विजिलेंस ने एएसआई की कार को भी कब्जे में ले लिया है।

# जीवीएम कॉलेज में नारा लेखन स्पर्धा का हुआ सफल आयोजन



विजेता छात्राओं के साथ कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**जीवीएम** गर्ल्ज कॉलेज की लीगल लिट्रेसी सैल के तत्वावधान में आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में एमएससी गणित उत्तरार्द्ध की छात्रा रूमा ने बाजी मारी। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने विजेताओं को बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

लीगल लिट्रेसी सैल की संयोजक डॉ. रेनू रानी ने बताया कि सिग्निफिकेंस एंड रेलेवेंस ऑफ लीगल लिट्रेसी इन द इंडियन कंटेस्ट विषय पर आयोजित नारा लेखन स्पर्धा में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कालेज की प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिता में रूमा ने प्रथम तथा एमएससी गणित उत्तरार्द्ध की छात्रा अन्नू ने द्वितीय और छात्रा प्रियांशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। नैन्सी को

### नारा लेखन में छात्रा रूमा रहीं विजेता

सांत्वना पुरस्कार से सुशोभित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्राध्यापिका संगीता सिंह, डा. अनीता सैनी और रोहिणी मदान शामिल रही। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया ने उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं को भी प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में कानूनी साक्षरता का महत्व बहुत अधिक बढ़ गया है। ऐसे में इस विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन करना स्वागत योग्य है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि इस प्रकार की जानकारी का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें। इस मौके पर प्रतियोगिता की संयोजक डा. रेनू रानी ने प्राचार्या व सहयोगी प्राध्यापिकाओं का धन्यवाद किया।

# ग्रामीण क्षेत्र में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए हो रहे बेहतर कार्य

### ओरिएंटेशन कार्यक्रम में डीसी विक्रम ने की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में मिशन बुनियाद का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ डीसी विक्रम ने किया। उन्होंने वहां उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत कम ही लोग ऐसे होते है जो बिना कोचिंग किए अव्वल प्रीक्षा जैसे आईआईटी वगैरह पास कर ले। इसी को दूर करने क लिए नवीन मिश्रा ने इनिशिएटिव लिया है। वह बच्चे बेहतर एजुकेशन हासिल कर लें।

आपकों बता दें मिशन बुनियाद हरियाणा सरकार कि एक महत्वकांशी योजना है, जिसके तहत नौवीं और दसवीं के चयनित विद्यार्थियों को पढ़ाया जाएगा। प्रोग्राम के तहत चुने हुए विद्यार्थियों को सप्ताह मे तीन दिन अपने दिए हुए सेटेलाइट सेंटर में आना होगा। रेवाड़ी स्थित स्टूडियो से अध्यापक उन बच्चों को टेक्नोलॉजी के माध्यम से पढ़ाएंगे और साथ में हफ्ते के अन्य तीन दिन उन बच्चों को मोबाइल-टैबलेट जो उन्हें सरकार द्वारा मुहैया कराया जायेगा। उससे भी शिक्षा हासिल कर सकेंगे। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए तीन केंद्र गनौर, गुहाना और बीसवांमील में स्थापित किए गए हैं।

# लाडवा में नौ वर्ष बाद शुरू हुई रामलीला पहले दिन राम जन्म दृश्य का हुआ मंचन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**लाडवा** की श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा शहर के ठाकुरी देवी स्कूल के नजदीक नौ वर्ष बाद रामलीला का शुभारम्भ किया गया। समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने बताया कि शहर में रामलीला के प्रति लोगों का उत्साह और उनकी इच्छा देखते हुए शहर में एक बार फिर रामलीला मंचन का शुभारम्भ किया गया। जिसमें प्रथम रात्रि पर राम जन्म दृश्य का मंचन किया गया।

पहले दिन रामलीला का शुभारम्भ स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा रिबन काट कर किया गया। उन्होंने रामलीला मंचन पर सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में रामलीला का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। जब बच्चे और युवा पीढ़ी सारा दिन मोबाइल और इंटरनेट में व्यस्त है।

क्योंकि रामलीला से न केवल हमारी संस्कृति का प्रचार प्रसार हो रहा है। बल्कि युवाओं का कला व अभिनय में भी रूचि की बृद्धि होती है। उन्होंने कलाकारों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप अभिनय पर ध्यान दीजिए व पूर्ण समर्पण व शुद्धता के साथ अपने पात्र निभाएं और इसके अलावा किसी प्रकार की चिंता न करें। क्योंकि वह समिति की हर जरुरत में उनके साथ खड़े हैं। रामलीला के पहले दिन ही दर्शकों में भारी जोश व उत्साह था। समिति के सरंक्षक जोगध्यान व सुशील गर्ग ने मुख्यातिथि संदीप गर्ग को स्मृति चिन्ह भेंट किया और राम जन्म के अवसर पर



रामलीला में समिति के सरंक्षक व सदस्य समाजसेवी संदीप गर्ग को सम्मानित करते हुए।

लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया।

दशरथ का पात्र समिति के निर्देशक कुश गर्ग, वशिष्ट का पात्र विक्रम सैनी, श्रृंगी ऋषि का पात्र जसवंत अरोड़ा, राम का पात्र अमित सिंघल, लक्ष्मण का पात्र राजेश वर्मा, मारीच का पात्र विपिन शर्मा, सुबाहु का पात्र कृष्ण कुमार, विश्वामित्र का पात्र कृष्ण ठाकुर बकाली द्वारा बेहतरीन ढंग से निभाया गया।

मंच संचालन जगमोहन शर्मा व कलाकारों का मेकअप अरुण करूड़वाल द्वारा किया गया। सोमी एंड पार्टी ने दर्शकों के मनोरंजन के लिए कॉमेडी प्रस्तुत की। मौके पर महेश गोसाईं, राकेश गर्ग बबली, नरेश गर्ग, घनश्याम कम्बोज, शिव गुप्ता, विजु सैनी, अनिल मलिक, हेमंत सैनी, इशू कम्बोज, योगिन्द्र कम्बोज, रणित कम्बोज, मिंटू कम्बोज, विशाल, सुमित सिंघल, शुभम, संकेत, सौरभ, सोमी, देवराज आदि मौजूद थे।

## सेवा पखवाड़ा के तहत प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है पोषण अभियान

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम के दिशा-निर्देश पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सीहि में पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण माह में महिला एवं स्वास्थ्य, 'खेलो एवं पढ़ो' तथा 'पोषण' विषयों पर स्लोगन प्रतियोगिता तथा ड्राइंग प्रतियोगिता करवाई गई।

इस प्रतियोगिता मे बच्चों ने भाग लिया तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी, मीनाक्षी चौधरी की अध्यक्षता में और सुषमा यादव बदलाव एक कोशिश ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। इनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार निकाला एवं उन्हें इनाम नकद राशी भी दी गई। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ.मंजू श्योराण व अनीता गाबा ने सयुक्त रूप से सभी बच्चों को अपने एनीमिया की जांच कराने को कहा वहीं अपनी सेहत का ध्यान रखने के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया।

# हरी पत्तेदार सब्जियों एवं उचित खानपान का ध्यान रखें गर्भवती महिलाएं :जाटियान

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**महानिदेशक** आयुष हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सुदेश जाटियान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत पांचवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के चलते आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा मंगलवार को जीएडी मथाना व जीएडी धुराला में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. सुदेश जाटियान द्वारा जीएडी मथाना में भगवान धनवन्तरी को पुष्पार्पण कर व दीप प्रज्जवलन कर भव्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करवाने वाली माताओं को जानकारी देते हुए बताया कि घर में हरी पत्तेदार सब्जियों, पालक, बथुआ, गुड़, चना, सरसों का साग एवं फल आदि का नियमित रुप से सेवन करें। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में ऐसी बहुत जड़ी बुटियां उपलब्ध है, जिनके प्रयोग से गर्भवती



शिविर में योग सिखाते हुए अधिकारी।

महिलाओं, स्तनपान करवाने वाली महिलाओं इत्यादि में होने वाली खून की कमी, कैल्शियम की कमी को ठीक किया जा सकता हैं।

जीएडी मथाना व जीएडी धुराला में आयोजित स्वास्थ्य कैम्प में आयुष विभाग के अनुभवी विशेषज्ञों डॉ. मीना, डॉ. स्मृति गुप्ता, डॉ. तृप्ता एवं डॉ. रीतू द्वारा गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करवाने वाली माताओं, शिशुओं को विभिन्न स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों पर व्याख्यान दिया। साथ ही कैम्प में उपस्थित रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक फार्मासिस्टों द्वारा पोषण किट वितरित भी की गई।

आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति द्वारा 415 मरीजों का इलाज किया गया। जीएडी मथाना व जीएडी धुराला में आयोजित कैम्प में आयुष विभाग के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा औषधीय पौधों जैसें तुलसी, अमरूद, नीम, सदाबहार, सहजन व गिलोय

### जीएडी मथाना व जीएडी धुराला में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

### चिकित्सकों ने दीं अहम जानकारियां

आदि का रोपण किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सुदेश जाटियान ने बताया कि पोषण माह के दौरान विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिनमें महिला एवं बाल विकास विभाग, आयुष विभाग के चिकित्सक रीना, पूनम रानी, अनुराधा, सिम्मी लोंगिया, आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक फार्मासिस्टों आशा वर्कर, एएनएम व अन्य स्टाफ अपना पूरा सहयोग दे रहा हैं।

योग सहायक सविता व रोहताश कुमार द्वारा कैम्पों में आये हुए लोगों को स्वस्थ रहने के लिए योग का अभ्यास करवाया गया। कैम्प के दौरान महिलाओं में योग के प्रति काफी उत्साह देखने को मिल रहा हैं। इस प्रकार के शिविर को उद्देश्य रोगों के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ महिलाओं, किशोरियों और शिशुओं को निरोगी बनाना हैं।

# टाटा मोटर्स ने योद्धा 2.0, इंट्रा वी20 बाइ-फ्यूल और इंट्रा वी50 को लॉन्च किया

### देशभर में ग्राहकों को 750 नये पिकअप्स की आपूर्ति की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/फरीदाबाद

**भारत** में वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने आज योद्धा 2.0, इंट्रा वी20 बाइ-फ्यूल और इंट्रा वी50 को लॉन्च किया। कंपनी ने इन उत्पादों की पेशकश के साथ ही देश के तेजी से बढ़ रहे पिकअप सेगमेंट में नए मानक स्थापित किये हैं। यह मजबूत और शानदार पिकअप्स एकदम नई बोल्ड डिजाइन में उतारे गए हैं।


ये नए वाहन भार उठाने की सबसे ज्यादा क्षमता, डेक की सबसे ज्यादा लंबाई और सबसे लंबी रेंज की पेशकश करते हैं। इनमें सुरक्षित और आरामदायक ड्राइव के लिये जरूरी कई आधुनिक फीचर्स मौजूद हैं। नये योद्धा 2.0, इंट्रा वी20 बाइ-फ्यूल और इंट्रा वी50 को शहरों एवं गांवों में अलग-अलग तरह की जरूरतों में इस्तेमाल करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये पिकअप्स तेजी से बढ़ रहे कृषि, पोल्ट्री और डेयरी सेक्टर्स की मोबिलिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए एकदम आदर्श वाहन हैं।

पिकअप्स की नई श्रृंखला को लॉन्च करते हुए, टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कहा, हमारे छोटे वाणिज्यिक वाहन लाखों ग्राहकों को आजीविका देने और और उन्हें सफल बनाने के लिये जाने जाते हैं। ग्राहक अपने कारोबार को बढ़ाना चाहते हैं और एक बेहतर जीवन जीने की चाहत रखते हैं, ऐसे में उन्हें हमारी पिकअप्स की नई श्रृंखला में एकदम उपयुक्त साथी मिलेगा। इन वाहनों को उनकी लगातार बदल रही आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये विशेष रूप से साथ मिलकर विकसित किया गया है। इन पिकअप्स के हर पहलू की इंजीनियरिंग बारीकी से की गई है, जिससे ये शहरों, गांवों और उपनगरों में मोबिलिटी की अलग-अलग जरूरतों को पूरी दक्षता से पूरा कर सकते हैं। इनका डिजाइन नया और बोल्ड है और यह भारी कार्गो के लिये सबसे ज्यादा पेलोड क्षमता की पेशकश करते हैं। भारी सामानों को उठाने के लिए सबसे लंबी डेक लेंथ के साथ आते हैं। इनका पावर-टू-वेट रेशियो सबसे अधिक हैं, अधिकतम दूरी तय करने के लिये इनकी रेंज सबसे लंबी है और तनाव-मुक्त ड्राइविंग के लिये यह पिकअप्स सुरक्षा और सुविधा के आधुनिक फीचर्स की पेशकश करते हैं।

# मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग कर अपने स्वास्थ्य का रखें ख्याल : रामकुमार

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने अपने कार्यालय सिरसला रोड कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आमजन को सामाजिक कार्यो व जरूरतमंद लोगों के सेवा के लिए अलावा हमें पशु-पक्षी, जीव-जंतु की सेवा भी करनी चाहिए। अब गर्मी की तेज धूप से पशु-पक्षी व जीव-जंतु पीने के पानी से तरस जाते हैं।



रामकुमार रंबा।

अत: हमें सभी को पक्षियों के लिए मिट्टी के बर्तन में पानी व दाना व भोजन बैगरा उसमें डाल कर छतों व दीवारों पर रखे, जिससे पक्षी अपना पेट भर सके और अपनी प्यास बुझा सके। यह बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है। इस कार्य में हम सब लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और सभी लोगों को मिट्टी के बर्तन इस्तेमाल करने चाहिए। जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक रह सके। अल्मुनियम के बर्तनों व चाइनीज बर्तनों से मनुष्य के स्वास्थ्य पर असर पर पड़ता है। इसलिए हर व्यक्ति को मिट्टी के बर्तन को अपने दिनचर्य में प्रयोग करना चाहिए। रंबा ने कहा कि सभी लोगों को सरकारी कार्यालयों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों व धार्मिक स्थलों, मंदिर, गुरुद्वारों में मिट्टी के मटके रखे और ताकि हर व्यक्ति को शुद्ध पानी मिल सके। मिट्टी के बर्तन में दही जमाए और स्वादिष्ट दही खाएं।

# टैली सोल्युशन्स सोनीपत में ई-इनवॉयसिंग अपनाने में देगा सहयोग

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**10 करोड़** एवं इससे अधिक टर्नओवर वाले जीएसटी रजिस्टर्ड बिजनसेज के लिए ई-इनवॉसिंग को अपनाने की अंतिम दिनांक करीब आ रही है, ऐसे में टैली सोल्युशन्स, पूरी तरह से कनेक्टेड सोल्युशन टैली प्राइम के साथ उन्हें ई-इनवॉयसिंग को अपनाने एवं इसके प्रबन्धन में मदद करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी सोनीपत के बिजनसेज को इसके बारे में हर जरूरी जानकारी देने के लिए पूरे प्रयास कर रही है, ताकि ये बिजनसेज कम्प्लायन्ट बने रहें।

सोनीपत के एमएसएमई के लिए 360 डिग्री कैंपेन की शुरुआथ की गई है, जिससे सैंकड़ों बिजनसेज को ई-इनवॉयसिंग, ई-वे बिल, ऑडिट ट्रेल आदि को समझने में मदद मिलेगी, वह जान सकेंगे कि किस तरह टेक्नोलॉजी के जरिए वे आसानी से ई-इनवॉयसिंग को अपना सकते हैं और साथ ही साथ अपने बिजनेस की उत्पादकता में सुधार ला सकते हैं। इस पहल के बारे में बात करते हुए बालाजी एस, जनरल मैनेजर- नोर्थ जोन, टैली सोल्युशन्स ने कहा, 'ई-इनवॉयसिंग के पांचवें चरण के तहत 4.8 लाख से ज्यादा बिजनसेज ई-इनवॉयसिंग के दायरे में आ जाएंगे, जिनमें से 2.3 लाख से अधिक बिजनसेज एक अक्टूबर से ई-इनवॉयसिंग का अनुपालन शुरू कर देंगे। यह जरूरी है कि वे ई-इनवॉयसिंग के अनुसार कामकाज के नए तरीकों को समझें और जानें कि किस तरह टेक्नोलॉजी की मदद से वे अपने बिजनेस को कम्प्लायन्ट बना सकते हैं। सोनीपत हमारे लिए प्रमुख क्षेत्रों में से एक है और हम हजारों बिजनसेज को ई-इनवॉयसिंग में कम्प्लायन्ट बनाने के लिए प्रयासरत हैं। हमारे 360-डिग्री कैंपेन में यह भी दर्शाया जा रहा है कि किस तरह टैली के मार्की सॉफ्टवेयर टैली प्राइम की मदद से वे बड़ी आसानी से एक क्लिक करते ही ई-इनवॉयस जनरेट कर सकते हैं। कंपनी स्थानीय ट्रेड एसोसिएशन्स एवं अन्य प्रतिभागियों के साथ मिलकर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

# 2026 तक प्रदूषणकारी कणों को 40 प्रतिशत कम करने का लक्ष्य

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी)के तहत वर्ष 2026 तक वायुमंडल में प्रदूषणकारी कणों (पार्टिकुलेट मैटर या पीएम) के स्तर में 40 प्रतिशत तक कमी लाने का नया लक्ष्य तय किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने इससे पहले वर्ष 2024 तक वायुमंडल से इन कणों के प्रदूषण को 20 से 30 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा था।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक एनसीएपी के तहत लक्ष्य प्राप्ति से दूर या नॉन-अटैनमेंट वाले 132 शहरों में से 95 में पीएम-10 के स्तर में वर्ष 2017 के मुकाबले 2021 में कुल मिलाकर सुधार देखने को मिला। एनसीएपी के तहत आने वाले ये 132 शहर लगातार पांच साल (वर्ष 2011 से 2015 तक) तय राष्ट्रीय मानक को प्राप्त करने में असफल रहे इसलिए इन्हें नॉन-अटैनमेंट की श्रेणी में रखा गया है। मंत्रालय के मुताबिक चेन्नई, मदुरै और नासिक सहित 20 शहरों में वायु में पीएम-10 का स्तर राष्ट्रीय मानक (60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर)के अनुरूप है। वहीं, पीएम-2.5 का वार्षिक स्वीकार्य मानक 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है।

पीएम-2.5 बहुत बारीक कण होते हैं जिनका ब्यास आमतौर पर 2.5 माइक्रोमीटर या इससे कम होता है और सांस के जरिए शरीर में जाने की वजह से ये खतरा उत्पन्न करते हैं। एनसीएपी के तहत वायु प्रदूषण को कम करने के लिए शहर आधारित कार्ययोजना तैयार की जाती है, जिनमें वायु गुणवत्ता को मजबूत करना, वाहनों और उद्योगों से होने वाले उत्सर्जन को कम करना तथा जन जागरूकता पैदा करने का कार्यक्रम शामिल है।

### राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम



### 2017 के बाद इन शहरों में आया सुधार

**दिल्ली,** नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, चंडीगढ़, देहरादून, पटना, नागपुर ,पुणे, आगरा, प्रयागराज (इलाहाबाद), बरेली, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, कानपुर, वाराणसी, जालंधर, लुधियाना, जयपुर, जोधपुर, जमशेदपुर, रांची और रायपुर उन शहरों में शामिल हैं जहां पर वर्ष 2017 के बाद से पीएम-10 के स्तर में सुधार हुआ है। दिल्ली में वर्ष 2017 में जहां पीएम-10 का स्तर 241 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था, जो वर्ष 2021 में घटकर 196 पर आ गया।

### 2024 तक 20 से 30 प्रतिशत सफलता हासिल करने का प्रयास

**पर्यावरण** मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, 2024 तक हवा में पीएम के स्तर में 20 से 30 प्रतिशत की कमी का लक्ष्य हासिल करना है। एनसीएपी के तहत अब तक नतीजे अच्छे रहे हैं। इसलिए हमने वर्ष 2026 तक इसके स्तर में 40 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य तय किया है।

डीएसजीएमसी प्रमुख ने कहा

# साका पंजा साहिब शताब्दी कार्यक्रम में 240 सिख पाकिस्तान जाएंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने मंगलवार को बताया कि 240 सिख श्रद्धालुओं का एक जत्था 28 अक्टूबर को साका पंजा साहिब शताब्दी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान के हसन अब्दल जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु अटारी-वाघा सीमा के जरिए 28 अक्टूबर को पाकिस्तान पहुंचेंगे और दो नवंबर को अमृतसर लौटेंगे। कालका के मुताबिक श्रद्धालुओं का यह जत्था ननकाना साहिब सहित पाकिस्तान के लाहौर में और अन्य गुरुद्वारों में भी मत्था टेकेगा। उन्होंने बताया, पूरे देश से आने वाले कुल 240 श्रद्धालुओं का जत्था 28 अक्टूबर को पाकिस्तान पहुंचेगा। इनमें से दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और गाजियाबाद के 40 श्रद्धालुओं को डीएसजीएमसी भेजेगी। कालका ने बताया कि पाकिस्तान जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कोविड-19 टीके की दोनों खुराक लेना और यात्रा शुरू होने से 72 घंटे पहले कोविड जांच कराना अनिवार्य होगा। श्रद्धालुओं को आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट निगेटिव आने के बावजूद अटारी-वाघा सीमा पर स्थित संयुक्त जांच चौकी पर त्वरित एंटीजन जांच करानी होगी। डीएसजीएमसी के महासचिव जगदीप सिंह कहलों ने बताया, भारत से जाने वाले श्रद्धालुओं के रहने की व्यवस्था पाकिस्तान सरकार करेगी।

# हम वफादार नहीं होते तो कब की गिर गई होती सरकार: महेश जोशी

## परोक्ष रूप से सचिन पायलट के खेमे पर साधा निशाना

### बोले, वफादारी उन लोगों को साबित करनी होगी जिनपर सवाल उठ रहे हैं

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वफादार विधायकों द्वारा अलग से बैठक किए जाने को अनुशासनहीनता करार दिए जाने के कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अजय माकन के बयान पर पलटवार करते हुए सरकार के मुख्य सचेतक डॉ. महेश जोशी ने मंगलवार को कहा कि हम पार्टी के निष्ठावान लोग हैं और अगर हम वफादार नहीं होते तो राज्य की कांग्रेस सरकार कब की गिर गई होती। इसके साथ ही जोशी ने कहा कि वफादारी तो उन लोगों को साबित करनी होती है जिन पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जोशी ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम लोगों की वफादारी पर कोई अगर शक खड़ा करेगा तो हम उस वफादारी को हर हाल में सिद्ध करेंगे। हमने आलाकमान के प्रति वफादारी में कोई कमी नहीं रखी। उन्होंने कहा, अगर हमारी वफादारी नहीं होती तो राजस्थान में कांग्रेस की सरकार कब की गिर गई होती। हम पार्टी के निष्ठावान लोग हैं। परोक्ष रूप से सचिन पायलट खेमे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, हम अपनी वफादारी सिद्ध कर चुके हैं, सिद्ध तो उनको करना है जिन पर सवाल उठाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक कराने यहां आए कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी माकन ने सोमवार को कहा था कि (गहलोत के वफादार विधायकों द्वारा) विधायक दल की आधिकारिक बैठक में न आकर उसके समानांतर बैठक करना अनुशासनहीनता है। माकन ने कहा कि इन लोगों ने विधायक दल में लिए जाने वाले प्रस्ताव के लिए तीन शर्तें रखीं। इस पर महेश जोशी ने कहा, हमने कभी नहीं कहा कि हमारी ये तीन बातें प्रस्ताव का हिस्सा बनें। हमने ये कहा कि हमारी ये तीनों बातें आप आलाकमान तक पहुंचा दीजिए उसके बाद आलाकमान जो फैसला करेगा उसके अनुसार हम एक लाइन का प्रस्ताव पारित करेंगे। जोशी ने कहा, या तो हम अपनी बात (प्रभारी व पर्यवेक्षक) अजय माकन को समझा नहीं पाए या अजय माकन हमारी बात को समझ नहीं पाए।



### 30 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए 30 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मिस्त्री ने संवाददाताओं को बताया, थरूर के एक प्रतिनिधि ने यह जानकारी दी है कि वह 30 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। वैसे, थरूर के करीबी सूत्रों ने पहले ही यह कहा था कि लोकसभा सदस्य 30 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार, अधिसूचना 22 सितंबर को जारी की गई और नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 24 सितंबर से आरम्भ हुई तथा 30 सितंबर तक चलेगी।

### कांग्रेस सरकार को गिराने में फिर लगी भाजपा: खाचरियावास

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस में जारी राजनीतिक सरगर्मियों के बीच राज्य के खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी फिर से राज्य की कांग्रेस सरकार को गिराने के षड्यंत्र में लग गई है। वहीं राजस्थान के ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने एक बार फिर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाए जाने की खुलकर वकालत की है। खाचरियावास ने कहा, राजस्थान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आयकर विभाग सीबीआई के लोग बैठे हैं। भाजपा का खेल शुरू हो चुका है। भाजपा राजस्थान की सरकार को फिर गिराने के षड्यंत्र में फिर लग गई है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम में आलाकमान जो भी फैसला करेगा वह सबको मान्य होगा।

# हाईकोर्ट ने उपराज्यपाल पर झूठे आरोप लगाने से रोका

### आप नेताओं से सोशल मीडिया पर वीडियो और ट्वीट डिलीट करने को कहा



एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) और इसके कई नेताओं को उप राज्यपाल विनय सक्सेना पर झूठे आरोप लगाने से बचने का मंगलवार को निर्देश दिया। साथ ही अदालत ने उन्हें सोशल मीडिया पर उपराज्यपाल के खिलाफ कथित मानहानिकारक पोस्ट, वीडियो और ट्वीट हटाने के लिए भी कहा।

दरअसल आप और इसके नेताओं ने उपराज्यपाल पर 1,400 करोड़ के कथित घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया था। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने अंतरिम राहत देते हुए कहा, मैं वादी के पक्ष में फैसला सुनाता हूं। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है। उपराज्यपाल ने इसके अलावा आप, इसके नेताओं आतिशी सिंह, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक, संजय सिंह और जैस्मीन शाह को अपने और परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर साझा किए गए झूठे व मानहानिकारक पोस्ट, ट्वीट या वीडियो हटाने का निर्देश देने की भी अपील की थी। उन्होंने आप और उसके पांच नेताओं से ब्याज सहित 2.5 करोड़ के हर्जाने और मुआवजे की भी मांग की है। आप नेताओं ने आरोप लगाया था कि सक्सेना ने नवंबर 2016 में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का अध्यक्ष रहते हुए चलन से बाहर हो चुकी मुद्रा हासिल करके उसे नई मुद्रा में परिवर्तित कराया था।

## स्कूल बस पलटने से छात्र की मौत, आठ घायल

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में मंगलवार सुबह एक निजी स्कूल की बस के पलट जाने से 15 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक तरुण नायक ने बताया कि राहतगढ़-खुरई मार्ग पर चंद्राकर गांव के पास सुबह करीब आठ बजे लगभग 40 छात्रों को लेकर जा रही बस हादसे का शिकार हो गई। उन्होंने बताया कि बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे कक्षा नौ के एक छात्र की मौत हो गई। कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि आठ छात्र घायल हो गए और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस मालिक और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

ओखला में धारा 144 लागू

# जामिया के छात्रों-शिक्षकों को एकत्रित नहीं होने का निर्देश

एजेंसी। नई दिल्ली



**जामिया** मिलिया इस्लामिया ने अपने छात्रों और शिक्षकों को विश्वविद्यालय परिसर व उसके आसपास समूह में एकत्रित न होने का निर्देश दिया है क्योंकि पुलिस ने पूरे ओखला इलाके में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत पाबंदी लगा रखी है।

विवि के मुख्य प्रॉक्टर ने सोमवार को जारी एक नोटिस में कहा कि जामिया नगर थाने के एसएचओ ने सूचित किया है कि 19 सितंबर से ये पाबंदियां लागू है क्योंकि सूचना मिली थी कि कुछ लोग या समूह शांति व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। नोटिस के अनुसार एसएचओ ने कहा है कि 17 नवंबर तक पूरे ओखला (जामिया नगर) क्षेत्र में यह पाबंदी लागू रहेगी। हालांकि पुलिस ने इस बात से इनकार किया है कि यह आदेश पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ जारी कार्रवाई से जुड़ा है। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत किसी क्षेत्र में चार या इससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक रहती है। आदेश का उल्लंघन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 188 के तहत दंडनीय है।

# अजय मिश्रा उर्फ टेनी के खिलाफ मामले पर सुनवाई 17 तक टली

## मिश्रा ने तब उच्चतम न्यायालय का रुख किया

एजेंसी। लखनऊ

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने वर्ष 2000 में हुई हत्या के एक मामले में केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से दायर अपील पर सुनवाई 17 अक्टूबर तक टाल दी है। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रेणु अग्रवाल की पीठ ने राज्य सरकार द्वारा 2004 में दायर अपील पर यह आदेश पारित किया।

प्रभात नाम के एक व्यक्ति की हत्या वर्ष 2000 में लखीमपुर खीरी में हुई थी, इस मामले में अदालत राज्य सरकार की उस अपील पर सुनवाई कर रही है, जिसमें निचली अदालत द्वारा मिश्रा को बरी किए जाने को चुनौती दी गई है। सुनवाई के दौरान, अजय मिश्रा के वकील ने पीठ को अवगत कराया कि मंत्री ने मामले की सुनवाई इलाहाबाद में उच्च न्यायालय की प्रधान पीठ को स्थानांतरित करने की मांग की थी, लेकिन 24 अगस्त, 2022 को मुख्य न्यायाधीश ने याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। वकील ने कहा कि मिश्रा ने तब उच्चतम न्यायालय का रुख किया। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों के भीतर याचिका पर सुनवाई की संभावना है और ऐसे में अपील पर सुनवाई को तब तक स्थगित किया जाना चाहिए।



हत्या के एक मामले में आरोपी हैं टेनी

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ज्योतिंद्र मिश्रा ने इस दलील का विरोध किया और कहा कि अजय मिश्रा उर्फ टेनी और अन्य को बरी करने के खिलाफ वर्तमान अपील 2004 में बहुत पहले दायर की गई थी। उन्होंने कहा कि पहले भी उसी आधार पर स्थगन की मांग की गई थी।

वकीलों की बात सुनने के बाद पीठ ने कहा, उच्चतम न्यायालय में क्योंकि एसएलपी दायर की गई है और डायरी नंबर आवंटित किया गया है, यह अदालत मामले को स्थगित करना उचित समझती है, लेकिन अगली तारीख पर इसी याचिका पर कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा।

# पीएम 29-30 सितंबर को करेंगे गुजरात का दौरा

### 8600 करोड़ योजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास



एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी आगामी 29 और 30 सितंबर को गुजरात का दौरा करेंगे और वहां 8,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में बताया कि इस दौरान वह बृहस्पतिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 36वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन भी करेंगे।

पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री 29 सितंबर को सूरत में 3,400 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें जल आपूर्ति, निकासी, ड्रीम सिटी, जैव विविधता पार्क और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा से जुड़ी विकास परियोजनाएं शामिल हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री भावनगर का दौरा करेंगे जहां वह 5,200 करोड़ की विभिन्न विकासात्मक पहलों व परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री यहां विश्व के पहले सीएनजी टर्मिनल और ब्राउनफील्ड बंदरगाह की आधारशिला रखेंगे। इस बंदरगाह को 4,000 करोड़ की लागत से विकसित किया जाएगा। यह बुनियादी सुविधाओं से लैस होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री भावनगर क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का उद्घाटन भी करेंगे। यह केंद्र 20 एकड़ भूभाग में फैला है और 100 करोड़ की लागत से इसे निर्मित किया गया है।

# शिक्षक की पिटाई से दलित छात्र की मौत के बाद किया हंगामा

## पुलिसकर्मियों पर पथराव किया और एक पुलिस वाहन में आग लगाई

एजेंसी। औरैया (उप्र)



**उत्तर** प्रदेश के औरैया जिले के अछल्दा थाना क्षेत्र में कथित तौर पर एक शिक्षक की पिटाई से दसवीं में पढ़ने वाले एक दलित छात्र की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के विरोध में मौके पर भीम आर्मी संगठन के कार्यकर्ताओं के पहुंचने के बाद लोगों ने प्रदर्शन करते हुए पुलिसकर्मियों पर पथराव किया और एक पुलिस वाहन में आग लगा दी तथा जिलाधिकारी की गाड़ी पर भी पथराव किया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

बिधूना के क्षेत्राधिकारी (सीओ) महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और अनुसूचित जाति-जनजाति निवारण अधिनियम समेत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर, जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर मालवीय ने बताया कि आरोपी शिक्षक को निलंबित करने के आदेश विद्यालय प्रबंधक को दे दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, अछल्दा थाना क्षेत्र के फफूंज रोड स्थित एक इंटर कॉलेज में वैसोली गांव निवासी निखिल कुमार (15) दसवीं कक्षा में पढ़ता था। निखिल के पिता राजू दोहरे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि सात सितंबर को सामाजिक विज्ञान के शिक्षक अश्विनी सिंह ने टेस्ट में दो गलतियां करने पर उनके बेटे को लात-घूसों और डंडों से पिटाई की, जिससे वह बेहोश हो गया। परिजनों को जब बच्चे के बेहोश होने की जानकारी मिली तो वे स्कूल पहुंचे और बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। उपचार के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर निखिल को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई।

# पाकिस्तान को विनाशकारी बाढ़ से 28 अरब डॉलर का हुआ नुकसान

एजेंसी। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** में आई विनाशकारी बाढ़ से मुल्क को 28 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है और प्रभावित इलाकों में दीर्घकालिक निर्माण में दो से 10 साल का वक्त लग सकता है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बाढ़ के मद्देनजर आपदा उपरांत जरूरतों के आकलन (पीडीएनए) के मुताबिक, पाकिस्तान में गरीबी में पांच फीसदी की बढ़ोतरी हुई है जिससे संकेत मिलता है कि करीब 90 लाख से 1.2 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं।

पाकिस्तान में जून के मध्य में भारी बारिश के बाद भीषण सैलाब आया था, जिसमें 1600 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग जख्मी हुए हैं। सरकारी आंकड़ों के हवाले से खबर दी है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से आई आपदा के कारण 18 से 20 लाख नौकरियां चली गई हैं और नकदी संकट से जूझ रहे देश में मौजूदा वित्तीय वर्ष में मुद्रास्फीति 23-25 फीसदी पहुंच सकती है।

### 90 लाख से 1.2 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं

योजना आयोग ने माना है कि कृषि की विकास दर शून्य से नीचे 0.7 फीसदी से 2.1 प्रतिशत जा सकती है जबकि चालू वित्तीय वर्ष में कृषि की विकास दर 3.9 प्रतिशत रखने का लक्ष्य था। वहीं देश को तीन अरब डॉलर का निर्यात घाटा हो सकता है।

# दिल्ली-केंद्र विवाद की याचिका पर नौ को सुनवाई करेगी संविधान पीठ

## याचिका सुनवाई के दौरान किसी भी कागज का इस्तेमाल नहीं हुआ

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि पांच सदस्यीय संविधान पीठ राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र और दिल्ली सरकार की विधाई और कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित कानूनी मुद्दे पर नौ नवंबर को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि पीठ दैनिक आधार पर मामले की सुनवाई शुरू करेगी। पीठ ने कहा, मामला नौ नवंबर, 2022 को सुबह साढ़े 10 बजे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करें।

पीठ में न्यायमूर्ति एमआर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा भी शामिल हैं। संविधान पीठ की कार्यवाही पूरी तरह से कागज रहित होगी और इसे हरित पीठ कहा गया है क्योंकि कार्यवाही के दौरान किसी कागज का इस्तेमाल नहीं होगा या उस पर निर्भरता नहीं रहेगी। मंगलवार को कार्यवाही के दौरान भी किसी कागज का इस्तेमाल नहीं हुआ। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने 22 अगस्त को कहा था कि दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार की विधाई और कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित कानूनी मुद्दे की सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में एक संविधान पीठ का गठन किया गया है। शीर्ष अदालत ने छह मई को दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण के मुद्दे को पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेजा था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित कुछ सीमित मुद्दों की संविधान पीठ में सुनवाई नहीं होती, शेष सभी कानूनी सवालों पर वह विस्तार से विचार करती है। संविधान पीठ को जो सीमित मुद्दा भेजा गया है, वह सेवा शर्तों के संबंध में केंद्र और एनसीटी दिल्ली की विधाई और कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित है। संविधान के अनुच्छेद 239एए(3)(ए) की व्याख्या करते हुए न्यायालय की संविधान पीठ को राज्य सूची में प्रविष्टि 41 के संबंध में उन्हीं शब्दों के प्रभाव की विशेष रूप से व्याख्या करने का कोई औचित्य नजर नहीं आया। केंद्र सरकार ने सेवाओं पर नियंत्रण और उप राज्यपाल को अधिक शक्तियां देने वाले संशोधित जीएनसीटीडी अधिनियम, 2021 की वैधता और कार्य आवंटन नियम को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की अलग-अलग याचिकाओं पर यह कहकर संयुक्त सुनवाई का अनुरोध किया कि ए प्रथम दृष्टया एक दूसरे से संबंधित प्रतीत होते हैं।



### 2019 में पीठ ने कहा था, अधिकारियों की नियुक्ति या तबादला केंद्र के अधीन

**दिल्ली** सरकार की याचिका पर 14 फरवरी, 2019 को न्यायमूर्ति एके सीकरी और न्यायमूर्ति भूषण की दो सदस्यीय पीठ ने खंडित फैसला सुनाया था, जिसमें दोनों ने प्रधान न्यायाधीश से राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण के मुद्दे को अंतिम रूप से तय करने के लिए मामला तीन-न्यायाधीशों की पीठ को भेजने की सिफारिश की थी। दोनों न्यायाधीश सेवानिवृत्त हो चुके हैं। न्यायमूर्ति भूषण ने फैसला सुनाया था कि दिल्ली सरकार के पास सभी प्रशासनिक सेवाओं का कोई अधिकार नहीं है। हालांकि, इस पर न्यायमूर्ति सीकरी का रुख अलग था। उन्होंने कहा कि नौकरशाही (संयुक्त निदेशक और ऊपर) के शीर्ष पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति या तबादला केवल केंद्र सरकार कर सकती है और अन्य नौकरशाहों से संबंधित मामलों पर विचारों में मतभेद के मामले में उप राज्यपाल की राय जरूरी होगी।

# श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर फिर लगे पेड़

## प्राधिकरण ने दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया कहा, अवैध निर्माण तोड़े नहीं तो होगा बल प्रयोग

● प्रकरण के बाद एक बार फिर सोसाइटी का माहौल गरमाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**पेड़** लगाने के मामले में सोसाइटी की ओर से शिकायत मिलते प्राधिकरण के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रवीन ने अवैध निर्माण और पेड़ हटाने के लिए सोसाइटी के लोगों 48 घंटे का समय दिया।

उन्होंने कहा कि सोसाइटी के लोग खुद अवैध निर्माण को हटा ले। क्योंकि जिन लोगों ने अवैध निर्माण किया है। उनको पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके है। यदि वह ऐसा नहीं करते है तो पुलिस बल बुलाकर सोसाइटी में अवैध निर्माण को तोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सोसाइटी में श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर जो पेड़ लगे है उसे भी हटाया जाए। भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगे राम त्यागी व अन्नु त्यागी के अल्टीमेटम के बाद ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में श्रीकांत के घर के बाहर पेड़ लगाने का काम किया गया। यहां पाम के पौधे लगाए है। पांच अगस्त को विवाद की जड़ भी पौधे थे और विवाद बढ़ने के बाद सोसाइटी के लोगों ने इन पेड़ों को हटाया था। इसके बाद प्राधिकरण की टीम श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर अवैध निर्माण को तोड़ा था।

प्राधिकरण की ओएसडी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि सोसाइटी के अंदर पेड़ पौधे लगाने का काम प्राधिकरण का नहीं है। यदि वहां पेड़ लगाए जा रहे है तो सोसाइटी के लोगों ने ही लगवाए होंगे। हालांकि मौके पर प्राधिकरण के नियोजन विभाग और पुलिस टीम मौजूद है, जिनकी देखरेख में ही पेड़ लगाए जा रहे है। दरअसल, सोमवार को मांगे राम त्यागी और अन्नु त्यागी ने सोसाइटी के बाहर प्रदर्शन कर पुलिस और प्राधिकरण को अल्टीमेटम दिया था कि 24 घंटे के अंदर उखाड़े गए पेड़ों को दोबारा लगाया जाए। वहीं सोसाइटी में जिन फ्लैटों में अवैध निर्माण है उसे ध्वस्त किया जाए।

प्राधिकरण ने इस पर आश्वासन दिया जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया। सोसाइटी वालों का आरोप था कि श्रीकांत त्यागी घर के बाहर पेड़ लगाकार कॉमन एरिया के जमीन को अपने कब्जे में ले रहा है। इसको लेकर ही पांच अगस्त को श्रीकांत और सोसाइटी की महिला के बीच विवाद हुआ। जिसमे श्रीकांत त्यागी ने महिला के साथ अभद्रता की और मामला बढ़ गया। जिसके चलते श्रीकांत त्यागी गैंगस्टर एक्ट में जेल में है। सोसाइटी में वहीं पेड़ उसी स्थान पर दोबारा से लगाए जा रहे है।

अब तक 7 पाम के पेड़ लगाए गए है। इन पेड़ो को उसी कद के है जो पेड़ उखाड़े गए थे। हालांकि इस मामले में सोसाइटी की ओर से कोई बोलने को तैयार नहीं है।

# आवंटी की जमीन पर बनवा दिया डीएलएफ मॉल, अब प्राधिकरण चुकाएगा 361 करोड़

● सुप्रीम कोर्ट ने लड़ी गई लंबी लड़ाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** प्राधिकरण को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। प्राधिकरण को 1 करोड़ की जमीन के बदले में अब आवंटी को 361 करोड़ रुपए मुआवजा देना होगा। मुआवजा देने में देरी करने पर प्राधिकरण को डेली पांच लाख रुपए और देने होंगे। ऐसे में प्राधिकरण लीगल सेल में बातचीत कर रहा है। हालांकि कानून के जानकारों की माने तो प्राधिकरण का इससे बच पाना मुश्किल है।

दरअसल, मामला 24 अप्रैल 1997 का है। बेंगलुरु के रहने वाले रेड्?डी विरेन्ना ने नोएडा के छलेरा बांगर सेक्टर.18 में खसरा नंबर 422 और 427 में कुल 14358 वर्गमीटर जमीन एक करोड़ रुपए खरीदी थी। इसमें प्राधिकरण ने पहले ही काफी जमीन का अधिग्रहण कर लिया था।

प्राधिकरण ने सिर्फ 7 हजार 400 वर्गमीटर जमीन रेड्डी के नाम की। पूरी जमीन न मिलने पर रेड्?डी ने सिविल कोर्ट में केस दायर कर दिया। कोर्ट ने जमीन पर नजर बनाए रखने का आदेश दिया, लेकिन इसके बावजूद प्राधिकरण ने वाणिज्यिक भूखंड योजना निकालकर 54320 वर्गमीटर जमीन बेच दी। इसमें रेड्?डी विरेन्ना की भी 7400 वर्गमीटर जमीन शामिल थी। यह पूरी जमीन प्राधिकरण ने डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड को 173 करोड़ में बेची। डीएलएफ ने यहां निर्माण शुरू करा दिया। अपनी जमीन में निर्माण होता देख रेड्?डी ने हाईकोर्ट में नोएडा प्राधिकरण और डीएलफ को पार्टी बनाते हुए रिट फाइल की। कोर्ट ने देखा जमीन में निर्माण पूरा हो चुका है। ऐसे में रेड्डी को जमीन नहीं दी जा सकती है।

इसलिए उसे मुआवजा देने का आदेश दिया। प्राधिकरण ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने 10 जनवरी 2011 को याचिका खारिज कर दी। इसके बाद प्राधिकरण ने कृषि भूमि प्रतिकर के हिसाब से 181.87 रुपए प्रतिवर्गगज प्लस ब्याज समेत 36 लाख का मुआवजा बनाया और रेड्?डी को दे दिया। 2019 में रेड्डी ने फिर से हाईकोर्ट में कॉमर्शियल दर से मुआवजे के लिए याचिका दायर की। जिस पर 22, 24 और 29 सितंबर और 6 अक्टूबर 2019 को सुनवाई हुई। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। 28 अक्टूबर 2021 को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया।

# उपलब्धि: 48 हजार मुसाफिरों ने एक्वा मेट्रो में सफर कर बनाया नया रिकार्ड

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा-ग्रेनो** के बीच चलने वाली नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन एनएमआरसी की एक्वा मेट्रो लाइन में सवारियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब एक बार फिर पिछले रिकार्ड को तोड़ते हुए राइडरशिप के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है। मंगलवार को इसकी 48396 राइडरशिप रही।

एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने बताया कि अभी करीब नौ दिन पहले ही 19 सितंबर को 45123 राइडरशिप रही थी। उन्होंने कहा कि इससे पहले 12 सितंबर को 44922 सवारियों ने इस लाइन पर सफर किया था। ऐसे में अब एक्वा लाइन में सवारियों की संख्या बढ़ती जा रही है। जल्द ही राइडरशिप 50 हजार पार करने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस साल अगस्त में 44 हजार, जुलाई माह में 32202, जून में 30366, मई 29089, अप्रैल में 26162 व मार्च में 23266 औसतन राइडरशिप रही। नोएडा के सेक्टर.51 में एक्वा लाइन और सेक्टर.52 मेट्रो स्टेशन डीएमआरसी के है।

इन दोनों स्टेशनों को जोड़ने के लिए बीच में फुट ओवर ब्रिज एफ ओबी का निर्माण किया जाना है। एफ ओबी बनने के बाद दोनों स्टेशन जुड़ जाएंगे। जिससे नोएडा से दिल्ली और दिल्ली व नोएडा से ग्रेटर नोएडा जाने वाले मुसाफिरों को स्टेशन के बाहर नहीं आना होगा। सेक्टर-51 से नालेज पार्क.5 तक मेट्रो विस्तार के लिए भी जल्द सरकार से मंजूरी मिल जाएगी। इसकी डीपीआर को प्रदेश सरकार की ओर से मंजूरी मिल चुकी है।

# रैपिड रेल स्टेशनों पर लगेंगे 162 एस्केलेटर, गुलधर पर काम पूरा

● यात्रियों की आवाजाही के लिए 111 लिफ्ट भी लगाई जाएंगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**82 किलोमीटर** लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर पर एस्केलेटर और लिफ्ट्स लगाने का काम शुरू हो गया है।

इसकी शुरुआत गाजियाबाद में गुलधर स्टेशन से हुई है। गुलधर स्टेशन पर ये काम पूरा हो चुका है। अब साहिबाबाद स्टेशन पर भी एस्केलेटर लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। रैपिड रेल का प्रायोरिटी सेक्शन गाजियाबाद में साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक है। इसकी लंबाई करीब 17 किलोमीटर है। इस प्रायोरिटी सेक्शन में 5 स्टेशन साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो हैं।

इन सभी स्टेशनों में कुल 36 एस्केलेटर और 26 लिफ्ट लगाई जाएंगी। इनमें से अब तक 8 एस्केलेटर्स और 4 लिफ्ट का इस्टॉलेशन पूरा कर लिया गया है। गुलधर स्टेशन पर 4 एस्केलेटर इंस्टॉल किए गए हैं तथा 2 लिफ्ट का इस्टॉलेशन किया जा रहा है।

वहीं साहिबाबाद स्टेशन पर 4 एस्केलेटर्स के इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है। दिल्ली.गाजियाबाद.मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर पर एस्कलेटर्स लगाने के लिए शिंडलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है, जो 162 एस्केलेटर डिलीवर करेगी।

यह कंपनी महाराष्ट्र के पुणे में एस्कलेटर्स बना रही है। इसी तरह कॉरिडोर के लिए लिफ्ट का अनुबंध ओटिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया गया है, जो 111 लिफ्ट्स की डिलीवरी करेगी। इन सभी लिफ्ट्स का निर्माण बंगलुरु फैक्ट्री में किया जा रहा है। एस्केलेटर के साइड के पैनल और स्टेप सीढ़ी के बीच में साड़ी जैसे ढीले कपड़ों के उलझने की संभावना को कम करने के लिए स्कर्ट गार्ड का प्रयोग। एस्केलेटर पर यात्रा करते समय यात्रियों की उंगलियों की सुरक्षा के लिए एस्केलेटर के हैंडरेल पर फिंगर गार्ड लगा होगा। एस्केलेटर के असामान्य संचालन पर यात्रियों को एस्केलेटर से गिरने से बचाने के लिए कई स्वचालित सुरक्षा उपकरण होंगे, जिनमें एंटी.रिवर्सल डिवाइस, ड्राइव चेन ब्रोकन डिवाइस, हैंडरेल ब्रोकन डिवाइस, एस्केलेटर ओवर स्पीड डिवाइस, स्टेप सैग, स्टेप ब्रोकन डिवाइस, स्टेप अप.थ्रस्ट डिवाइस, स्टेप मिसिंग डिवाइस, हैंडरेल मॉनिटरिंग डिवाइस आदि।

एस्केलेटर पर मजबूत पकड़ के लिए प्रकार के हैंडरेल होंगे। प्रत्येक एस्केलेटर पर आसानी से बोर्डिंग और डी.बोर्डिंग करने के लिए पीली लाइन और पीली लाइट के साथ चार समतल स्टेप होंगे। स्टेशन के अंदर पेड एरिया में लगाए गए एस्केलेटर के साइड में शीशे लगे होंगे।

## संक्षिप्त समाचार



जनसुनवाई के दौरान शिकायत का निपटारे करते पुलिस अधिकारी।

### सोसाइटी के बाहर महिला से चेन छीनी

**नोएडा।** सेक्टर-78 स्थित हाइट पार्क सोसाइटी के सामने बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन तोड़ ली और भाग गए। महिला ने सेक्टर.113 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में विजय चौहान ने बताया कि वह परिवार के साथ हाइड पार्क सोसाइटी में रहते हैं। उनकी पत्नी रुकमणी सोमवार सुबह टहलने के लिए घर से निकली थी। वह सोसाइटी के बाहर पहुंची तो एक बाइक पर सवार दो बदमाश आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उने गले से सोने की चेन तोड़ ली। आरोपियों को पकड़ने के लिए उनकी पत्नी ने शोर मचाया, लेकिन वे भाग गए। फिर वारदात की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### पार्क में युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**नोएडा।** हरौला गांव के पार्क में मंगलवार सुबह युवक का शव लहूलुहान अवस्था में मिला। पुलिस ने युवक की हत्या कर शव फेंकने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सुबह सूचना मिली थी कि हरौला गांव के पार्क में युवक का शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा है। पुलिस को मृतक की जेब से मोबाइल, 150 रुपये और आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान 30 वर्षीय मिंटू सिंह के रूप में हुई। वह मूलरूप से बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला था। आशंका जताई जा रही है कि किसी धारदार हथियार से वार करके युवक की हत्या की गई है।

### जेवर में अवैध प्लॉट पर बुलडोजर चलाया

**नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने मंगलवार को जेवर में अवैध कॉलोनी को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। यहां भूमाफिया ने निर्माण करवा दिया था। यमुना विकास प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा के ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन और पुलिस टीम जेवर पहुंची। सबसे पहले जेवर बांगर के गांव सहाबनगर प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के पीछे और गांव कानीगढ़ी रोड प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बराबर में भूमाफिया द्वारा 70 हजार वर्ग मीटर जमीन पर काटी गई अवैध कॉलोनी को सात जेसीबी मशीनों की मदद से ढहा दिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरएएफ और पीएसी के जवान भी मौजूद रहे। ओएसडी ने बताया कि भूमाफिया के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। जेवर क्षेत्र में काटी गई अवैध कॉलोनी को चिह्नित कर कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

### दो विदेशी सहित पांच गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** ऑनलाइन डिमांड पर मादक पदार्थ बेचने वाले एक गैंग के 5 लोगों को थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम जिस्टम नमैका, नाइजीरिया और ओपेमा तिब्बत तथा लिंकन दास बलराम और आसिफ खान को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 700 से ज्यादा सिम बरामद किया है। जिसे ये लोग फर्जी दस्तावेज पर भी लोगों को मुहैया कराते थे। पुलिस उपायुक्त जोन तृतीय अभिषेक वर्मा ने बताया कि आज दोपहर को थाना नॉलेज पार्क पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने एक सूचना पर गिरफ्तार किया।

# वाट्सएप कॉल व मैसेज भेजकर मौसा से मांगी रंगदारी

● यूट्यूब पर सीखकर तैयार किया वर्चुअल नंबर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




**शहीद** नगर के कारोबारी से छेनू गैंग के नाम से रंगदारी मांगने वाले मुख्य आरोपी को साहिबाबाद कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को शहीद नगर मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो मोबाइल, स्कूटी, तमंचा, कारतूस व खोखा बरामद हुआ। पीड़ित कारोबारी उसका सगा मौसा है। उसने वर्चुअल नंबर तैयार करके 15 लाख रुपये रंगदारी मांगी थी। डराने के लिए घर पर फायरिंग की भी की थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी साहिबाबाद स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि शहीद नगर के कारोबारी जमील अहमद से 16 से 19 सितंबर के बीच वाट्सएप काल व वाइस मैसेज भेजकर 15 लाख रुपये रंगदारी मांगी गई थी। उनके घर पर रात में फायरिंग भी हुई थी। मामले में रिपोर्ट दर्ज करके छानबीन शुरू की गई। पता चला कि उसके रिश्तेदार विजय मोहल्ला जाफराबाद नई दिल्ली के महसीन ने रंगदारी मांगी है। उसकी तलाश शुरू की गई। मंगलवार को उसे दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित कारोबारी जमील आरोपी महसीन का सगा मौसा है। उसे पता था कि जमील के पास रुपये रहते हैं। इस कारण उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर उनसे रंगदारी की मांगने की योजना बनाई। यूट्यूब पर वर्चुअल नंबर तैयार करना सीखा। इसके लिए टेक्सट नाउ एप के माध्यम से वाट्सएप का विदेशी नंबर तैयार किया। उससे जमील से रंगदारी मांगी। इससे लगा कि किसी ने विदेश से रंगदारी मांगी है। साहिबाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि महसीन ने आवाज बदलकर भारी आवाज में वाइस मैसेज भेजे थे। भारी आवाज में ही काल की थी। खुद को छेनू गिरोह का फहीम ठाकुर बताया था। उसका छेनू गिरोह से संबंध है या नहीं इसकी जांच की जा रही है। उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

# निचले इलाकों में घुसा पानी, अलर्ट

● यमुना के तटवर्ती इलाकों को खाली कराकर सुरक्षित स्थानों पर भेजा : डीएम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**पहाड़ी** इलाकों में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी से यमुना नदी उफान पर हैं। सोमवार देर रात नदी का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर 206.18 मीटर तक पहुंच गया है। इसे देखते हुए शाहदरा जिला प्रशासन ने मंगलवार को पुराना लोहा पुल बंद करा दिया है। पुल बंद होने से रेल व अन्य वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। प्रशासन के अधिकारियों ने रेलवे व दिल्ली यातायात पुलिस से बात कर यह फैसला लिया है।

जिलाधिकारी अनिल बंका ने कहा कि जलस्तर के 206 मीटर के स्तर को पार करने के बाद मंगलवार सुबह लोगों को निकालने के लिए अलर्ट जारी किया गया।

### केजरीवाल शुक्रवार को जारी करेंगे विंटर एक्शन प्लान

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की आबोहवा दुरुस्त करने के मकसद से विंटर एक्शन प्लान इस सप्ताह के अंत में जारी होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए अपनी सरकार की 15 सूत्रीय कार्ययोजना 30 सितंबर को सार्वजनिक करेंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन मे कहा, दिल्ली सरकार ने 5000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले निर्माण और विध्वंस के सभी स्थलों पर स्मॉग-रोधी उपकरण की तैनाती को अनिवार्य कर दिया है। इसका उल्लंघन पर परियोजना से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके पहले धूल प्रदूषण की रोकथाम के लिए 20,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले निर्माण और विध्वंस के स्थलों पर स्मॉग-रोधी उपकरण लगाना अनिवार्य था।

# 3 अंडरपास बनने शुरू, जाम मुक्त होगा मुकरबा चौक

## एक साल में पूरी होगी परियोजना, करीब 59 करोड़ रुपये आएगी लागत, उपमुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

● हर साल 1.35 लाख किलो कार्बन गैस का उत्सर्जन कम होगा, 58 हजार लीटर ईंधन की होगी बचत : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अंडरपास का शिलान्यास करते उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।

**मुकरबा** चौक व हैदरपुर मेट्रो स्टेशन रोड जाम मुक्त होगी। लोक निर्माण विभाग यहां 59.5 करोड़ रुपये की लागत से तीन अंडरपास बनाएगा।

पहले अंडरपास से हैदरपुर बादली से बादली की ओर जाने वाले वाहनों व पैदल यात्रियों को सुविधा होगी। ये वाहन रिंग रोड के ट्रैफिक को प्रभावित किए बिना बादली की ओर जा सकेंगे। दूसरे अंडरपास से आउटर रिंग रोड से शालीमार बाग जाने वाले वाहनों को नहीं करना होगा लूप का इस्तेमाल, 1.5 किमी की दूरी घटेगी। तीसरे अंडरपास से संजय गाँधी ट्रांसपोर्ट नगर से आजादपुर जाने वाले वाहनों को मिलेगा फायदा। मुकरबा चौक का ट्रैफिक भी कम होगा। तीनों अंडरपास एक साल में बनकर तैयार होंगे।

इसके बनने से रोजाना बाहरी रिंग रोड व शालीमार बाग के बीच आवाजाही करने वाले हजारों वाहनों को जाम से मिलेगा निजात। साथ ही हर वर्ष 1.35 लाख किलो कार्बन गैस का उत्सर्जन कम होगा और सालाना 58 हजार लीटर ईंधन की भी बचत होगी। उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण विभाग के मंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को परियोजना का शिलान्यास किया।

सिसोदिया ने दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्त्व में दिल्ली में शानदार काम हुए हैं। वह न केवल सपने दिखाते है बल्कि उन्हें सच करके भी दिखाते है। वह देश में एकमात्र ऐसे नेता, जिनके शब्दकोष में नहीं शब्द नहीं है। वह सब कुछ हो सकता है पर विश्वास करते है और यही उनकी पहचान है। उन्होंने कहा कि अंडरपास बनने से मुकरबा चौक और हैदरपुर बादली मेट्रो के आस-पास यातायात सुगम हो जाएगा।

पहला अंडरपास हैदरपुर बादली मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-3 पर बनाया जाएगा जिसका इस्तेमाल पैदल यात्री व एनएमवी द्वारा बादली की ओर जाने के लिए किया जाएगा। 50 मीटर लम्बा दूसरा अंडरपास 9.6 मीटर चौड़ा व 6 मीटर ऊँचा होगा और इसका इस्तेमाल बादली, बाहरी रिंग रोड से आने वाले वाहनों द्वारा शालीमार बाग की ओर जाने के लिए किया जाएगा।

# राम मंदिर मॉडल के पंडाल में विराजेंगी मां दुर्गा

● नोएडा में 70 से अधिक पंडालों में देवी प्रतिमाएं विराजित की जा रहीं

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**शारदीय** नवरात्र में 26 सितंबर से मंदिरों में विधि विधान के साथ शुरू हो चुकी है। नोएडा में 70 से अधिक पंडालों में देवी प्रतिमाएं विराजित की जा रही है। नोएडा के सेक्टर.78 में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्रतिरूप वाला पंडाल आकर्षण का केंद्र होगा।

यहां 1 अक्टूबर से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना शुरू की जाएगी। पंडाल सेंट्रल नोएडा पूजा कमिटी की ओर से लगाया जा रहा है। कमिटी की अध्यक्ष इंद्राणी मुखर्जी ने बताया कि भगवान श्री राम द्वारा रावण वध से पूर्व आश्विन माह में देवी दुर्गा का अकाल बोधन असमय आह्वान किया गया। जिसे हम सनातनी शारदीय दुगोरत्सव के रूप में मनाते हैं।

भगवान श्री राम और मां दुर्गा की इस कड़ी को जोड़ते हुए सेक्टर 78 स्थित सेंट्रल नोएडा पूजा कमिटी इस साल अयोध्या श्री राम मंदिर का प्रारूप तैयार कर रही है मां दुर्गा के पंडाल के रूप में। इसका आधार 36 फीट और हाइट 34 फीट का बनाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल से बुलाई गई विशेष टीम पिछले दो माह से मुरादनगर स्थित कार्यशाला में इसे मूर्त रूप देने का प्रयास कर रही है।

पश्चिम बंगाल में चंदन नगर आलोक सज्जा के लिए विख्यात है। वहीं से लोग इसकी सजावट विशेष लाइटिंग का काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि 2 से 4 अक्टूबर तक पूजन एवं हवन के पश्चात भक्तों के लिए पूजा कमिटी की ओर से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है । 1 से 4 अक्टूबर तक मां दुर्गा की सायं आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुंबई एवं कोलकाता से गायक एवं गायिकाएं अपनी प्रस्तुती देंगे। श्री सनातन धर्म मंदिर राम लीला और श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा रामलीला मैदान आयोजित रामलीला मंचन के पहले दिन सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा व विधायक नोएडा पंकज सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। रामलीला मंचन की शुरुआत गणेश वंदना एवं पूजन के साथ हुई।

# विकास परियोजनाएं समय पर हों पूरी : एलजी विनय सक्सेना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना ने द्वारका के विकास के लिए व्यापक मोबिलिटी योजना तैयार करने को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत अंतिम सिरे तक संपर्क, उन्नत सार्वजनिक परिवहन और इलाके को अधिक चलने-फिरने योग्य बनाना है। एलजी ने सोमवार को एकीकृत यातायात एवं परिवहन आधारभूत ढांचा नियोजन एवं इंजीनियरिंग केंद्र (यूटीटीआईपीसी) की 66वीं बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के दौरान उन्होंने समय रेखा का कड़ाई से पालन करने और पूर्ण अंतर-एजेंसी समन्वय के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने 59 मेट्रो स्टेशनों के लिए मंजूर मल्टी-मोडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) योजना पर सफल अमल के मद्देनजर अंतर-एजेंसी समन्वय के आभाव को लेकर निराशा जताई। उन्होंने संबंधित एजेंसियों के बीच सुचारु समन्वय का निर्देश दिया जिनमें पीडब्ल्यूडी, परिवहन विभाग, एमसीडी, ट्रैफिक पुलिस और डीडीए शामिल हैं। उन्होंने प्रायोगिक आधार पर उन पांच स्टेशनों की पहचान करने के लिए कहा जहां लोगों की आवाजाही अधिक है, ताकि मंजूरी प्राप्त एमएमआई योजना पर संतोषजनक अमल हो सके। यूटीटीआईपीईसी ने द्वारका (के-दो) क्षेत्र के लिए व्यापक मोबिलिटी योजना तैयार करने को मंजूरी दे दी है।

# मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं मां चंद्रघंटा



**मां** दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए, कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए।

उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं। सिंह पर सवार इस देवी की मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने की है। इसके घंटे सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य और राक्षस कांपते रहते हैं। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा का महत्व है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियां सुनाई देने लगती हैं। इन क्षणों में साधक को बहुत सावधान रहना चाहिए। इस देवी की आराधना से साधक में वीरता और निर्भयता के साथ ही सौम्यता और विनम्रता का विकास होता है। इसलिए हमें चाहिए कि मन, वचन और कर्म के साथ ही काया को विहित विधि-विधान के अनुसार परिशुद्ध-पवित्र करके चंद्रघंटा के शरणागत होकर उनकी उपासना-आराधना करना चाहिए। इससे सारे कष्टों से मुक्त होकर सहज ही परम पद के अधिकारी बन सकते हैं। यह देवी कल्याणकारी है।

## मां चंद्रघंटा की आरती

नवरात्रि के तीसरे दिन चंद्रघंटा का ध्यान।
मस्तक पर है अर्ध चन्द्र, मंद मंद मुस्कान॥
दस हाथों में अस्त्र शस्त्र रखे खडग संग बांद।
घंटे के शब्द से हरती दुष्ट के प्राण॥
सिंह वाहिनी दुर्गा का चमके सवर्ण शरीर।
करती विपदा शान्ति हरे भक्त की पीर॥
मधुर वाणी को बोल कर सब को देती ग्यान।
जितने देवी देवता सभी करें सम्मान॥
अपने शांत सवभाव से सबका करती ध्यान।
भव सागर में फसा हूं मैं, करो मेरा कल्याण॥
नवरात्रों की मां, कृपा कर दो माँ।
जय मां चंद्रघंटा, जय मां चंद्रघंटा॥

### नवरात्र के तीसरे दिन का महत्व

अपने चंद्रघंटा स्वरूप में मां परम शांतिदायक और कल्याणकारी हैं। उनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचन्द्र है। इसलिए मां के इस रूप को चंद्रघंटा कहा जाता है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनका वाहन सिंह है। इनके दसों हाथों में अस्त्र-शस्त्र हैं और इनकी मुद्रा युद्ध की मुद्रा है। मां चंद्रघंटा तंभ साधना में मणिपुर चक्र को नियंत्रित करती है और ज्योतिष में इनका संबंध मंगल ग्रह से होता है। इनकी पूजा करने से भय से मुक्ति मिलती है और अपार साहस प्राप्त होता है।

### कैसे करें पूजन

मां चंद्रघंटा को लाल फूल चढ़ाएं, लाल सेब और गुड़ चढाएं, घंटा बजाकर पूजा करें, ढोल और नगाड़े बजाकर पूजा और आरती करें, शुत्रुओं की हार होगी। इस दिन गाय के दूध का प्रसाद चढ़ाने का विशेष विधान है। इससे हर तरह के दुखों से मुक्ति मिलती है।

### मां चंद्रघंटा के इस मंत्र का करें जाप

पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महयं चंद्रघण्टेति विश्रुता।।

# फेस्टिव सीजन में लड़कियों की पहली पसंद बनी 'गुजराती जैकेट'



**नवरात्रि** के शुरू होने के पहले ही इसके जश्न की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो जाती हैं और इसके बाद तो लगातार त्योहारों का सिलसिला बना ही रहता है। युवा लड़के-लड़कियां तो खासतौर से गरबा खेलने, गरबा देखने जाने के लिए और आने वाले सभी त्योहारों के लिए विशेष कपड़ों का चयन करते हैं, जो कम्फर्टेबल भी हो और स्टाइलिश भी।

इन नवरात्रि लड़कियों की पहली पसंद बनी है 'गुजराती जैकेट' इसकी खास वजह है कि यह शॉर्ट 'गुजराती जैकेट' कई तरीकों से पहनी जा सकती है। यह हर किसी पर खूब जंचती है। इसमें कढ़ाई से लेकर शीशे की कारीगरी आदि वैरायटी आसानी से आपके बजट के हिसाब से आपको मार्केट में मिल जाएंगी। गुजराती जैकेट इस तरह भी पहनी जा सकती है कि आप पूरी तरह ट्रेडिशनल लगें, वहीं इसे इंडो-वेस्टर्न अंदाज में भी पहना जा सकता है। इसे अलग-अलग तरीके से स्टाइल करके विभिन्न अवसरों पर पहन सकते हैं। आइए, जानते हैं 'गुजराती जैकेट' को स्टाइल करने के अलग-अलग तरीके-

**1.** यदि आपको गरबा खेलने के लिए स्टाइलिश तरीके से तैयार होना है, तो आप प्लेन ब्लाउज के ऊपर गुजराती जैकेट पहनें और कॉन्ट्रास्ट रंग का लहंगा पहनें, यह कॉम्बिनेशन खूब सुंदर लगता है।

**2.** यदि आपको गरबा खेलना है लेकिन ज्यादा हैवी पहनने का मन न हो, तब आप प्लेन व हल्के रंग के टॉप के साथ स्कर्ट पहनें। अब स्टाइलिश दिखने के लिए इस टॉप के ऊपर गुजराती जैकेट पहनें।

**3.** यदि आप केवल गरबा देखने व घूमने के हिसाब से जा रही हैं लेकिन आपको फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए थोड़ा ट्रेडिशनल दिखना है, तब आप जीन्स-टॉप व कैप्री-टॉप पहनें साथ ही प्लेन व हल्के रंग के टॉप का चयन करें, अब इस टॉप पर गुजराती जैकेट पहनें। इस लुक से आप ट्रेडिशनल और मॉडर्न एक ही समय में दिख सकती हैं।

**4.** यदि आप जीन्स-कुर्ती पहन रही हैं, तो आप हल्के या सफेद रंग की कुर्ती पर वर्क किए हुए गुजराती जैकेट पहनेंगी तो छा जाएंगी।

**5.** यदि आप पटियाला सूट पहन रही हैं, तब भी आप हल्के या सफेद रंग की कुर्ती पर गुजराती जैकेट पहन सकती हैं, यह दिखने में बहुत ही स्टाइलिश लगती है। इसके साथ आपको दुपट्टा लेने की जरूरत नहीं होगी।

# गरबा खेलने जा रही हैं तो ये हैं मेकअप टिप्स

**आम** अवसरों के मेकअप और नवरात्रि में गरबा खेलने हेतु जब आप तैयार होती हैं और मेकअप करती हैं, तो उसमें बहुत फर्क होता है। यदि आप आम दिनों की ही तरह नवरात्रि में गरबा खेलने के लिए तैयार हो जाएंगी तो गरबा खेलते हुए आपको पांडाल में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। आइए, जानते हैं कि जब आप गरबा खेलने के लिए तैयार हो रही हों, तब आपका कैसा मेकअप करना चाहिए-



- लगातार घंटों तक गरबा खेलते हुए स्वाभाविक है कि आपको पसीना बहुत आएगा, ऐसे में आपका पूरा मेकअप पसीने से खराब हो सकता है। इससे बचने के लिए आप मेकअप करने से पहले चेहरे पर आइस क्यूब रगड़ें और उसके बाद मेकअप करें।
- किसी जगह 5, तो किसी जगह 9 दिनों तक गरबे होते हैं। यदि आप गरबा खेल रही हैं तो आपको रोज ही बहुत हैवी मेकअप करना होगा, फिर गरबे के दौरान पसीना आएगा, सो अलग। इससे आपके चेहरे पर मुंहासे, रशेस व अन्य समस्या हो सकती है। इससे बचने के लिए रोजाना रात को सोने से पहले अपना मेकअप जरूर उतारें।
- केवल साबुन या फेस वॉश से धोने पर मेकअप नहीं निकलेगा। मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल जरूर करें।
- गरबों के दौरान सभी दिन अलग-अलग तरह का लुक रखें। लेकिन कोशिश करें कि डार्क रंग की लिपस्टिक ही लगाएं।
- लगातार लंबे समय तक गरबे करने का मूड हो तो आप हेयरस्टाइल में सभी दिन अलग-अलग तरह के जूड़े बना सकती हैं। इससे आपको बालों को ज्यादा संभालना नहीं पड़ेगा और सुंदर दिखेगा, सो अलग।
- छोटे बाल हैं और थोड़ी ही देर गरबा खेलने का इरादा हो, तब तो आप कोई भी हेयरस्टाइल कर सकती हैं।



# नवरात्रि की स्पेशल पोशाक, शरारा प्लाजो और धोती के कॉम्बिनेशन

वह जमाना गया, जब गरबा करते हुए केवल घाघरा-चोली व लहंगे ही पहने जाते थे। इस नवरात्रि अब युवा हर नए ट्रेंड को अपना रहे हैं। वे अब ऐसी ड्रेस खरीदना पसंद कर रहे हैं, जो उन्हें आगे भी कई दूसरे अवसरों पर काम आ सके। इसलिए वे ड्रेसेस को मिक्स और मैच करके पहनने से भी नहीं कतरा रहे हैं। कुछ पहले के रखे कपड़े तो कुछ नए खरीदकर वे अपनी एक अलग ही पोशाक बनाकर पूरी क्रिएटिविटी इस नवरात्रि दिखाने को तैयार हैं।

तो इस बार यदि आपको अपना कोई नया लुक तैयार करना है, तो आपके पास 3 बेहतर विकल्प हैं, जिन्हें कई तरह से मिक्स और मैच करके स्पेशल नवरात्रि लुक पाया जा सकता है। आप चाहे तो अलग-अलग कॉम्बिनेशन बनाकर इन्हें नवरात्रि के विभिन्न दिनों के लिए तैयारी कर सकते हैं। आइए, जानते हैं कुछ मिक्स और मैच करके बनाए जाने वाले लुक के बारे में-

### ● शरारा

इन दिनों शरारा चलन में है। आप शरारा को शॉर्ट कुर्ती व लॉन्ग कुर्ती के साथ पहन सकती हैं। ये सिंपल, सोबर से लेकर हैवी वर्क में मिल जाते हैं। जितना हैवी लुक आप रखना चाहती हैं, उसी अनुसार कुर्ती-शरारा और दुपट्टे का कॉम्बिनेशन बनाएं। दुपट्टे को अलग-अलग स्टाइल में डालने पर और विभिन्न तरह की ज्वेलरी के इस्तेमाल से आप लुक में वेरिएशन ला सकती हैं।

### ● प्लाजो

प्लाजो को भी शॉर्ट व लॉन्ग कुर्ती के साथ पहना जा सकता है। इन्हें टॉप व क्रॉप टॉप के साथ भी पहना जा सकता है।

### ● धोती

धोती को आप शॉर्ट कुर्ती, लॉन्ग कुर्ती व टॉप के साथ पहन सकती हैं। इस बार विभिन्न तरह की प्रिंट वाली धोती काफी ट्रेंड कर रही है।

# आकर्षक लुक के लिए पहनें 'लेयर्ड लहंगा'

इस फेस्टिव सीजन में आकर्षक दिखना है तो वही पहनें, जो है चलन में है...। जी हां, हम बात कर रहे हैं 'लेयर्ड लहंगे' की। यदि आपने गौर किया होगा तो आप पाएंगे कि इस बार टीवी सीरियल्स की एक्टर्स से लेकर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज तक शादी-पार्टी जैसे अवसरों के लिए लेयर्ड लहंगा पहन रही हैं। यह पैटर्न आप इस बार नवरात्रि में भी आजमा सकती हैं। लेयर्ड लहंगा भी कई डिजाइन व लेयर में मिल रहे हैं। आइए, जानते हैं लेयर्ड लहंगा के बारे में।



### लहंगे के तीन प्रकार

- **लेयर्ड लहंगा व चेन्या चोली :** इस तरह के चेन्या चोली में घाघरे व लहंगे में दो लेयर होती है। चेन्या चोली का यह पैटर्न इस फेस्टिव सीजन ट्रेंड में है।
- **मल्टी लेयर्ड लहंगा व चेन्या चोली :** आप सिंगल लेयर या मल्टीलेयर कोई भी लहंगा अपनी पसंद अनुसार इन नवरात्रि व पूरे फेस्टिव सीजन के लिए पहन सकती हैं। इस तरह के लहंगे में दो से ज्यादा लेयर होती है, जो बेहद खूबसूरत लगती है। यदि आप दुबली हैं तो इस तरह के लहंगे में आप भरी हुई लगेंगी।
- **एसिमेट्रिक लेयर्ड लहंगा व चेन्या चोली :** इस तरह के लहंगे में कई सारी एसिमेट्रिक लेयर होती है, जो बेहद आकर्षक लगती है।

# इस त्योहार पर आजमाएं फ्यूजन लुक

**अगर इस फेस्टिव सीजन के लिए कपड़ों की खरीदारी करने जा रही हैं और अपने लिए कुछ नया लाना चाहती हैं, तो फ्यूजन लुक जरूर आजमा सकती हैं।**



**त्योहारों** का मौसम लगभग आ ही गया है, ऐसे में आपने कपड़ों और अन्य जरूरी सामान की लिस्ट बनानी शुरू भी कर दी होगी। अगर इस फेस्टिव सीजन के लिए कपड़ों की खरीदारी करने जा रही हैं और अपने लिए कुछ नया लाना चाहती हैं, तो फ्यूजन लुक जरूर आजमा सकती हैं। यह ट्रेंडी होने के साथ ही दिनभर पहनने के लिहाज से कंफर्टेबल भी होगा।

आप कैसे पा सकती हैं फ्यूजन लुक, आइए जानते हैं

भीड़ से हटकर नजर आने के लिए आप मैक्सी गाउन या सिल्वर हिंट के साथ कढ़ाई व प्रिंट वाली मिडी ड्रेस इस बार पहन सकती हैं।

सिंपल और क्लासी दिखना चाहती हैं तो जंप सूट पहनें। इसके साथ नेकलेस भी पहन लेंगी तो आपका आकर्षण और भी बढ़ जाएगा।

कौन सी ड्रेस पहनें या कपड़े पहनने को लेकर ज्यादा उलझन हो, तो आप बिना सोचे प्लेन टी-शर्ट के साथ धोती-पेंट पहन लें। यह लुक सभी पर अच्छा लगता है और आपको स्टाइलिश दिखाने के लिए काफी है।

# डैथ ओवरों में गेंदबाजी बेहतर करना चाहेगी टीम इंडिया

## दो प्रमुख गेंदबाजों हार्दिक पंड्या और भुवनेश्वर की कमी खलेगी

तीन मैचों की श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आज से शुरू




एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

**दक्षिण** अफ्रीका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के जरिए भारतीय टीम टी20 विश्व कप से पहले डैथ ओवरों की अपनी गेंदबाजी बेहतर करने और बल्लेबाजों को अच्छा अभ्यास देने के इरादे से उतरेगी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि डैथ गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है। भारतीय टीम को अपने दो प्रमुख गेंदबाजों हार्दिक पंड्या और भुवनेश्वर कुमार की कमी खलेगी जिन्हें टी20 विश्व कप से पहले आराम दिया गया है।

मोहम्मद शमी अभी तक कोरोना संक्रमण से उबर नहीं सके हैं और वह तीनों मैच नहीं खेल पाएंगे। हर्षल पटेल चोट से उबरने के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में लौटे लेकिन 12 की औसत से रन दे डाले और उनका इकॉनामी रेट नौ से ऊपर रहा। विश्व कप के लिए स्टैंडबाय दीपक चाहर को पिछली श्रृंखला में मौका नहीं मिला और अब तीन मैचों में तेज गेंदबाजों को रोटेट किए जाने पर वह खेल सकते हैं। अर्शदीप सिंह से स्लॉग ओवरों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी जो जसप्रीत बुमराह का साथ देंगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैचों में पिच सपाट रहने के बाद तीसरे मैच में टर्निंग पिच पर युजवेंद्र चहल ने अच्छी गेंदबाजी की। आस्ट्रेलिया की पिचों को ध्यान में रखते हुए चहल अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेंगे।

विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ियों को मौका देने की बात रोहित शर्मा कर चुके हैं लिहाजा आर अश्विन को अंतिम एकादश में उतारा जा सकता है। बल्लेबाजी में केएल राहुल आस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं चल सके और वह इसकी भरपाई इस श्रृंखला में करना चाहेंगे।

विराट कोहली और रोहित शर्मा फॉर्म में हैं और राहुल को भी तेज गति से रन बनाने होंगे। दिनेश कार्तिक को आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ आठ गेंद खेलने को मिली और रोहित पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें क्रीज पर अधिक समय देने की जरूरत है। विश्व कप टीम में शामिल दीपक हुड्डा कमर की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे।

### दोनों टीमें अपनी कमजोरियों पर करेंगी मेहनत

**भारत** ने घरेलू द्विपक्षीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका को हराया नहीं है। आस्ट्रेलिया में विश्व कप के ग्रुप चरण में दोनों टीमों का सामना होगा लेकिन उसमें हालात अलग होंगे। दोनों टीमें इन तीन मैचों में अपनी कमजोरियों का पता करके उन पर मेहनत कर सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी ने कहा, आस्ट्रेलिया में पिचें अलग होंगी और मैदान बड़े होंगे लेकिन गेंदबाज को हमेशा अपने प्रदर्शन पर काम करते रहना चाहिए। भारतीय बल्लेबाजों को आजमाने का यह सुनहरा मौका होगा।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेंबा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्चून, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिच क्लासेन, मार्को जानसेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एंगिडी, एनरिच नोर्किया, वेन परनेल, एंडिले फेलुकवायो, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, रिली रोसोयू, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

मैच का समय : शाम सात बजे से।





# कोहली का पावरगेम लौट रहा है : संजय मांजरेकर

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली का पावरगेम धीरे-धीरे लौट रहा है और टी20 विश्व कप से पहले वह चिर परिचित लय में आ रहे हैं। कोहली ने करीब तीन साल तक खराब फॉर्म से जूझने के बाद एक महीने का ब्रेक लिया था। वह एशिया कप में फॉर्म में लौटे और भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। इसके बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टी20 श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया।

मांजरेकर ने एक कार्यक्रम में कहा, एशिया कप के हर मैच से उन्होंने रन बनाए और सिर्फ रन ही नहीं बनाए बल्कि प्रदर्शन में सुधार भी हुआ है। मुझे लगता है कि पावरगेम लौट आया है। उसका अपने पावरगेम पर भरोसा लौट रहा है। उन्होंने कहा, एक समय था जब उसके रन बन रहे थे लेकिन पावरगेम नहीं लौट रहा था। अब वह लौट रहा है। उन्होंने कहा कि वह अच्छे चौके छक्के लगा रहे हैं जो अच्छा संकेत है। मांजरेकर ने कहा, वह अच्छी गेंदों पर चौके, छक्के लगा रहा है और यह आत्मविश्वास से आता है।

यह ऐसा खिलाड़ी है जिसका आत्मविश्वास जबर्दस्त है और इसी से वह उत्कृष्ट प्रदर्शन करता आया है लेकिन लंबे समय से रन नहीं बन रहे थे जिससे उसका आत्मविश्वास हिल गया था। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए। मांजरेकर का मानना है कि भुवनेश्वर पर अतिरिक्त बोझ था।

### कहा, भुवनेश्वर पर जरूरत से ज्यादा बोझ

**भुवनेश्वर** पर जरूरत से ज्यादा बोझ है और वह काफी क्रिकेट खेल रहा है। उसने सारे मैच खेले और इस श्रृंखला में भी। उसे ब्रेक की जरूरत है जिसके बाद वह तरोताजा होकर खेलता है। उन्होंने कहा, हर्षल पटेल की अपनी सीमाएं हैं। भारत को तीसरे तेज गेंदबाजी विकल्प के लिए और विकल्प आजमाने चाहिए। मोहम्मद शमी भी एक विकल्प है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरमनप्रीत आईसीसी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर



**दुबई।** इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ियों की रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंच गई। इंग्लैंड को 3-0 से हराने के बाद भारतीय खिलाड़ियों की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। हरमनप्रीत ने दूसरे मैच में 111 गेंद में नाबाद 143 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। मंधाना एक पायदान चढ़कर छठे और शर्मा आठ पायदान चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गई। पूजा वस्त्राकर चार पायदान चढ़कर 49वें स्थान पर है और हरलीन देयोल 46 पायदान चढ़कर 81वें स्थान पर है। रेणुका सिंह 35 पायदान चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गई है। झूलन गोस्वामी पांचवीं पायदान से रिटायर हुई हैं। इंग्लैंड की डैनी वियाट दो पायदान चढ़कर 21वें स्थान पर है जबकि एमी जोंस चार पायदान चढ़कर 30वें स्थान पर है। चार्ली डीन 24 पायदान चढ़कर 62वें स्थान पर पहुंच गई है।

### इटली नेशंस लीग फाइनल में, इग्लैंड और जर्मनी ने ड्रॉ खेला

**लंदन।** लगातार दूसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी इटली फुटबॉल टीम ने हंगरी को 2-0 से हराकर नेशंस लीग फाइनल्स में जगह बना ली है। इटली के लिए जियाकोमो रासपाडोरी और फेडरिको डिमार्को ने गोल दागे। इटली, नीदरलैंड और क्रोएशिया ने अगले साल जून में नीदरलैंड में होने वाले फाइनल्स के लिए अंतिम चार में जगह बना ली है। पुर्तगाल और स्पेन में से भी एक टीम इसमें शामिल होगी, जिन्हें मंगलवार को आपस में खेलना है। इंग्लैंड और जर्मनी ने वेंबले स्टेडियम पर 3-3 से ड्रॉ खेला। इंग्लैंड पिछले छह मैचों में से एक भी जीत नहीं सका है और नेशंस लीग में निचले चरण में खिसक गया। वहीं जर्मनी ने सात में से एक ही मैच जीता है। इटली ग्रुप ए3 में 11 अंक लेकर शीर्ष पर रहा।

### पार्मा लेडीज ओपन में सक्कारी और स्टीफेंस ने जीत दर्ज की

**पार्मा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी ने यूक्रेन की कैटरीना बेंडल को 6-7, 6-2, 6-3 से हराकर पार्मा लेडीज ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सक्कारी को लाल क्लेकोर्ट के इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड मिला है। वह अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में हारने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं। अमेरिकी ओपन 2017 चैम्पियन स्लोएने स्टीफेंस ने 121वीं रैंकिंग वाली मैगडालीना फ्रेच को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया जबकि छठी वरीयता प्राप्त अना बोगडेन ने लौरा पिगोसी को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। अन्ना कैरोलीना ने रेका लुका जानी को 6-2, 6-4 से हराया।

# तीन रन से जीती दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह की टीम

## लीजेंड्स लीग में उसे पहली जीत मिली, ताएबू का अर्धशतक

एजेंसी। कटक

**दिग्गज** स्पिनर हरभजन सिंह की टीम मणिपाल टाइगर्स ने लीजेंड्स क्रिकेट लीग में पहली जीत दर्ज की है। उसने इरफान पठान की टीम भीलवाड़ा किंग्स को तीन रनों से हराया है। इस जीत से टाइगर्स की आगे बढ़ने की उम्मीदें कायम हैं।

पॉइंट टेबल में टाइगर्स के नाम चार अंक हैं। उसने कुल चार मुकाबले खेले हैं। इनमें से उसे एक में ही उसे जीत का स्वाद चखने का मौका मिला है। किंग्स की टीम के हिस्सा में तीन अंक हैं। किंग्स ने भी एक मुकाबला जीता है। कटक में सोमवार रात टाइगर्स ने 175 रन बनाए। जवाब में इरफान पठान की कप्तानी वाली किंग्स की टीम 172 रन ही बना सकी। श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलहारा फर्नांडो ने चार विकेट लेते हुए उसे ऐसा करने से रोक लिया। टाइगर्स के लिए जेसी राइडर ने 47, तातेंदा ताएबू ने 54, कोरी एंडरसन ने 24 और मोहम्मद कैफ ने 32 रन बनाए। राइडर और ताएबू ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए 64 गेंदों पर 109 रनों की साझेदारी। भीलवाड़ा किंग्स की ओर से टीनो बेस्ट ने हमेशा की तरह अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट लिए, जबकि यूसुफ को दो सफलता मिली। फिडेल एडवर्ड्स और कारिया ने एक-एक विकेट लिया।



### फर्नांडो ने दो विकेट लेकर जिताया

**अंतिम** ओवर में किंग्स को जीत के लिए नौ रनों की जरूरत थी। फर्नांडो ने पहली ही गेंद पर बिश्नोई को कैफ के हाथों कैच करा दिया। अब टीनो बेस्ट और टिम ब्रेस्नन विकेट पर थे। बेस्ट ने तीसरी गेंद पर बाहरी किनारे के तौर पर दो रन लिए। अब तीन गेंदों पर छह रन चाहिए थे। फर्नांडो ने बेस्ट को बोल्ड कर इसकी संभावना लगभग खत्म कर अपनी टीम की पहली जीत सुनिश्चित की। इससे पहले उनके 18वें ओवर की पहली गेंद पर यूसुफ ने छक्का लगाया। फिर इरफान ने चौथी गेंद पर एक और छक्का लगाया।

# टॉप 50 खिलाड़ियों में जगह बनाने को फिट रहना जरूरी : तसनीम मीर

## 17 साल की इस खिलाड़ी ने छत्तीसगढ़ इंटरनेशनल चैलेंज जीता

एजेंसी। रायपुर

**भारत** की किशोर बैडमिंटन खिलाड़ी तसनीम मीर का मानना है कि सीनियर सर्किट में दुनिया के टॉप 50 खिलाड़ियों में जगह बनाने के लिए उन्हें अपनी फिटनेस पर काम करने की जरूरत है ताकि वह एशियाई खिलाड़ियों की गति और ताकत की बराबरी कर सकें। गुजरात के मेहसाणा की 17 साल की इस खिलाड़ी ने रविवार को छत्तीसगढ़ इंटरनेशनल चैलेंज जीता और अब वह 29 सितंबर से शुरू होने वाले राष्ट्रीय खेलों के प्रमुख आकर्षणों में से एक होंगी।

तसनीम ने कहा, 'मुझे अपनी फिटनेस पर काम करना है। मैं अपनी रैली और ताकत पर काम कर रही हूं क्योंकि मुझे पता है कि एशियाई खिलाड़ी रैली, ताकत और गति में बहुत अच्छे हैं।' जूनियर रैंकिंग में दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी रह चुकीं तसनीम ने कहा कि उनका लक्ष्य सीनियर स्तर पर टॉप 50 और फिर टॉप 20 खिलाड़ियों में शामिल होना है। उन्होंने कहा, 'मेरा ध्यान अपनी रैंकिंग में सुधार करने पर है। मेरा लक्ष्य टॉप 50 में शामिल होना है ताकि मैं बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में टक्कर दे सकूं। मुझे उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए और फिर टॉप 20 में शामिल होने के लिए अपने खेल को उस लायक बनाना होगा।' तसनीम राष्ट्रीय खेलों में अपने घरेलू दर्शकों के सामने प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं।




# भारत में नई गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा: बावुमा

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

**दक्षिण** अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले कहा कि उनकी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी के शुरुआती ओवरों में स्विंग होती तेज गेंदों का सामना करने की होगी। बावुमा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में हार का सामना करने के बाद तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला को 2-1 से जीतने पर भारतीय टीम की तारीफ की। ऑस्ट्रेलिया में अगले महीने से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले यह श्रृंखला दोनों देशों के लिए काफी अहम है। बावुमा ने श्रृंखला की शुरुआत की पूर्व संध्या पर कहा, (भारत में) नई गेंद के गेंदबाजों का सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा। वे गेंद को काफी अधिक स्विंग कराते है। हम दक्षिण अफ्रीका में जिन परिस्थितियों के आदी है यहां भारतीय गेंदबाज उससे ज्यादा गेंद को स्विंग कराते है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालांकि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज ज्यादा प्रभावित नहीं कर सके। तीसरे टी20 मैच में जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार ने सात ओवर में 79 रन लुटाए। इस श्रृंखला में आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल बुरी से तरह से विफल रहे। बावुमा ने कहा, हमे यहां सफल होने के लिए शुरुआती ओवरों में विकेट गंवाने से बचना होगा। भुवनेश्वर और बुमराह जैसे गेंदबाज नई गेंद से हमेशा मुश्किल चुनौती पेश करेंगे। इस श्रृंखला के भुवनेश्वर को विश्राम दिया गया है। ऐसे में तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी बुमराह, उमेश यादव, हर्षल और अर्शदीप सिंह पर होगी। विराट कोहली के लय में आने और रोहित शर्मा की तेज शुरुआत से भारतीय बल्लेबाजी हालांकि मजबूत दिख रही है। बावुमा ने कहा, रोहित और विराट बड़े नाम है। उनके साथ भी टीम में कई और अच्छे खिलाड़ी है। आप देख चुके है कि उन्होंने कैसे अपने प्रदर्शन से टीम का आत्मविश्वास बढ़ाया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने कहा, हम भारत के खिलाफ खुलकर खेलेंगे। हम सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। आप उन लोगों से टीम में काफी आत्मविश्वास और एक्स-फैक्टर लाने की उम्मीद करते हैं।




# विश्व चैंपियन कार्लसन ने नीमैन पर धोखेबाजी का आरोप लगाया

एजेंसी। नई दिल्ली



शतरंज के आयोजकों के लिए बताया एक संभावित खतरा

**शतरंज** विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने साथी ग्रैंडमास्टर हेन्स नीमैन पर उन्होंने जितना स्वीकार किया उससे अधिक धोखेबाजी करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह ऐसे किसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ नहीं खेलेंगे जो इस तरह के गलत काम में लिप्त हो।

कार्लसन ने देर रात बयान जारी किया जिसके एक हफ्ते पहले वह जूलियस बेयर जेनरेशन कप में इस अमेरिकी के खिलाफ सिर्फ एक चाल के बाद मुकाबले से हट गए थे। इससे पहले नौवें के 31 साल के कार्लसन नीमैन के खिलाफ हैरान करने वाली हार के बाद सेंट लुई में सिंकफील्ड कप से भी हट गए थे।

कार्लसन ने लिखा, मेरा मानना है कि नीमैन ने हाल के समय में बहुत अधिक धोखेबाजी की है, जितना उसने सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है उससे भी अधिक। उन्होंने कहा, उसकी प्रगति असामान्य रही है और सिंकफील्ड कप में हमारी बाजी के दौरान मुझे यह अहसास हुआ कि वह बिलकुल भी तनाव में नहीं है और यहां तक कि अहम लम्हों पर खेल पर पूरी तरह से ध्यान भी केंद्रित नहीं कर रहा था। उसने काले मोहरों से खेलते हुए मुझे ऐसे हराया जैसे बहुत कम लोग कर सकते हैं। कार्लसन ने कहा, इस बाजी से मेरा नजरिया बदल गया। नीमैन ने इससे पहले स्वीकार किया था कि उन्होंने चेस.कॉम पर दो बार धोखेबाजी की। एक बार जब वह 12 साल के थे और दूसरी बार जब वह 16 साल के थे। उन्होंने हालांकि मुकाबले के दौरान धोखेबाजी से इनकार किया।

कार्लसन ने लिखा, मेरा मानना है कि शतरंज में धोखा देना एक बड़ी बात है और खेल तथा शतरंज के आयोजकों के लिए एक संभावित खतरा है और उन सभी के लिए जो खेल की पवित्रता की परवाह करते हैं। उन्हें सुरक्षा उपायों और धोखाधड़ी का पता लगाने के तरीकों को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। विश्व चैंपियन कार्लसन ने स्पष्ट किया कि वह नीमैन के खिलाफ या धोखा देने वाले किसी अन्य खिलाड़ी के खिलाफ खेलने के इच्छुक नहीं हैं।

# शुभमन गिल ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक

एजेंसी। होव

**भारतीय** बल्लेबाज शुभमन गिल ने मंगलवार को यहां ग्लेमोर्गन की तरफ से ससेक्स के खिलाफ 119 रन की लाजवाब पारी खेली जो काउंटी चैंपियनशिप डिविजन दो में उनका पहला शतक है।

गिल ने सुबह 91 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और दूसरे दिन के आठवें ओवर में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सीन हंट पर दो रन लेकर अपने प्रथम श्रेणी करियर का आठवां शतक पूरा किया।



इस 23 वर्षीय भारतीय बल्लेबाज ने ऑफ स्पिनर जैक कार्सन की गेंद पर कैच थमाने से पहले 139 गेंदें खेली तथा 16 चौके और दो छक्के लगाए। ग्लेमोर्गन के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरने पर गिल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए। उनकी शानदार पारी से ग्लेमोर्गन ने पहले दिन तीन विकेट पर 221 रन बनाए थे। गिल जब आउट हुए तो उसका स्कोर पांच विकेट पर 277 रन था।

गिल का यह काउंटी चैंपियनशिप में तीसरा मैच है। उन्होंने पहले मैच में वारिस्टरशर के खिलाफ 92 रन बनाए थे जबकि मिडिलसेक्स के खिलाफ दूसरे मैच में वह 22 और 11 रन ही बना पाए थे।

### पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर ने दिया बयान, बोले

# कोहली और बाबर आजम को पीछे छोड़ सकते हैं सूर्यकुमार

दानिश कनेरिया ने कहा, सूर्यकुमार का तीसरे टी20 में प्रदर्शन शानदार रहा

एजेंसी। नई दिल्ली

**पाकिस्तान** के पूर्व लेग स्पिनर दानिश कनेरिया ने भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की तारीफ की है। कनेरिया का मानना है कि सूर्यकुमार यादव में आने वाले वर्षों में विराट कोहली और बाबर आजम को पीछे छोड़ने की क्षमता है। सफेद गेंद वाले क्रिकेट में सबसे महान बल्लेबाजों में से एक के रूप में स्थापित करने की क्षमता है। कनेरिया ने आगे कहा कि सूर्यकुमार इस समय अच्छे बल्लेबाजों में से एक हैं।






कनेरिया ने ऐसा इसलिए भी कहा है, क्योंकि सूर्यकुमार यादव पिछले कई महीनों में भारत की बल्लेबाजी की आधारशिला रहे हैं। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में अपने देश के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सूर्यकुमार पहले ही बाबर आजम को पछाड़ चुके हैं और टी20आई बल्लेबाजी रैंकिंग में 780 अंकों के साथ नंबर तीन पर विराजमान हैं, जो पाकिस्तान के कप्तान से नौ रैंटिंग प्वाइंट्स अधिक हैं। बाबर आजम इस साल की शुरुआत तक शीर्ष रैंकिंग पर थे।

दानिश कनेरिया ने सोशल मीडिया पर कहा, मैं काफी समय से यह कह रहा हूं, सूर्यकुमार यादव सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। उनके 360 डिग्री प्रदर्शनों की सूची के साथ, मैं कहूंगा कि वे आगे जाएंगे। वह जिस तरह से बल्लेबाजी करते हैं, ऐसा लगता है कि वह खुद का नाम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। तीसरे टी20 में उनका प्रदर्शन शानदार रहा। उनके पास खेलने का एक अलग तरीका है और वह निश्चित रूप से एक बहुत बड़ा खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। वह जिस तरह से बल्लेबाजी करते हैं, वह लोगों को अन्य सभी महान बल्लेबाजों को भूल जाने पर मजबूर कर देंगे। हां, कोहली काफी रन बनाएंगे और बाबर कोहली सफल होंगे, लेकिन सूर्यकुमार यादव सबको पीछे छोड़ देंगे।

### विराट कोहली की सराहना की

**कनेरिया** ने भारत के सीनियर बैटर विराट कोहली की भी सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के साथ चर्चा करके बहुत अच्छा काम किया। उन्होंने कहा, बहुत सारे लोग कहते रहे हैं कि विराट कोहली के खिलाफ एडम जैम्पा अच्छे हैं, लेकिन कोहली इस बार उनके खिलाफ रन बनाने में सफल रहे। वह असाधारण थे, जबकि रोहित शर्मा और केएल राहुल जल्दी आउट हो गए, लेकिन कोहली और यादव ने टीम को स्थिर कर दिया, जिससे मौके का फायदा उठाया। कोहली ने यादव का अच्छी तरह से मार्गदर्शन किया और उनके बीच एक स्पष्ट समझ थी। इन दोनों बल्लेबाजों के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था।